सूर्योदय 6:18 सूर्यास्त 5:58

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 13.6 न्यू | 24.0 अधि |
| धर्मशाला | 15.0 न्यू | 28.6 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81050.00 |
| निफ्टी | 24795.75 |
| सोना | 77,450 |
| चांदी | 94,553 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



दिग्गज जिम्नास्ट दीपा कर्माकर ने संन्यास की घोषणा की

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 8 अक्तूबर 2024 | 23 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 292, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## षष्टम मां कात्यायनी



**छठे** नवरात्र पर मां कात्यायनी की पूजा की जाती। देवी कात्यायनी को महिषासुर मर्दनी के नाम से भी जाना जाता है। यह देवी का कन्या स्वरूप है, जो अपने भक्त ऋषि कात्यायन की मुराद पूरी करने के लिए पुत्री रूप में प्रकट हुई थीं। नवरात्र में देवी कात्यायनी की पूजा के साथ ही नवरात्र का उत्सव जोर पकड़ने लगता है। पूजा पंडालों में इस दिन से विशेष पूजा का आरंभ हो जाता है। मां कात्यायनी का शरीर सोने जैसा सुनहरा और चमकदार है। मां 4 भुजाधारी और सिंह पर सवार हैं। एक हाथ में तलवार और दूसरे हाथ में कमल का पुष्प धारण किया हुआ है। अन्य दो हाथ वरमुद्रा और अभयमुद्रा में हैं। यह देवी माता के स्नेह और शक्ति का सम्मिलित रूप हैं।

कंचनाभा वराभयं पद्मधरां
मुकटोज्जवलां।
स्मेरमुखीं शिवपत्नी कात्यायनी
नमोस्तुते॥

# जेएंडके और हरियाणा विधानसभा चुनावों की आज होगी काउंटिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**जम्मू**-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अब सभी को नतीजों का इंतजार है। दोनों ही राज्यों में विधानसभा चुनाव के परिणाम 8 अक्तूबर को आएंगे।

वोटों की गिनती सुबह 8 बजे से शुरू होगी। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती होगी। इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में दर्ज वोटों की काउंटिंग की जाएगी। जम्मू-कश्मीर में पहली अक्तूबर को 90 विधानसभा सीटों पर आखिरी चरण की वोटिंग पूरी हुई थी। 18 सितंबर को पहले और 25 सितंबर को दूसरे चरण का मतदान हुआ था। अनुच्छेद-370 हटने के बाद यहां पहली बार चुनाव हुए हैं। हरियाणा में 5 अक्तूबर को विधानसभा चुनाव के लिए सभी 90 सीटों पर वोटिंग हुई थी। इस बार हरियाणा में कांग्रेस ने सीपीएम के साथ मिलकर 90 सीटों पर चुनाव लड़ा और एक सीट सीपीएम को दी है। वहीं, भाजपा ने 89 सीटों पर चुनाव लड़ा है। इसके अलावा आम आदमी पार्टी ने सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ा है।

### भाजपा का दावा: तीसरी बार बनाएंगे सरकार कांग्रेस को है 60 सीटें जीतने की उम्मीद

**भाजपा** ने दावा किया है कि लगातार तीसरी बार वह हरियाणा की सत्ता में लौटेगी। हालांकि, एग्जिट पोल के अनुमान दावा कर रहे हैं कि राज्य में दस साल बाद कांग्रेस की सत्ता में वापसी हो सकती है। वहीं, कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा ने कहा कि लोग पिछले 10 सालों में भाजपा के शासन से परेशान थे। हमें यकीन है कि कांग्रेस इस बार 60 सीटें जीतेगी।

## जय मां बज्रेश्वरी



पांचवें नवरात्र पर मां बज्रेश्वरी मंदिर में सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। लाइनों में लगकर मां के जयकारे लगाते हुए दर्शन करते भक्तजन। फोटो : आशीष दमीर

## दो अमेरिकी वैज्ञानिकों को मिलेगा नोबेल पुरस्कार



विक्टर एंब्रोस गैरी रुवकुन

**स्टॉकहोम।** माइक्रो आरएनए की खोज के लिए अमेरिकी वैज्ञानिकों विक्टर एंब्रोस और गैरी रुवकुन को चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। नोबेल असेंबली ने कहा कि इन वैज्ञानिकों की खोज जीवों के विकास और कार्यप्रणाली के लिए मौलिक रूप से महत्वपूर्ण साबित हो रही है। चिकित्सा क्षेत्र में अब तक कुल 227 विजेताओं को नोबेल पुरस्कार दिया गया है, जिनमें से केवल 13 महिलाओं को यह पुरस्कार मिला है।

## लैंड फॉर जॉब घोटाला केस में लालू व बेटों को जमानत



**पटना।** लैंड फॉर जॉब घोटाला मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके बेटों और पार्टी नेताओं तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव को जमानत दे दी है। उन्हें 1-1 लाख रुपए के जमानत बांड पर जमानत दी गई है। अगली सुनवाई 25 अक्तूबर को होगी। सीबीआई ने 3 जुलाई को लालू प्रसाद, राबड़ी देवी और उनके बेटे और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

## संजीव फ्रांस और अजीत जर्मनी में राजदूत नियुक्त



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ राजनयिक संजीव कुमार सिंगला को फ्रांस और वरिष्ठ राजनयिक अजीत विनायक गुप्ते को जर्मनी में भारत का राजदूत नियुक्त किया है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने दी। संजीव वर्तमान में इसराइल में भारत के राजदूत हैं। वहीं, अजीत विनायक अभी मिस्र में भारत के राजदूत हैं।

## दिल्ली में कांग्रेस 23 को करेगी न्याय यात्रा शुरू

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की न्याय यात्रा 23 अक्तूबर से दिल्ली से शुरू होगी। यात्रा में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी हिस्सा लेंगे। त्योहारों के मद्देनजर यह यात्रा चार चरणों में शुरू होगी, जो 23 अक्तूबर से शुरू होकर 28 नवंबर को समाप्त होगी। पहले चरण के तहत यह यात्रा 23 से 28 अक्तूबर तक होगी। इसके बाद 4 से 10 नवंबर, फिर 12 से 18 नवंबर और आखिरी चरण में 20 से 28 नवंबर तक होगी।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- बैहल गोलीकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार -पेज 2
- सरकार जनता की उपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाई : लखनपाल -पेज 6
- शीतला मंदिर में सोने के नेत्र और तीन छत्र ले उड़े चोर -पेज 11
- भगवान 'आप' के साथ है, डरने की कोई जरूरत नहीं: केजरीवाल -पेज 13
- भारत ने पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में टीम स्वर्ण जीता -पेज 14


# आंख दिखाने वाले मालदीव ने भारत से किए रिश्ते मजबूत

## दोनों देशों के बीच 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर के मुद्रा विनिमय समझौते

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**आंख** दिखाने वाले मालदीव ने आखिर चीन से प्रभाव से मुक्ति पाकर भारत से अपने रिश्ते पुन: मजबूत कर लिए। भारत ने भी मालदीव की झोली भरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भारत दौरे पर आए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के तेवर काफी बदले हुए नजर आए। मालदीव ने भारत की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए दोनों देशों ने कई अहम समझौते किए हैं।

भारत और मालदीव ने सोमवार को 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर के मुद्रा विनिमय समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह कदम द्वीपीय देश को विदेशी मुद्रा भंडार की समस्याओं से उबरने में मदद करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने मालदीव में रुपे कार्ड लांच करने के साथ हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नए रनवे का उद्घाटन किया। चार दिवसीय राजकीय यात्रा पर आए मुइज्जू ने हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी के साथ बातचीत की। बता दें कि भारत और मालदीव के बीच पिछले साल संबंधों में तनाव बढ़ गया था। चीन समर्थक कहे जाने वाले मुइज्जू ने पिछले साल 'इंडिया आउट' अभियान के तहत राष्ट्रपति चुनाव जीता था और भारत से इस साल मई तक अपने देश में तैनात अपने सैन्यकर्मियों को वापस बुलाने को कहा था। द्विपक्षीय संबंधों में तब भी खटास आई, जब मालदीव के मंत्रियों ने पीएम मोदी को लेकर कई विवादित बयान दिए। हालांकि, मुइज्जू ने तब से अपने भारत विरोधी रुख को नरम कर दिया है और यहां तक कि उन मंत्रियों को बर्खास्त भी कर दिया है।



भारत यात्रा पर आए मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू का स्वागत करते प्रधानमंत्री मोदी।

### ग्रेटर माले कनेक्टिविटी परियोजना में आएगी तेजी

भारत ने इसी के साथ मालदीव को एक्जिम बैंक की क्रेता ऋण सुविधाओं के तहत निर्मित 700 सामाजिक आवास इकाइयां भी सौंपीं। पीएम मोदी ने कहा कि आज कई समझौते हुए हैं और अब ग्रेटर माले कनेक्टिविटी परियोजना में भी तेजी लाई जाएगी। हम थिलाफुशी में एक नए वाणिज्यिक बंदरगाह के विकास का भी समर्थन करेंगे।

### मुक्त व्यापार समझौते पर की चर्चा

**मोदी** ने कहा कि भारत और मालदीव ने आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने मालदीव को एक 'घनिष्ठ मित्र' बताया, जिसका भारत की पड़ोस नीति और सागर विजन में महत्वपूर्ण स्थान है। मोदी ने कहा कि भारत ने हमेशा एक पड़ोसी की जिम्मेदारियों को पूरा किया है। आज हमने अपने आपसी सहयोग को एक रणनीतिक दिशा देने के लिए एक व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के विजन को अपनाया है।

# आईजीएमसी में दो माह में लगेगी कैंसर स्कैन मशीनः सीएम सुक्खू

## कैंसर केयर सेंटर के नए ब्लॉक का किया शुभारंभ, आज से शुरू होगी ओपीडी



आईजीएमसी के टर्सरी कैंसर केयर सेंटर के नए ब्लॉक का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को आईजीएमसी के टर्सरी कैंसर केयर सेंटर के नए ब्लॉक का शुभारंभ किया। मंगलवार से मरीजों को यहां पर ओपीडी सेवाएं मिलना शुरू हो जाएंगी।

पांच मंजिला इस ब्लॉक को बनाने के लिए 13.50 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। अस्पताल जाने वाली मुख्य सड़क के साथ बनी चौथी मंजिल की नई ओपीडी में प्रवेश करते ही मरीजों को उपचार मिलना शुरू हो जाएगा। भवन में मरीजों की सुविधा के लिए इंक्वायरी काउंटर, आयुष्मान और हिमकेयर काउंटरों की सुविधा भी उपलब्ध की गई है। कैंसर रोगियों के लिए बिस्तरों की क्षमता 20 से बढ़ाकर 65 की गई है। वहीं, मुख्यमंत्री ने पुरुष और महिला वार्डों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों को बेहतर सुविधा देने के निर्देश जारी किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो महीनों के भीतर कैंसर अस्पताल में पीईटी-सीटी स्कैन मशीन की सुविधा मिलने शुरू हो जाएगी, जिसके लिए 20 करोड़ रुपए जारी किए हैं। 7.77 करोड़ की लागत की एक सीटी सिम्युलेटर मशीन स्थापित की जा चुकी है। 24 करोड़ की लागत की एक एलआईएनएसी मशीन स्थापित की जाएगी, जिसे 25 जनवरी 2025 तक शुरू कर दिया जाएगा। सीएम ने कहा कि सरकार उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य कर रही है। चिकित्सक-रोगी और नर्स-रोगी अनुपात में सुधार के लिए वैश्विक मानकों को पूरा करने के लिए डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती की जा रही है। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल, मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी, विधायक हरीश जनारथा, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, उपमहापौर उमा कौशल आदि उपस्थित रहे।

# अब कुल्लू अस्पताल में बच्चों के सुनने की क्षमता का होगा टेस्ट

## सुंदर ठाकुर ने किया ब्रेन इवोक्ड रिस्पांस ऑडिटरी मशीन का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**



**कुल्लू** के जिला मुख्यालय में स्थित क्षेत्रीय अस्पताल में अब छोटे बच्चों की सुनने की क्षमता का टेस्ट करने के लिए जिले से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर ने सोमवार को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में कान के सुनने की क्षमता को मापने वाली ब्रेन इवोक्ड रिस्पांस ऑडिटरी (बेरा) मशीन का शुभारंभ किया।

इससे पहले यह सुविधा शिमला, चंडीगढ़ और टांडा मेडिकल कॉलेज में थी। ऐसे में अभिभावकों को बाहर का रुख करना पड़ता था। कुल्लू के क्षेत्रीय अस्पताल में यह सुविधा शुरू होने से मंडी, लाहौल-स्पीति व पांगी से आने वाले मरीजों को लाभ मिलेगा। सीपीएस सुंदर सिंह ने कहा कि छोटे बच्चों की सुनने की क्षमता का टेस्ट करने के लिए अब यहां सुविधा मिलेगी।

# बंगाल के बीरभूम में कोयला खदान में विस्फोट, 7 की मौत



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में सोमवार को एक कोयला खदान में विस्फोट होने से सात लोगों की मौत हो गई, जबकि सात घायल हुए हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि चार शव बरामद किए हैं और बचाव अभियान जारी है। डब्ल्यूबीपीडीसीएल के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट उस समय हुआ जब गंगारामचक और गंगारामचक-भदुलिया कोयला खदानों में विस्फोट करने के लिए डेटोनेटर ले जाए जा रहे थे। भाजपा विधायक अनूप साहा ने कहा कि कम से कम पांच लोगों की मौत हुई है और तीन अन्य घायल हैं। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। विस्फोटक सामग्री को पर्याप्त सावधानी बरते बिना ट्रक से उतारा गया था।

**समीक्षा** गृह मंत्री ने नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ की बैठक

# शाह का दावा- नक्सलवाद से मुक्ति 2026 तक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**गृह** मंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सल प्रभावित एरियों में नक्सलवाद के खात्मे के लिए अंतिम प्रहार किया जाएगा और हम 2026 नक्सलवाद को खत्म कर देंगे।

गृह मंत्री ने सोमवार को नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की। बैठक में बिहार, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, ओडिशा, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शामिल हुए। वहीं, आंध्र प्रदेश और झारखंड के मुख्यमंत्रियों की जगह उनके प्रतिनिधि के रूप में मंत्रियों ने भाग लिया। शाह ने कहा कि नक्सलवाद को देश से खत्म किया जा रहा है और 2026 तक पूरी तरह से खत्म कर देंगे।



नक्सलवादियों को मुख्य धारा में लौटना होगा। नक्सल प्रभावित इलाकों में सड़क और मोबाइल नेटवर्क बढ़ाने पर काम हो रहा है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र विकास की राह पर हैं। बैठक में नक्सल विरोधी अभियानों और प्रभावित क्षेत्रों में की गई विकास पहलों पर चर्चा की गई।

### गृह मंत्री बोले- अंतिम चरण में लड़ाई

**शाह** ने कहा कि 30 साल के बाद पहली बार वामपंथी उग्रवाद से मरने वाले लोगों की संख्या 100 से कम रही है। एलडब्ल्यूई से लड़ाई अब अपने अंतिम चरण में है। 2026 मार्च तक यह देश इस दशकों पुरानी समस्या से मुक्ति पा लेगा। एलडब्ल्यूई का 85 फीसदी कैडर की ताकत छत्तीसगढ़ में सिमट कर रह गई है। 12 हेलिकॉप्टर 6 बीएसएफ और 6 एयरफोर्स के जवानों को बचाने के लिए तैनात हैं।

### हिंसा की घटनाओं में आई 53 फीसदी की कमी

**अमित** शाह ने बताया कि हिंसा की घटनाओं में करीब 53 फीसद की कमी आई है। नक्सली हिंसा से प्रभावित जिलों की संख्या 96 की जगह अब 42 हो गई है। इन 42 जिलों में से 21 जिले नए बने हैं यानी करीब 16 जिले ही नक्सल हिंसा से प्रभावित हैं। छत्तीसगढ़ की सफलता हम सबके लिए उत्साह भरी प्रेरणा लाई हा। एलडब्ल्यूई के खिलाफ छत्तीसगढ़ सरकार ने एक विशेष अभियान चलाया है।

**केंद्र सरकार करेगी हरसंभव सहायता :** शाह ने कहा कि केंद्र सरकार नक्सलवाद से प्रभावित राज्य सरकारों को इस खतरे से लड़ने में हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है। शाह ने पिछली बार छह अक्तूबर, 2023 को प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ नक्सलवाद पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की थी।



## न्यूज ब्रीफ

### केंद्रीय छात्र परिषद ने ली पद और गोपनीयता की शपथ



**अनंत ज्ञान, नेरवा/चौपाल।** राजकीय महाविद्यालय नेरवा में नवगठित केंद्रीय छात्र परिषद के लिए शपथ समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के प्राचार्य डॉ. हरबंस लाल शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह का विधिवत शुभारंभ मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्जवलन और छात्रों द्वारा पेश सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि द्वारा एमए इंग्लिश की छात्रा प्रिया को अध्यक्ष, बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र पारस को उपाध्यक्ष, बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा अंजली को सचिव तथा बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा साक्षी को संयुक्त सचिव के पद पर पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कक्षा प्रतिनिधि के रूप में जागृति , शिवानी, कुमारी परीक्षा, भागवती, साहिल कुमार, अंजली मनोज कुमार, मीनाक्षी, युवराज कराल्टा को उनके पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। विभाग प्रतिनिधियों में हैरी भीमटा, राकेश कुमार, मोनिका चोवालटा, शालू व ज्योति एवं अन्य सदस्यों में नितीश, प्रियंका, अर्जुन चौहान, प्रकृति, साहिल, शीतल, अजय, सोनल, रोहित व अंजली ठाकुर को उनके पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई ।

### गुल्लक टीम के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से की भेंट



**अनंत ज्ञान, शिमला।** मध्य प्रदेश की गुल्लक टीम के सदस्यों यशपाल परमार, जतिन परमार, राज कुमार परमार और जीया परमार ने मुख्यमंत्री सुक्खू से उनके आधिकारिक आवास पर भेंट की। इस अवसर पर टीम ने उन्हें मुख्यमंत्री सुखाश्रय कोष के लिए एक प्रतीकात्मक गुल्लक भेंट किया। मुख्यमंत्री ने गुल्लक टीम के इस उदार अंशदान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह धनराशि प्रदेश सरकार द्वारा 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में गोद लिए गए अनाथ बच्चों की सहायता के लिए समर्पित की जाएगी।

### दशहरा मेला जुन्गा के मैदान की होगी खुली बोली

**जुन्गा (शिमला)** । जिला स्तरीय दशहरा मेला जुन्गा के मेला मैदान की खुली बोली की जाएगी। इसके अतिरिक्त स्टार नाईट के लिए कलाकारों, ऑरकेस्ट्रा, टैंट, कुर्सी, सांउड एंड लाईट के लिए भी निविदाएं आमंत्रित की गई है । तहसीलदार जुन्गा एवं मेला अधिकारी नरायण सिंह वर्मा ने बताया कि इन दोनों कार्य के लिए 9 अक्तूबर को दोपहर बाद तहसील कार्यालय जुन्गा में निविदाएं मेला समिति के समक्ष खोली जाएगी। सहमति न बनने पर मेला अधिकारी द्वारा मेला मैदान की खुली बोली की जाएगी जिसमें अंतिम फैसला मेला समिति का होगा । अपनी निविदाएं तहसील कार्यालय में 9 अक्तूबर से पहले जमा करवाएं । 9 अक्तूबर को दोपहर बाद निविदाएं मेला समिति के समक्ष खोली जाएगी ।

### सुरक्षित निर्माण प्रथाओं पर किया नुक्कड़ नाटक



**अनंत ज्ञान, शिमला।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण शिमला द्वारा ऐतिहासिक गेयटी थिएटर में आपदा जोखिम न्यूनीकरण के अंतरराष्ट्रीय दिवस समर्थ 2024 के उपलक्ष में सुरक्षित निर्माण प्रथाओं पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें शिमला शहर के 11 स्कूलों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पहला स्थान पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टुटू, दूसरा स्थान राजकीय आदर्श छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लालपानी और तीसरा स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अनाडेल ने प्राप्त किया, जिन्हे निर्णायकों ने सम्मानित किया।

### रामलाल ने किया खेड़ा संपर्क मार्ग का उद्घाटन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने ग्राम पंचायत के गांव खेड़ी में संपर्क सड़क का विधिवत उद्घाटन किया। बहुत लंबे समय से स्थानीय जनता की यह मांग लंबित थी। राम लाल ठाकुर के व्यक्तिगत तौर पर हस्तक्षेप से स्थानीय राजनीति से प्रभावित इस सड़क मार्ग के निर्माण संभव करवाया। इस सड़क के बनने से स्थानीय जनता को लाभ मिलेगा। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विकास ठाकुर भी इस कार्यक्रम में शामिल रहे। इस मौके पर स्थानीय पंचायत की प्रधान सरित, राणा हरनेक सिंह, प्रभात चंदेल, मुकेश शर्मा, जिला परिषद की सदस्य पूजा रानी, संदीप चौधरी, युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष चौधरी गुरनाम सिंह, गुरमैल सिंह, बीडीसी सदस्य प्यारा सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

### समावेशी खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** स्पेशल ऑलंपिक भारत हिमाचल प्रदेश एवं समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय समावेशी खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छात्र बिलासपुर में किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन डॉ. मल्लिका नड्डा द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश के 12 जिलों से 60 प्रशिक्षु भाग लेने आए है। एकता झा ज्वाइंट डायरेक्टर स्पोर्ट्स स्पेशल ऑलंपिक भारत, विक्रम सिंह एरिया डायरेक्टर स्पेशल ऑलंपिक दिल्ली, कलश कौशल सीनियर मैनेजर स्पेशल ऑलंपिक भारत, खुशी ग्रोवर एसिसटेंट मैनेजर स्पेशल ऑलंपिक भारत बतौर प्रशिक्षक उपस्थित रहे। इस अवसर पर राकेश मनकोटिया प्रधानाचार्य डाइट बिलासपुर, श्याम लाल प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छात्र बिलासपुर, कश्मीर सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष स्पेशल ऑलंपिक हिमाचल प्रदेश, पुष्पराज आईईडी समन्वयक बिलासपुर, अनूप कुमार शर्मा समन्वयक स्पेशल ओलंपिक बिलासपुर व विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

### जनता को गुमराह कर रही कांग्रेसः गर्ग



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने प्रदेश सरकार के मंत्री राजेश धर्माणी एवं अन्य मंत्रियों पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार एक हाथ से केंद्र सरकार से मदद ले रही है और दूसरे हाथ से केंद्र सरकारमदद न मिलने के आरोप लगाकर फेल सरकार के ऊपर पर्दा डाल कर प्रदेश की जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। उन्होंने प्रेस को जारी बयान में कहा बिलासपुर सदर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा में सदन के नेता, केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा भी एवं पर हल्की बयानबाजी करके स्वयं ही हंसी के पात्र बन रहे हैं। उन्होंने बंबर ठाकुर से कहा कि अपनी कद काठी देखकर ही है बयानबाजी करें। उन्होंने कहा कि जगत प्रकाश नड्डा के कड़ी मेहनत, दूरदृष्टि के कारण ही आज जिला बिलासपुर में एम्स, हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज, फोरलेन और युद्ध स्तर पर चला हुआ रेलवे का कार्य देश और विश्व के मानचित्र पर विकास की दृष्टि से अंकित हुआ है। जिला बिलासपुर और प्रदेश तथा आज आधा पंजाब जब किसी शारीरिक समस्या के कारण एम्स में आता है तो लोग जगत प्रकाश नड्डा को लाख लाख आशीर्वाद देकर जाते है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद एवं जगत प्रकाश नड्डा की कड़ी मेहनत एवं कुशलता के कारण ही संभव हुआ है।

### मुख्यमंत्री सुक्खू ने दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा आयोजित भजन संध्या में लिया भाग

# नशा तस्करों के विरुद्ध हो कार्रवाई : सीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा आयोजित भजन संध्या 'भज गोविंदम' में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने नशे की समस्या पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से नशा निवारण पहल का शुभारंभ किया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्यमंत्री सुक्खू साथ हैं अन्य।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार नशे की तस्करी पर अंकुश लगाने और नशे के आदि लोगों के पुनर्वास के लिए संकल्पबद्ध है। प्रदेश सरकार ने नशे की तस्करी में संलिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं और पिछले माह कई लोगों को गिरफ्तार किया गया। युवाओं को इनके चंगुल से बचाने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं क्योंकि हमारा लक्ष्य नशे की आदत से प्रभावित लोगों और उनके परिवारों को इससे बाहर निकालकर फिर से समाज की मुख्य धारा में शामिल करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आध्यात्मिक कार्यक्रमों का उद्देश्य लोगों को आत्म जागृति की ओर प्रेरित करना और समाज के प्रति उतरदायित्वों का बोध करवाना है। उन्होंने कहा कि संत, गुरू, समाज सुधारकों का समाज में व्याप्त बुराइयों को मिटाने और समाज की सुदृढ़ नींव रखने तथा जीवन में संतुलन स्थापित करने में अतुलनीय योगदान रहा है। उन्होंने दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि दिव्य गुरू आशुतोष महाराज जी के मार्गदर्शन में संस्थान भारत और विदेशों में समाज सेवा के कार्यों में उल्लेखनीय भूमिका निभा रहा है।

सुक्खू ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से नूर महल में संस्थान का दौरा किया है और वहां संचालित हो रहे आध्यात्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों को देखा है। मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश को 31 मार्च, 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य के रूप में स्थापित करने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि इस दिशा में अनेक नवाचार कदम उठाए गए हैं।

जिला सोलन के नालागढ़ में एक मेगावाट क्षमता वाला ग्रीन हाईड्रोजन संयंत्र स्थापित किया जा रहा है जिसके आगामी वर्ष जुलाई तक तैयार होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र के माध्यम से कालका– शिमला रेल सेवा का संचालन ग्रीन हाइड्रोजन के माध्यम से संचालित करने का अनुरोध किया है।

# बागी में 46 साल बाद हुआ शांद महायज्ञ का आयोजन

**सपना सूद, नेरवा**


शांद में मौजूद श्रद्धालु ।

तहसील कुपवी के बागी स्थित प्रतिष्ठित शिरगुल देवता मंदिर में 46 साल के बाद धार्मिक अनुष्ठान भव्य शांद महायज्ञ का आयोजन किया गया,जिसमे जिला सिरमौर के हरिपुरधार की प्रष्ठित देवी मां भगायणी सहित 28 देवी-देवता शिरकत कर इस आयोजन की शोभा बढ़ाई।

इस धार्मिक अनुष्ठान में कुपवी तहसील के अलावा विभिन्न क्षेत्रों से छह से सात हजार लोगों के शिरकत की। इस अवसर पर चौयपाल के विधायक बलवीर सिंह वर्मा ने भी हाजिरी भारी एवं बागी में निर्मित होने वाले खेल मैदान के लिए आगामी वित्त वर्ष में पंद्रह हजार रुपये उपलब्ध करवाने की घोषणा की। स्थानीय लोगों का कहना है कि बागी में विराजमान शिरगुल देवता चूड़धार के शिरगुल महाराज का ही एक प्रतिरूप है। जो लोग चूड़धार नहीं जा सकते वह इसी मंदिर में आकर अपने आराध्य शिरगुल महाराज के दर्शन कर पूजा अर्चना करते है तथा यहीं पर अपनी मनोकामनाएं पूरी करते है।

बागी गांव के सुरेंद्र समटा, अत्तर समटा व उजागर समटा आदि ने बताया कि मंदिर के निर्माण में ग्रामीणों द्वारा विभीन स्त्रोतों से एकत्रित करीब एक करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई है।

## कांग्रेस के मंत्री जनता का ध्यान भटकाने का कर रहे प्रयास : सुखराम

**अनंत ज्ञान, शिमला**



भाजपा के पूर्व मंत्री एवं विधायक, संसदीय क्षेत्र प्रभारी सुखराम चौधरी ने कहा कि कांग्रेस के मंत्री जगत नेगी का भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रति दिया गया बयान निंदनीय है।

कांग्रेस के मंत्री बीना किसी तथ्यों के केवल मात्र जनता का ध्यान भटकने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा की केंद्र सरकार से प्रदेश को एक साल में 14 हजार करोड़ की राशि आई है जो की थोड़ी नहीं होती। सरकार के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और मंत्रियों को यह बताना होगा कि क्या वह केंद्र मंत्रियों से मिल कर हिमाचल को दिए गए पैसों का धन्यवाद नहीं करते ? कांग्रेस चाहे जितना भी छुपा ले पर केंद्र सरकार की लाभकारी नीतियों को छुपा नहीं पाएगी।

## विद्युत उपभोक्ता 31 से पहले करवाएं केवाईसी

**सुन्नी।** विद्युत उपमंडल सुन्नी के अंतर्गत विद्युत उपभोक्ताओं के विद्युत मीटर खाता संख्या को उनके आधार से जोड़ने की प्रक्रिया आरंभ की गई है।

सहायक अभियंता जगदीश शर्मा ने बताया की इस प्रक्रिया की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर निर्धारित की गई है। उपभोक्ताओं को केवाईसी करवाना बहुत जरूरी है, ऐसा न करने पर भविष्य में बिलों में मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रह सकता है ।

# प्राप्त दावों का समय रहते करें निपटारा : डीसी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में बागवानी एवं कृषि विभाग एवं इंश्योरेंस कंपनियों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में शिमला जिला की बीमा योजना के अंतर्गत कवर फसलों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि योजना के अंतर्गत जिला में 6 फसलों को शामिल किया गया है जिसमें सेब, आम, आड़ू, अनार, साइट्स एवं पल्म की फसलें शामिल है। इस वर्ष जिला शिमला में 13 हजार 861 बागवानों ने 6 लाख 69 हजार पेड़ों का बीमा करवाया है। जिला शिमला में प्रत्येक वर्ष योजना के अंतर्गत बागवानों द्वारा बीमा कम करवाया जा रहा है जिसको बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि बागवानों को इसका लाभ मिल सके।

डीसी ने इंश्योरेंस कंपनियों को मौसम विषमताओं से फसलों को हुए नुकसान के प्राप्त दावों को समय रहते निपटारा करने के निर्देश दिए ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना मौसम की विषमताओं द्वारा उपज की संभावित क्षति से कृषकों को हुए नुकसान की भरपाई करती है।

# साइकोलॉजी क्विज कंपटीशन में आरकेएमवी प्रथम

**अनंत ज्ञान, शिमला**


कंपटीशन में विजेताओं के साथ गणमान्य।

कॉलेज सेंट बीड्स में सोमवार को साइकोलॉजी विषय पर इंटरकॉलेज कंपटीशन का आयोजन किया गया। कंपटीशन में आरकेएमवी शिमला प्रथम व सेंटर ऑफ एक्सीलेंस गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज संजौली तथा सेंड बीड्स संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। क्विज कंपटीशन में तीन कॉलेजों सहित यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज की टीम ने हिस्सा लिया। कंपटीशन में आरकेएमवी शिमला की तान्या वर्मा व साक्षी शर्मा की टीम ने अपने कॉलेज के लिए प्रथम स्थान पाया।

दूसरे स्थान पर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस संजौली कॉलेज की अमिल शर्मा व आकृति रही। सेंट बीड्स कॉलेज संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहा। सेंट बीड्स से ऐष्णा मित्तल व अनुष्का कैंथला ने भाग लिया।

प्राध्यापक अक्षय आजाद ने बताया कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस गवर्नमेंट कॉलेज संजौली में पिछले साल से ही साइकोलॉजी विषय फिर से इंट्रोड्यूस किया गया है।

## डीएवी महाविद्यालय कोटखाई में लगाया एचआईवी टेस्टिंग कैंप

**भरत ठाकुर, कोटखाई**

डीएवी कॉलेज कोटखाई में डॉ. रोशन लाल वशिष्ट कार्यकारी प्राचार्य की अध्यक्षता में एचआईवी टेस्टिंग कैंप का आयोजन किया गया।

यह कैंप आरआरसी, डीएवी कॉलेज कोटखाई की एनएसएस इकाई तथा हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहयोग से लगाया गया। कैंप सुबह 11 बजे से 2 बजे तक लगाया। इसमें कोटखाई क्षेत्र के स्थानीय लोगों, महाविद्यालय के छात्रों और स्टाफ को मिलाकर कुल 64 लोगों ने टेस्ट करवाया।


कैंप में टेस्ट करते हुए डॉक्टर।

## स्वयंसेवियों ने किया शिक्षा सर्वेक्षण

**दशमी रावत, रोहड़ू।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों ने एएसईआर 2024 कार्यक्रम के तहत विभिन्न गांवों और विद्यालयों में जाकर दो दिवसीय सर्वेक्षण किया।

एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उमेश नारटा और डॉ. सुरेंद्र सिंह ने सभी स्वयंसेवियों को बधाई दी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत ने स्वयंसेवियों के सामाजिक कार्यों की सराहना की।

# बैहल गोलीकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## बिलासपुर पुलिस ने मामले में अब तक चार आरोपियों को किया अरेस्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिला के सीमय क्षेत्र बैहल में कुछ समय पहले हुए गोलीकांड मामले में पुलिस ने मुख्य शूटर आरोपी को पकड़ लिया है। पुलिस ने आरोपी से पिस्तौल भी बरामद की है। अब तक इस मामले में संलिप्त लगभग चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि बैहल गोलीकांड में कई अन्य आरोपी अभी तक फरार हैं, जिनको जल्द पकड़ा जाएगा।

**बैहल पंचायत घर में 24 घंटे तैनात रहेंगे पुलिस और होमगार्ड जवान**



"बैहल गोलीकांड मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को पकड़ लिया है। बैहल पंचायत घर में अब एक कांस्टेबल, एक हेड कांस्टेबल और दो होमगार्ड जवानों की तैनाती की गई है। पुलिस ने बैहल क्षेत्र में क्यूआरटी की भी तैनाती की है। जिला में शांति और सुरक्षित माहौल बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन कार्यरत हैं।
-संदीप धवल, एसपी ।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

सोमवार को बिलासपुर एसपी कार्यालय में प्रेसवार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने कहा कि बैहल क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था अधिक बढ़ाई गई है। कुछ समय से बैहल क्षेत्र में बढ़ रही वारदातों के चलते पुलिस प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। बैहल क्षेत्र के पंचायत भवन में अब 24 घंटे एक कांस्टेबल, एक हेड कॉस्टेबल और दो होमगार्ड जवानों की तैनाती कर दी है। यह पुलिस कर्मचारी 24 घंटे यहां पर तैनात रहेंगे और यहां की प्रत्येक गतिविधि और शांतिप्रिय माहौल बनाए रखने के लिए लोगों के साथ मिलकर कार्य करेंगे। एसपी ने बताया कि कोट थाना के तहत आने वाले बैहल क्षेत्र में क्यूआरटी भी तैनात की गई है। यह क्यूआरटी बैहल सहित साथ लगते क्षेत्र का दौरा करेंगे और यहां पर संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

पुलिस का कहना है कि बिलासपुर पुलिस का बैहल क्षेत्र के बॉर्डर एरिया होने के चलते यहां पर वारदातें होती हैं। आरोपी यहां पर कुछ भी वारदात करके सीधे पंजाब की ओर भाग जाते हैं। लेकिन पुलिस ने यह भी साफ किया है कि यहां पर अधिकतर मामलों में पुलिस ने बहुत कम समय पर सभी आरोपियों को पकड़ा है। सूत्रों के अनुसार बैहल क्षेत्र में हुए लड़ाई दो जाति के गुटों की लड़ाई है। इसमें एक तरफ राजपूत और दूसरी और एसटी है। इन दो गुटों में काफी बार लड़ाई होती रही है। वहीं, यहां पर नशे का व्यापार भी अधिक होता है, जिसके चलते संदिग्धों का यहां पर आना जाना लगा रहता है। ऐसे में स्थानीय लोगों द्वारा इनका विरोध और पुलिस प्रशासन की मदद से इन आरोपियों को पकड़ा जा रहा है।

# 5वें नवरात्र में की मां दुर्गा के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर के धौलरा मंदिर में चल रहे शारदोत्सव यानी दुर्गा पूजा उत्सव में 5वें नवरात्र पर मां दुर्गा के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा की गई। मंदिर में उपस्थित भक्तजनों ने विधिवत मां दुर्गा के पंचम स्वरूप की पूजा की। मां की पांचवीं शक्ति स्कंदमाता का स्वरूप सृष्टि में परम शांति व सुख प्रदान करने वाला माना जाता है। शारदोत्सव की चतुर्थ सांस्कृतिक संध्या में हुई प्रतियोगिताओं में एकल नृत्य में शिवा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के सहायक प्रोफेसर डॉ. अभिजीत चौधरी प्रथम व बिलासपुर कालेज की छात्रा कुमकुम द्वितीय रही। एकल गायन प्रतियोगिता में पलाक्षा बरवाल प्रथम, डॉ. अभिजीत चौधरी द्वितीय व अनुराधा तृतीय रही। इन प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में झंडूता कॉलेज के संगीत विभाग के सहायक प्रोफेसर बलवीर चंद व कंदरौर स्कूल में कार्यरत संगीत प्रवक्ता सपना सांख्यान शामिल रहे। विजेताओं को विशाल ठाकुर, जोगिंद्रा जम्वाल, व्यापार मंडल बिलासपुर के प्रधान नरेंद्र पंडित, नगर पार्षदा वीना पंडित व पूर्व जिला परिषद सदस्या नीना कौशल ने पुरस्कृत किया। सांस्कृतिक संध्या का मंच संचालन अभिलाषा शर्मा ने किया।

**आज ये कार्यक्रम होंगे**

दुर्गा पूजा समिति की संस्थापिका डॉ. मल्लिका नड्डा ने बताया कि 8 अक्तूबर को सुबह 7 बजे से लेकर 11 बजे तक श्रीश्री दुर्गा माता के शारदीय स्वरूप की पूजा होगी। इसी समय षष्ठी कल्पारंभ हो जाएगा। 8 अक्तूबर की सायं मां दुर्गा को आमंत्रण दिया जाएगा व उनका अधिवास भी होगा। सुबह 11 बजे कला व हस्तशिल्प प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी व शाम साढ़े 7 बजे भजन संध्या आरंभ हो जाएगी।

# रावण का दमदार अभिनय कर गोपाल हंस ने लूटी वाहवाही



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बल पराक्रम से धरती जीती जा सकती है नारी हृदय नहीं, फिर भी पाना है तुझे तो पाऊंगा, छल से बल से कपट से...... जब यह संवाद सीता हरण की योजना बना रहे रावण का किरदार निभा रहे गोपाल हंस ने अपनी बुलंद आवाज में कहे तो समूचा नगर परिषद प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मौका था बिलासपुर में चल रही श्रीराम नाटक की चौथी संध्या का। रावण का दमदार अभिनय निभा रहे गोपाल हंस की अदाकारी को देखने के लिए लोग अंतिम दृश्य तक पंडाल में डटे रहे। संध्या के प्रथम दृश्य में वनवास पर निकले राम, लक्ष्मण और सीता के मार्ग में गंगा नदी बाधक बनती है। इस दृश्य में केवट दुनिया को भवसागर पार लगाने वाले पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम को गंगा पार लगाते हैं। अगले दृश्य में भरत भाई शत्रुघ्न व सुमंत को साथ लेकर अपने भैया राम से चित्रकूट आकर मुलाकात करते हैं व उनसे अयोध्या वापस लौटने का आग्रह करते हैं, लेकिन राम वापस लौटने से इनकार की मर्यादा का वास्ता देकर भरत को राजपाट संभालने का आदेश दिया। भरत ने भगवान राम से उनकी चरण पादुकाएं मांगी, ताकि वे अयोध्या के राज सिंहासन पर इन्हें रखकर राजपाठ चला सके। केवट के रूप में अभिषेक डोगरा व भरत के रूप में पारस गौतम अपने अभिनय की छाप दर्शकों के दिलों में छोड़ने में सफल रहे।

## ढलियारा में करवाया ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**देहरा।** राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में 7 अक्तूबर को नए कैडेट्स के लिए एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य अंजू चौहान की अध्यक्षता मे आयोजित हुए इस कार्यक्रम मे एनसीसी यूनिट ऊना के हवलदार कुलविंदर राणा कैडेट्स को ड्रिल सिखाई सबसे पहले उन्होंने सीनियर्स (तीसरे वर्ष, दूसरे वर्ष) की ड्रिल क्लास ली। उसके बाद प्रथम वर्ष की ड्रिल क्लास ली।

**रामलीला मंचन** कैकेयी ने भगवान श्रीराम को दिलाया 14 वर्ष का वनवास

# पुत्र वियोग में राजा दशरथ ने त्याग दिए प्राण

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पुराने बस स्टैंड घुमारवीं के नगर परिषद प्रांगण में आदर्श श्रीराम नाटक समिति के बैनर तले चल रही रामलीला के चौथे दिन एक से बढ़कर प्रस्तुत किए गए दृश्यों ने दर्शकों को बांधे रखा। इस संध्या का मुख्य आकर्षण सबसे वरिष्ठ कलाकार महंत राम शर्मा की अदाकारी थी, जिन्होंने अयोध्या नरेश राजा दशरथ का किरदार निभाकर अपनी अदाकारी की मिसाल पेश की।



इस दृश्य में जब कैकेयी को राम के राज्याभिषेक के बारे में पता चलता है तो उन्हें अपने पुत्र भरत को राजा बनाने का लालच आ जाता है, मंथरा कैकेयी को उनके दो वचनों को राजा दशरथ से पूर्ण करने की याद दिलाती है। मंथरा के झांसे में आकर कैकेयी दशरथ से अपने पुत्र भरत को अयोध्या का राजपाठ और राम को चौदह वर्ष का वनवास का वरदान मांगती है। यह सुनकर दशरथ कैकेयी को भला बूरा कहकर बेसुध हो जाते हैं। जब राम को इस बारे में पता चलता है तो वे पिता की आज्ञा को शिरोधार्य मानकर वन को जाने का मन बना लेते हैं। ऐसे में दशरथ राम को रोकने का बहुत प्रयास करते हैं लेकिन राम लक्ष्मण और सीता वन की ओर प्रस्थान कर जाते हैं तथा दशरथ पुत्र वियोग में प्राण त्याग देते हैं। राम, लक्ष्मण और सीता को वन जाने से रोकने का कौशल्या भरपूर प्रयास करती है। लेकिन राम रघुकुल की मर्यादा का वास्ता देकर आगे प्रस्थान कर जाते हैं। कौशल्या की भूमिका में गौरी शंकर की अदाकारी ने लोगों को भाव विभोर कर दिया। संध्या के अंतिम दृश्य में राम लक्ष्मण सीता को कैकेयी भगवे वस्त्र देती है। इस दृश्य में दशरथ बने महंत राम शर्मा की अदाकारी ने दशर्कों को भाव विभोर कर दिया। इस संध्या में राजेश ठाकुर एसडीओ लोक निर्माण विभाग धर्मपुर ने अपनी पत्नी संग बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

# देवभूमि ग्रुप के प्रबंध निदेशक राजेंद्र वशिष्ट एक सफल उद्यमी और समाजसेवी

**राजेश शर्मा, ऊना**

देवभूमि ग्रुप के प्रबंध निदेशक राजेंद्र वशिष्ट ने अपनी मेहनत के दम पर मुकाम हासिल किया है। वह एक सफल उद्यमी और समाजसेवी हैं। समाजसेवा में उनके प्रयास दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत बने है। अनंत ज्ञान की ओर से उन्हें शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया।

वह किसी जरूरी काम की वजह से समारोह में नहीं पहुंच पाए। ऐसे में उनकी जगह उनकी बेटी समृद्धि वशिष्ट ने अनंत शिखर सम्मान-2024 प्राप्त किया।

राजेंद्र वशिष्ट ऊना जिले के थानकलां के रहने वाले हैं। वर्तमान में ऊना जिले के गुलमोहर ग्रैंड होटल और सिनेमा के मालिक भी हैं। वह व्यवसायी होने के साथ-साथ समाजसेवक भी हैं। कामधेनु गौशाला के सरंक्षक भी हैं। राजेंद्र वशिष्ट अभी तक हजारों बच्चों की पढ़ाई में सहयोग कर चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

**अनंत शिखर सम्मान-2024 से हुए सम्मानित**



## सुरेंद्र ठाकुर : 'रियल एस्टेट' में बनाई पहचान

ऊना जिले के कुटलैहड़ के समाजसेवी सुरेंद्र ठाकुर को रक्कड़ कॉलोनी के शुकराना रिजॉर्ट में आयोजित समारोह में अनंत शिखर सम्मान-2024 से सम्मानित किया गया। वह यह सम्मान पाकर काफी हर्षित हैं। सुरेंद्र ठाकुर रियल एस्टेट सेक्टर में अपनी पहचान बना चुके हैं और वर्तमान में रेडक्रॉस के स्टेट पैटर्न भी हैं। उन्होंने कोविड काल में 500 परिवारों को रोटरी इंटरनेशनल संस्था के सहयोग से भोजन और दैनिक जरूरतों को पूरा किया। साथ ही 10,000 के करीब किट्स उपलब्ध करवाई। इन्हें दो बार विदेश में लोगों में समाजसेवा की प्रेरणा की अलग जगाने के लिए बुलाया गया। निर्धन परिवार की सैकड़ों बेटिओं की पढ़ाई और शादी में भी सहयोग कर चुके हैं। सुरेंद्र ठाकुर वर्तमान में ऊना रामलीला कमेटी के वाइस प्रेजिडेंट और यूथ हॉस्टल ऑफ इंडिया के नॉर्थ जोन के वाइस प्रेजिडेंट हैं।



## अथर्व चड्ढा: यूथ आइकन व सफल उद्यमी

सफल उद्यमी और यूथ आइकन अथर्व चड्ढा अनंत शिखर सम्मान-2024 से सम्मानित किए गए। हालांकि अथर्व चड्ढा किसी कारणवश समारोह में मौजूद नहीं हो पाए। उनकी जगह उनकी प्रतिनिधि के तौर पर एडवोकेट महक ने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किया। बीडीएम शिवांबू इंटरनेशनल ब्रांड का नाम भला कौन नहीं जनता। इस ब्रांड की शुरुआत स्वर्गीय ब्रह्मदास मेहता और उनके सहयोगियों ने की। कत्था उत्पादन, जूस, अचार, मुरब्बा के लिए यह ब्रांड दुनियाभर में प्रसिद्ध है। शिवांबू के सहयोग से वेद पाठशाला, आंखों का अस्पताल और एक सामान्य अस्पताल ऊना जिले में चलाया जा रहा है। उन्होंने हजारों बेरोजगार लोगों को अपना रोजगार दिलाया।



# फ्लावर नहीं, मैं फायर हूं ...

## मल्टी टैलेंटड जोगिंद्रनगर की चार वर्षीय आश्वी के डांस की 'अनंत शिखर' सम्मान में गूंज

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

मल्टी टैलेंटड जोगिंद्रनगर की चार वर्षीय आश्वी ने ऊना में आयोजित 'अनंत शिखर' सम्मान समारोह में अपने अद्भुत डांस से सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। समारोह में आए लोग उसकी प्रतिभा को देख कर दंग रह गए। अपनी परफॉर्मेंस के दौरान जब आश्वी ने मशहूर पुष्पा फिल्म के डायलॉग 'फ्लावर समझा हैं क्या, मैं फायर हूं' पर पुष्पा स्टाइल मारा तो ऐसा लगा कि यह लड़की बड़ी होकर मेहनत की दम पर अपना मुकाम खुद बनाएगी।

लोगों का कहना था कि इतनी कम उम्र में ऐसी प्रतिभा बहुत कम देखने को मिलती है और यह नन्ही कलाकार अपने हुनर से सभी को प्रभावित करने में सफल रही। आश्वी की माता नेहा ने बताया कि उनकी बेटी को 'पहाड़ी डांसिंग क्वीन' के नाम से जाना जाता है।

केवल चार साल की उम्र में आश्वी सरकारी प्राइमरी स्कूल की नर्सरी में पढ़ाई कर रही है, लेकिन उसने अपनी छोटी सी उम्र में ही हिमाचल प्रदेश और अन्य स्थानों पर जाकर कई पुरस्कार और सम्मान प्राप्त किए हैं।

इसके अलावा उसे दिल्ली में एक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला है। आश्वी की उपलब्धियों में बेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड 2024 (चंडीगढ़), अंतरराष्ट्रीय कल्कि गौरव सम्मान 2024, प्राइड ऑफ जोगिंद्रनगर अवार्ड 2024 और जूनियर डांस विनर चंडीगढ़ भी शामिल हैं।



यह छोटी सी बच्ची न केवल डांस में माहिर है, बल्कि वह एक सफल मॉडल और चाइल्ड आर्टिस्ट भी बन चुकी है। वह पहाड़ी गानों में अपने डांस के लिए भी पहचानी जा रही है, जो दर्शाता है कि उसकी प्रतिभा का कोई अंत नहीं है। आश्वी को 'अनंत शिखर' सम्मान से सम्मानित किया गया। आश्वी की माता ने इस अवसर पर 'अनंत ज्ञान' की पूरी टीम का धन्यवाद किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अनूठा मंच प्रदान करते हैं। (अनंत ज्ञान)

## बहुमुखी प्रतिभा के धनी हेमराज राणा 'अनंत शिखर सम्मान' पाकर गदगद

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

सिरमौर जिले के शिलाई क्षेत्र के मल्ला गांव से तालुल्क रखने वाले बहुमुखी प्रतिभा के धनी हेमराज राणा ऊना में अनंत शिखर सम्मान पाकर काफी गदगद हैं।

सामाजिक एवं लेखन के क्षेत्र में अनंत ज्ञान शिखर मिलने पर उन्होंने अपने बारे में बताया कि वह वर्तमान में पांवटा साहिब में पदस्थापित हैं। हेमराज एक बेहतर लेखक होने के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। उन्होंने 2020 में अपनी आंखें दान करने का फैसला लिया। इसके अलावा वह अनेकों बार रक्तदान कर कई लोगों की जिंदगी बचा चुके हैं। कोरोना काल में बेहतरीन सेवाएं एवं सुझाव देने के लिए उन्हें जिलाधीश सिरमौर ने सम्मानित किया। वहीं, उन्हें पुलिस मुख्यालय शिमला में सामाजिक सेवाओं और कविताओं के माध्यम से अलख जगाने पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार एचपीएस ने 2022 में सम्मानित किया।



यही नहीं, सिरमौर न्यूज द्वारा बेहतरीन सामाजिक लेखन के लिए 2023 में सम्मानित किया गया। दून प्रेस क्लब पांवटा साहिब द्वारा 2022 में पूर्व ऊर्जा मंत्री द्वारा सम्मानित होने का गौरव भी उन्हें प्राप्त है। वह राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के एथलिट रहे हैं। लॉन्ग तथा हाई जंप, जेबलियन थ्रो, पांच किलोमीटर दौड़ इत्यादि में उन्हें गोल्ड मेडल एवं सिल्वर मेडल (कुल 25) 2021-2023-2024 में मिल चुके हैं।

**अनंत शिखर सम्मान**



ऊना के देवेंद्र चौहान शिक्षा विभाग में प्रधानाचार्य हैं और गो सेवा समिति समेत कई समाज सेवी संस्थाओं से जुड़े हैं। करीब डेढ़ सौ दफा रक्तदान कर चुके हैं। इन्होंने मानवता की सेवा के लिए जो योगदान किया है, उसे देखते हुए उनको अनंत शिखर सम्मान दिया गया है।

## 'अनंत ज्ञान' शिखर सम्मान से कुल्लू के एथलीट द्वारिका ठाकुर सम्मानित

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू जिला के एथलीट द्वारिका ठाकुर को 'अनंत ज्ञान शिखर सम्मान-2024' से सम्मानित किया गया। ऊना जिला के शुकराना रिजॉर्ट में गत दिवस अनंत ज्ञान की ओर से 'अनंत ज्ञान शिखर सम्मान-2024' समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में प्रदेशभर से समाजसेवा, कला एवं संस्कृति संरक्षण, प्रसिद्ध व्यवसायी, एनजीओ व विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में अपना परचम लहराकर देश व प्रदेश का नाम रोशन करने वाली करीब 30 हस्तियों को 'अनंत ज्ञान शिखर सम्मान-2024' से सम्मानित किया गया, जिसमें कुल्लू जिला के खोखण गांव के निवासी 64 वर्षीय एथलीट द्वारिका ठाकुर भी शामिल हैं। जिस आयु में अधिकतर लोग कुछ मीटर पैदल चलकर ही हांफने लग जाते हैं उस आयु में कुल्लू के एथलीट द्वारिका ठाकुर एथलीट प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सतर पर कई मेडल जीतकर देश, प्रदेश व जिला का नाम रोशन कर चुके हैं।



साल 1961 में जन्मे द्वारिका ठाकुर जिला कुल्लू की एक प्रतिष्ठित सहकारी सभा के निदेशक के तौर पर सेवाएं दे रहे हैं और एक एथलीट भी रहे हैं।

**64 वर्षीय एथलीट द्वारिका ठाकुर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सहित जिला व राज्य स्तर पर जीत चुके हैं कई मेडल**

सनद रहे कि एथलीट द्वारिका ठाकुर दो बार एथलेटिक्स में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। मलेशिया में आयोजित मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता (2022-2023) में भाग लिया जिसमें द्वारिका ठाकुर ने देश के लिए तीन कांस्य पदक जीते थे। उन्होंने 200, 400 और 3,000 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में यह उपलब्धि हासिल की थी।

वहीं, 13 अगस्त से 25 अगस्त तक स्वीडन के गोथनवर्ग में आयोजित हुई वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एथलीट द्वारिका ठाकुर ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने 800 मीटर में 25वां, 5000 मीटर दौड़ में 48वां स्थान जबकि आठ किलोमीटर दौड़ में 51वां स्थान हासिल कर विदेश की धरती पर देश सहित प्रदेश व कुल्लू जिला का नाम रोशन किया है। वहीं, राज्य सहित अन्य नेशनल प्रतियोगिता में भी द्वारिका ठाकुर भाग लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। द्वारिका ठाकुर ने अनंत ज्ञान परिवार की ओर से उन्हें यह सम्मान दिए जाने पर आभार व्यक्त किया है। (अनंत ज्ञान)



लीड स्पांसर वेम्बली पेंट्स एंड कैमिकल्स कंपनी के एमडी मनदीप लांबा को सम्मानित करते विधायक विवेक शर्मा, साथ हैं एमडी डॉ. दिलीप धाकड़ और डायरेक्टर हिमांशु व्यास व ऊना के उपायुक्त जतिन लाल।



बिटिया फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा संख्यान को अनंत शिखर सम्मान देते विधायक विवेक शर्मा।



अनंत शिखर सम्मान समारोह में प्रोडक्शन हेड पुरुषोत्तम चंद को सम्मानित करते कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा।

# छोटी काशी मंडी की महान हस्तियां 'अनंत शिखर' सम्मान से सम्मानित

**अनिल शर्मा, मंडी**

हिमालय की तलहटी हिमाचल प्रदेश में तेजी से शिखर छूते दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र के पहले शिखर सम्मान 2024 समारोह में मंडी की महान हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। उना की रक्कड़ कॉलोनी के शुकराना रिजॉर्ट में आयोजित हुए इस सम्मान समारोह में कला, संस्कृति, साहित्य, समाजसेवी, एनजीओ, प्रसिद्ध उद्यमी और खेल प्रतिभाओं को सम्मानित कर अनंत ज्ञान ने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए एक गहरी छाप छोड़ी है।

**ऊना में आयोजित हुआ पहला अनंत शिखर सम्मान**

### विजय कपूर कंस्ट्रक्शन कंपनी के डायेक्टर विजय कपूर और कमल वैद्य



**इन्होंने 14,500** फीट की ऊंचाई पर चिचम और किब्बर को जोड़ने वाला एशिया का सबसे उंचा मोटरेबल सस्पेंशन ब्रिज बनाया। इनके नाम और भी कई रिकॉर्ड दर्ज हैं। 1990 में मंडी डिग्री कॉलेज भवन का निर्माण नौ महीनों में करवाया गया। इसके लिए सरकार ने इन्हें सम्मानित भी किया था। कुल्लू का देव सदन नौ महीने के रिकॉर्ड समय में बनाया। विजय कपूर ने 100 से अधिक पुल, इमारतें आदि बनाई हैं। प्रदेश के लाहौल स्पीति, किन्नौर, पांगी, भरमौर, कुल्लू, शिमला, मंडी में काम किया।

### समाज सेवी अनिल शर्मा



**पेश** से समाजसेवी हैं। कला संस्कृति और पुरातत्विक महत्व के स्मारकों को संरक्षित करवाने में भूमिका निभाते हैं। अनिल शर्मा ने ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन के सहयोग से एशियन डवेल्पमेंट बैंक के सहयोग से डेढ़ सौ साल पुराने ऐतिहासिक विजय हाई स्कूल के ओ ब्लॉक को 6 करोड़ खर्च करवा कर पुराने स्वरूप में संरक्षित करवा कर इतिहास बनाया। भारतीय संस्कृत निधि मंडी चैप्टर के सह-संयोजक होने के साथ स्थानीय स्कूल के बच्चों में धरोहर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कई वर्कशॉप प्रतियोगिताएं का सफलतापूर्वक आयोजन किया। संस्था 'मेरे अपने' के सह कन्वीनर के पद पर रहते हुए नगर के 22 स्कूलों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ाने के लिए 7000 बच्चों को प्रेरित किया।

### सेवानिवृत्ति के बाद होस्ट एंकर सीरीज का शुभारंभ किया नीरज शर्मा ने



शिक्षा की लौ जगाते हुए सेवानिवृत्त हुई तदोपरांत समाज की महान हस्तियों को मंच प्रदान करने के लिए होस्ट एंकर सीरीज का शुभारंभ किया। नीरज शर्मा ने समाज में छुपी महान प्रतिभाशाली हस्तियों को जनता के सामने लाया और उनके महत्वपूर्ण कार्यों से भावी पीढ़ी को अवगत करवाते हुए दर्जनों युवाओं को कुछ नया करने के लिए पेरित किया। नीरज शर्मा विश्व के कई देशों में दार्शनिक की भूमिका निभाने के उपरांत देवभूमि हिमाचल में विकास कार्यों के सुधारणात्मक प्रयासों निर्देशित भी कर रही हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

### धार्मिक स्थलों में फैले भ्रष्टाचार को रोका



**सरकाघाट** के रहने वाले ललित जम्वाल ने कला और संस्कृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। क्षेत्र के कई मंदिरों में दर्जनों मूर्तियां स्थापित करवाई और धार्मिक स्थलों में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ 60 लाख की करीब गबन का पर्दाफाश किया। ललित जम्वाल क्षेत्र की कई समाज सेवी संस्थाओं के साथ जुड़े हैं। अस्पताल में मरीजों के साथ आए तीमारदारों के लिए संस्था के साथ मिल कर भोजन का प्रबंध प्रतिदिन करवाते आ रहे हैं। गंभीर बीमारियों से ग्रसित सैकड़ों मरीजों को लाखों रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करवाने में मदद करते हैं। धार्मिक संस्थाओं में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ रुपया पैसा नहीं फूल चढ़ाओ अभियान, सत्याग्रह और असहयोग जैसे आंदोलन में भाग लेकर समाज में जन जागृति फैला रहे हैं।

ततः शङ्खाश्च भेर्यश्च पणवानकगोमुखाः। सहसैवाभ्यहन्यन्त स शब्दस्तुमुलोऽभवत्॥

इसके पश्चात शंख और नगारे तथा ढोल, मृदंग और नरसिंघे आदि बाजे एक साथ ही बज उठे। उनका वह शब्द बड़ा भयंकर हुआ।।





# तनोट माता का मंदिर

## पाकिस्तान ने यहां गिराए थे सैकड़ों बम लेकिन एक भी नहीं फटा

### देखने में भी बड़ा दिलचस्प है तनोट माता का मंदिर

### जैसलमेर जिले में भारत-पाक सीमा के पास यह मंदिर

**पाकिस्तान** सीमा के करीब व जैसलमेर से 120 किलोमीटर दूर तनोट माता मंदिर कई श्रद्धालुओं की श्रद्धा का केंद्र है। भाटी राजपूत राव तनुजी द्वारा बसाए गए तनोट में ही ताना माता का मंदिर स्थित है। इस मंदिर को अब तनोटराय मातेश्वरी के नाम से भी जाना जाता है। मंदिर की पूजा-अर्चना की जिम्मेदारी सुरक्षाबलों के जवानों की है। नवरात्र के दौरान यहां लोगों की सबसे ज्यादा देखने को मिलती है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शनार्थ पहुंचते हैं और मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना करते हैं। हर दिन दोपहर 12 बजे व शाम 7 बजे आरती की जाती है। विख्यात माता तनोट के मंदिर में होने वाली तीनों आरतियों में समूचा मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से भर जाता है और मंदिर में आरती के बाद परिसर मातारानी के जयकारों से गूंज जाता है। तनोट राय मंदिर आमजन की आस्था का केंद्र भी बनता जा रहा है।

भारत-पाकिस्तान के 1965 व 1971 के युद्ध के बाद मंदिर ने विशेष ख्याति बढ़ी है। तनोट माता को रुमाल वाली देवी के नाम से भी जाना जाता है। माता तनोट के प्रति प्रगाढ़ आस्था रखने वाले भक्त मंदिर में रुमाल बांधकर मन्नत मांगते हैं और मन्नत पूरी होने पर श्रद्धालु माता का आभार व्यक्त करने वापिस दर्शनार्थ आते हैं और रुमाल खोलते है। यह मान्यता भी कई सालों से चल रही है। इस परंपरा का आम लोगों के साथ माता के दर्शनार्थ तनोट आने वाले मंत्री, प्रशासनिक अधिकारी, सेना व सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी व जवान भी निर्वहन करते हैं। यह मंदिर ऐसी कई चमत्कारी चीजों से घिरा हुआ है कि हर कोई सुनने वाला हैरान रह जाता है। चलिए आज आपको इस मंदिर की कुछ दिलचस्प बातें बताते हैं।

### पाकिस्तान के ब्रगेडियर खान ने चढ़ाया छत्र

**बताया** जाता है कि वर्ष 1965 के युद्ध के दौरान माता के चमत्कारों के आगे नतमस्तक पाकिस्तानी ब्रिगेडियर शाहनवाज खान ने भारत सरकार से यहां दर्शन करने की अनुमति देने का अनुरोध किया। करीब अढ़ाई साल की जद्दोजहद के बाद भारत सरकार से अनुमति मिलने पर ब्रिगेडियर खान ने न केवल माता की प्रतिमा के दर्शन किए, बल्कि मंदिर में चांदी का एक सुंदर छत्र चढ़ाया। ब्रिगेडियर खान का चढ़ाया हुआ छत्र आज भी इस घटना का गवाह बना हुआ है।

### यहां कैसे पहुंचें

**मंदिर** जैसलमेर से 153 किलोमीटर दूर है। मंदिर तक भक्तों और पर्यटकों को ले जाने के लिए हर घंटे टैक्सियां चलती हैं, जो शहर से दो घंटे ड्राइव दूर है।

### तनोट मंदिर का इतिहास




**तनोट** राजस्थान के जैसलमेर जिले में भारत-पाक सीमा के पास एक गांव है। सबसे पुराने चरण साहित्य के अनुसार, तनोट माता दिव्य देवी हिंगलाज माता का अवतार हैं, जिसके बाद उनका करणी माता का रूप देखा जाता है। मंदिर की स्थापना आठवीं शताब्दी की शुरुआत में हुई थी।

### 1965 के युद्ध में हुआ था चमत्कार

**पाकिस्तान** के खिलाफ 1965 के युद्ध में भारतीय सेना भारी दबाव में थी, क्योंकि पकिस्तान की गोलीबारी का जवाब देने के लिए भारतीय जवानों के पास पर्याप्त हथियार नहीं थे। पाकिस्तानी सेना ने इसका फायदा उठाते हुए साडेवाला चौकी के पास किशनगढ़ सहित बड़े क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया, जहां भारतीय सेना भारी संख्या में मौजूद थी। ये सब देखते हुए भी साडेवाला के 13 ग्रेनेडियर्स अपनी लड़ाई लड़ते रहे। 17 नवंबर को तनोट माता मंदिर के पास चौकी पर गोलाबारी शुरू हो गई, लेकिन आश्चर्य की बात तो यह थी कि इस क्षेत्र में गिरे सैकड़ों बम बेअसर हो गए और उनमें से किसी एक में से भी विस्फोट नहीं हुआ। ऐसा कहा जाता है कि 19 नवंबर तक पाकिस्तानी सेना ने 3000 से भी अधिक बम गिराए थे, लेकिन तनोट माता मंदिर को एक भी खरोंच नहीं आई थी। कहानी यह भी कहती है कि माता जवानों के सपने में आई थीं और उन्हें मंदिर के आसपास रहकर उनकी सुरक्षा करने का वादा किया था।

### तनोट क्षेत्र सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण

**तनोट** क्षेत्र सामरिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। यहां तैनात बल व क्षेत्र के बुजुर्गों के बताए अनुसार, मुगल बादशाह अकबर के हिंदू देवताओं के चमत्कारिक कारनामों से प्रभावित होकर विभिन्न मंदिरों में दर्शन करने और छत्र वगैरह चढ़ाने के किस्से भले ही प्रमाणित न हों, लेकिन इस बात के तो आज भी कई चश्मदीद गवाह मौजूद हैं कि 1965 के युद्ध के दौरान एक प्राचीन सिद्ध मंदिर की देवी के चमत्कारों से अभिभूत पाकिस्तानी सैन्य अधिकारी भी उसके दर्शन के लिए लालायित हो उठे थे। चमत्कारिक माने जाने वाला यह मंदिर 1200 साल पुराना है।




### युद्ध के बाद बीएसएफ ने संभाली मंदिर की जिम्मेदारी

1965 में भारत द्वारा पाकिस्तान को हराने के बाद बीएसएफ ने मंदिर परिसर के अंदर एक चौकी की स्थापना की और उसके बाद से देवी तनोट माता की पूजा की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली। मंदिर आज तक बीएसएफ द्वारा संभाला जाता है।

### 1971 के बाद हुआ म्यूजियम और मंदिर का निर्माण

1971 के युद्ध के बाद, तनोट माता और उनके मंदिर के चमत्कार की गूंज दूर-दूर तक पहुंच गई, जिसके बाद बीएसएफ ने उस जगह पर एक म्यूजियम के साथ एक बड़े मंदिर का निर्माण किया जहां पकिस्तान द्वारा भारतीय सेना पर हजारों बम गिराए गए, लेकिन माता की कृपा से सभी बेअसर रहे थे। भारतीय सेना ने मंदिर परिसर के अंदर लोंगेवाला की जीत को चिह्नित करने के लिए एक विजय स्तंभ का निर्माण किया है। यहां हर साल 16 दिसंबर को 1971 में पाकिस्तान पर मिली एक बड़ी जीत के रूप में उत्सव मनाया जाता है।




# जन्मकुंडली एक चेक है, जिसे गोचर के ग्रह भुनाते हैं




**जन्मकुंडली** में केवल जन्म समय पर नभ में भ्रमण करने वाले तात्कालिक ग्रहों का उल्लेख होता है। अंतरिक्ष में ग्रह अपनी गति अनुसार भ्रमण करते हैं। कोई हमेशा मार्गी रहता है, कोई समय पर वक्री हो जाता है। सूर्य-चंद्रमा हमेशा मार्गी रहते हैं। राहु-केतु हमेशा वक्री रहते हैं। शेष ग्रह समय-समय पर मार्गी रह कर वक्री हो जाते है। ज्योतिष शास्त्र के अंतर्गत अनेक विधाएं हैं, जिनमें



गोचर की भी अपना स्थान है। जन्मकुंडली एक चेक है, जिसे गोचर के ग्रह भुनाते हैं। गोचर-गो का अर्थ आकाश है और चर का अर्थ भ्रमण है।

सूर्य एक संक्रांति से अगली संक्रांति तक एक माह एक ही राशि पर भ्रमण करता है। चंद्रमा एक मास में 12 राशियों एवं सताइस नक्षत्रों का भ्रमण कर लेता है। मंगल ग्रह भी एक माह 15 दिन में एक राशि को भोग करता है। वक्री होने के कारण इसका समय एक राशि में लगभग अढ़ाई मास हो जाता है। बुध सूर्य से सबसे नजदीक व गोचर अवस्था में भी सूर्य के साथ या एक भाव आगे पीछे रहता है। गुरु का गोचर एक राशि पर 13 महीने का है। शुक्र का गोचर काल एक राशि में 24 से 40 दिन तक होता है। यह शुक्र ग्रह सूर्य के निकट होने के कारण एक या दो राशि आगे पीछे रहता है। शनि सब से मंद है। एक राशि का भ्रमण लगभग 30 माह में पूरा करता है। राहु-केतु का भ्रमण काल भी मंद है। यह ग्रह वक्री होकर ही गोचर को पूरा करते हैं। इनका भ्रमण काल 18 माह का है। उपरोक्त नौ ग्रहों के गोचर की अवधि जानने के बाद इनके फलित का विचार भी आवश्यक है। ग्रह मनुष्य को दो तरह से प्रभावित करते हैं। एक स्थायी रूप से दूसरा अस्थायी रूप से। स्थायी रूप जन्मकुंडली ग्रह, जो हमारे पास जन्मकुंडली प्राप्त है। दूसरा गोचर अनुसार अस्थायी रूप है, जो ग्रहों के विभिन्न राशियों में आवागमन से प्राप्त होता है।

मान लो कि किसी की जन्मकुंडली में मेष राशि का सूर्य स्थित है। गोचर में यदि सूर्य तुला राशि में गोचर करता है, तो जातक को शुभ परिणाम प्राप्त नहीं होंगे। दैनिक गोचर का शुभाशुभ अंशों के आधार पर भी घटित होता है। यदि ग्रह निम्न अंशों का है तो फलित अधिक शुभ नहीं होगा। गोचर वश जन्मलग्न से 1-2-4-5-7-8-9-12 भाव में सूर्य, मंगल, शनि, राहु, केतु अशुभ फल देते हैं, जबकि 3-6-8-10-11 भाव में शुभ फल देते हैं। जन्मकुंडली में जो ग्रह जिस राशि में है। जब गोचर में उस राशि पर भ्रमण करता है तो लग्न के अनुसार शुभ-अशुभ फल देता है।

-सुरभि शर्मा, रक्कड़

# नवरात्रः मानवी कायारूपी अयोध्या में नौ द्वार

**नवरात्र दो ऋतुओं का मिलनकाल होता है। यह मिलन सर्दी और गर्मी की ऋतु का मिलन भी है और पुराने वर्ष की विदाई एवं नववर्ष के आगमन की सूचना भी। दिन-रात के 24 घंटे के चक्र में अत्यधिक महत्व ऊषाकाल एवं संध्याकाल को दिया जाता है। इस समय की गई आध्यात्मिक उपासना का विशेष महत्व रहता है। ठीक इसी प्रकार दो ऋतुओं के मिलन के समय नवरात्रि को भी हमारे ऋषि जनों ने आध्यात्मिक दृष्टि से उपयुक्त समय बताया है। इन दोनों ही नवरात्र चैत्र-आश्विन में शक्ति की मातृ भाव से उपासना, दुर्गा शक्ति की आराधना तथा विशिष्ट अनुष्ठान परक आराधना/साधना द्वारा आत्मबल का संचय बड़ी सरलता से हो सकता है। ऋग्वेद के अदिति सूक्त में शक्ति का मातृ भाव वाला स्वरूप देखा जा सकता है। जबकि ऊषा सूक्त में कुमारी भाव, सूर्यादेवी सूक्त में पत्नी भाव, देवी सूक्त एवं वाक्सूक्त में शुद्ध शक्ति भाव के चिन्ह मिलते हैं।**

**नवरात्र** का शाब्दिक अर्थ तो नौ रातें ही हैं, परंतु गूढ़ अर्थ इस प्रकार से है कि मानवी कायारूपी अयोध्या में नौ द्वार अर्थात नौ इंद्रियां हैं। अज्ञानतावश इनके दुरुपयोग के कारण उनमें जो अंधकार छा जाता है, उसे इन नौ रातों में एक-एक रात में एक-एक इंद्रिय के ऊपर विचारना तथा उपवास और संयम के माध्यम से उनमें सन्निहित क्षमताओं को फिर से उभारना ही वस्तुतः नवरात्र की साधना कहलाती है। रात्रि का अर्थ ही है अंधकार, जो मनुष्य इन नौ द्वारों से इन नौ इंद्रियों के विषय में जागरूक रहता है, उनमें लिप्त नहीं होता, उनका दुरुपयोग करके अपनी शक्ति को गंवाता नहीं और वस्तुतः उसे बढ़ाता है, वही इन नवरात्रों के महत्व को वास्तविक रूप से जानता, समझता है, उसके लिए साधन कोई भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इन दिनों मन को एकाग्र रखने के साथ-साथ जप के साथ ध्यान की प्रक्रिया को भी सशक्त बनाया जा सकता है। इसके लिए इन दिनों ब्रह्मचर्य का पूर्ण रूप से पालन किया जाना चाहिए। उपवास रखना चाहिए, जिसमें दूध, फल लिया जा सकता है। बिना नमक का भोजन भी एक प्रकार का उपवास ही है। अन्नाहार करना हो तो केवल एक बार ही करें। प्रात:काल जो खाली पेट नहीं रह सकते वह दूध अथवा शरबत का सेवन कर सकते हैं। भूमि शयन करें, जिससे शरीर चुस्त रहता है। बाजार की चीजों का त्याग करें, तो स्वच्छता रहेगी तथा शरीर निरोग रहने में सहायक सिद्ध होगा।

-राकेश कुमार गौतम



### इस मंत्र से करें दुर्गा सप्तशती पुस्तक पूजा

नमो देव्यै महादेव्यै शिवायै सततं नमः।
नमः प्रकृत्यै भद्रायै नियताः प्रणताः स्म ताम।।
ध्यात्वा देवी पंचपूजां योन्या प्रणम्य च।
आधारं स्थाप्य मूलेन स्थापयेतत्र पुस्तकं।।

**भावार्थः** देव्याः कवच, अर्गलास्तोत्र, कीलक के साथ श्री दुर्गासप्तशती के तीनों चरित्रों का पूर्ण पाठ करें। अंत में क्षमा प्रार्थना एवं अंबाजी की आरती से अनुष्ठान पूर्ण करते हुए ऐसी भावना रखें-

मत्समः पातकी नास्ति पापघ्नी त्वत्समा न हि।
एवं ज्ञात्वा महादेवी यथायोग्यं तथा कुरु।।

**भावार्थः** हे महादेवी। मेरे समान कोई पापी नहीं और आपके समान दूसरी कोई पापहारिणी नहीं, ऐसा जानते हुए जो उचित जान पड़े वही करें।

# शिरगुल महाराज की तपोस्थली 'चूड़धार'

**हिमाचल प्रदेश की खूबसूरती विश्वभर में प्रसिद्ध है। यहां की हरी भरी वादियां, लहलहाते खेत, खेब, आड़ू, खुमानी के बाग-बगीचे, नदी, पर्वत, झरने, तालाब, कूंए, चश्मे आदि अनेकों प्राकृतिक संपदाएं है जिनसे हमारा हिमाचल और भी खूबसूरत और आकर्षक लगने लगता है। यहां के लोगों की सादगी उनकी विभिन्न बोलियां विभिन्न खान-पान विश्वभर के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र है। कहते हैं हिमाचल प्रदेश धरती पर स्वर्ग है, ये बात एकदम सही है। देश विदेश कहीं भी चले जाओं लेकिन जो सुकून और शांति हमारे हिमाचल प्रदेश में है और कहीं नहीं मिलती। हिमाचल प्रदेश को देवभूमि भी कहा जाता है क्योंकि यहां पर अनेक देवी देवताओं के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मौजूद हैं। जिनसे सभी हिमाचल वासियों की धार्मिक आस्थाएं जुड़ी हुई है। इन्हीं प्रसिद्ध धार्मिक स्थानों में से एक है 'चूड़धार' जो शिरगुल महाराज जी की तपोस्थली है।**



### शिरगुल महाराज को माना जाता है शिवस्वरूप

**शिरगुल** महाराज जिनको शिवस्वरूप माना गया है, उनका जन्म लगभग एक हजार वर्ष पूर्व सिरमौर के शाया नामक स्थान की पावन भूमि पर, उस क्षेत्र के शासक राजा भूखड़ू के घर हुआ था। बचपन में ही माता-पिता के निधन के उपरांत शिरगुल और उनके भाई अनाथ हो गए और अपने मामा के घर मनौण में रहने लगे। वहां पर मामी उनके साथ अच्छा व्यवहार नहीं करती थीं, दिनभर खूब काम करवाने के बाद भी खाने के लिए सत्तू देती थी, जिसमें मक्खी और कीट पतंगे होते थे। एक दिन मामी की रोज-रोज की प्रताड़ना से तंग आकर शिरगुल ने गुस्से से खेत में पैर मारकर पानी की धार निकाली और जल ग्रहण करके चूड़धार के लिए रवाना हुए। फागू के खेत में शिरगुल द्वारा उनके प्रताप से निकाली गई पानी की धारा आज भी मौजूद हैं। चूड़धार में कठिन तपस्या करने के बाद वो अद्भुत शक्तियों के स्वामी बन गए और लोगों के दुख-दर्द के तारणहार बन गए। लोगों की इतनी आस्था और विश्वास है उस जगह पर की लोग कई मीलों की यात्रा नंगे पांव करते हैं। अराध्य देव शिरगुल महाराज का यह धार्मिक स्थल (चूड़धार) प्रदेश के कई जिलों के लोगों के लिए महत्वपूर्ण है । जैसे सिरमौर, सोलन, शिमला के चौपाल क्षेत्र और उत्तराखंड के देहरादून निवासियों के लिए अटूट आस्था और दृढ़ विश्वास का स्थल है।

### समुद्र तल से 3647 मीटर की ऊंचाई पर है मंदिर

शिरगुल महाराज जी का यह मंदिर समुद्र तल से 3647 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। उंचाई अधिक होने से यहां पर बहुत ज्यादा बर्फबारी होती है। जिससे तापमान तो शून्य में चला जाता है मगर यहां की खूबसूरती में चार-चांद लग जाते है। ऊंची ऊंची पहाड़ियां जब बर्फ की सफेद चादर से ढकी रहती है तो रात में चांद की रोशनी में देखने पर ऐसा लगता है मानो वादियां चांदी की परत से ढंकी हुई है। देखने भर से आंखें शीतलता से भर उठती है और मन गहरे सुकून में प्रवेश कर जाता है।



## न्यूज ब्रीफ

### राज्यपाल ने एयरपोर्ट क्षेत्र में रोपा औषधीय पौधा

**अनंत ज्ञान, गगल।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला इंडिगो के विमान द्वारा दिल्ली से



सोमवार को कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचे। उन्होंने एयरपोर्ट क्षेत्र में निदेशक धीरेंद्र सिंह, कांगड़ा के एसडीएम इशांत जसवाल व नूरपुर के एसपी के साथ एक औषधीय पौधा रोपा। राज्यपाल ने बज्रेश्वरी देवी मंदिर में भी माथा टेका। इसके बाद राज्यपाल किसी कार्यक्रम के लिए नूरपुर के लिए रवाना हो गए।

### कोमल ने क्रिटिकल केयर नर्सिंग में हासिल की डिग्री

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** आलमपुर के साई गांव की बेटी कोमल शर्मा ने एमएससी



मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग (क्रिटिकल केयर नर्सिंग) में डिग्री हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। कोमल ने यह डिग्री स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान से हासिल की है। कोमल ने जमा दो तक की पढ़ाई धर्मशाला से करने के बाद डेरा बस्सी से बीएससी नर्सिंग की। उसके बाद एमएससी नर्सिंग की डिग्री पीजीआई चंडीगढ़ से हासिल की। कोमल को यह डिग्री भारत सरकार के निति आयोग के सदस्य विनोद कुमार पॉल द्वारा पीजीआई की ओर से आयोजित समारोह के दौरान दी गई।

### जीजीडीएसडी में सिमरन बनी सीएससीए अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, पालमुपर।** गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय राजपुर में



शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के लिए मेरिट के आधार पर केंद्रीय छात्र परिषद का गठन किया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में बीएससी मेडिकल तृतीय वर्ष की छात्रा सिमरन जसरोतिया ने अध्यक्ष, बीबीए तृतीय वर्ष की पल्लवी ने उपाध्यक्ष, बीए द्वितीय वर्ष की कनिका देवी ने सचिव पद की शपथ ग्रहण की। बीकॉम तृतीय वर्ष से सुनैना, बीए तृतीय वर्ष से नीतिका, बीए द्वितीय वर्ष से साक्षी, बीएससी नान मेडिकल द्वितीय वर्ष से नयन आर खवाला, बीएससी मेडिकल द्वितीय वर्ष से जाहन्वी सुग्गा, बीए प्रथम वर्ष से प्रांजुल, बीएससी नॉन मेडिकल प्रथम वर्ष से साहिल राणा, बीएससी मेडिकल प्रथम वर्ष से तन्वी ने कक्षा प्रतिनिधि की शपथ ली। रेड रिबन क्लब से बीए द्वितीय वर्ष से लक्षिका गोस्वामी, कल्चरल सेल से बीकॉम तृतीय वर्ष की शालिनी और बीए प्रथम वर्ष की दीपाली, एनएसएस से बीकॉम तृतीय वर्ष की आस्था और बीकॉम तृतीय वर्ष के राहुल ने भी शपथ ग्रहण की।

### पुन्नर स्कूल के एनएसएस शिविर का समापन



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुन्नर के सात दिवसीय एनएसएस कैंप का समापन समाजसेवी नवजीवन शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा इन सात दिनों में विद्यालय परिसर की साफ सफाई व साथ लगते डकरेर में बाबड़ी की सफाई के लिए किए गए श्रमदान करने पर प्रशंसा की और समाज के लिए रचनात्मक योगदान देने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य अंजू लता ठाकुर ने मुख्यातिथि द्वारा विद्यालय विकास के लिए 11000 रुपए की धनराशि दान देने के लिए उनका विशेष आभार प्रकट किया। प्रधानाचार्या द्वारा सात दिवसीय शिविर में स्वयंसेवियों द्वारा किये गए श्रम दान पर उनकी प्रशंसा की व विद्यालय व समाज के लिए सदैव समर्पित रहने का आह्वान किया।

### अग्निवीर भर्ती का अंतिम परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** अग्निपथ योजना भर्ती वर्ष 2024-25 के तहत कांगड़ा और चंबा जिला से अग्निवीर कार्यालय सहायक, स्टोर कीपर तकनीकी का परिणाम घोषित कर दिया गया है। सेना भर्ती कार्यालय, पालमपुर के भर्ती निदेशक कर्नल मनिष शर्मा ने प्रेस वार्ता के माध्यम से बताया कि अग्निवीर कार्यालय सहायक, स्टोर कीपर तकनीकी ऑनलाइन लिखित परीक्षा व शारीरिक परीक्षा का फाइनल परिणाम घोषित कर दिया गया है। कुल 22 उम्मीदवार चयनित हुए हैं। चयनित उम्मीदवार अपना परिणाम भारतीय सेना के अधिकारिक वेबसाइट joinindianarmy.nic.in पर देख सकते हैं।

### मझेड़ा गांव में निकली प्रभु श्रीराम की बारात

**अजय पाल, पंचरुखी।** विधानसभा जयसिंहपुर के मझेड़ा गांव मे करवाई जा रही



रामलीला के चौथे नवरात्र को सीता स्वयंवर का मंचन किया गया। रामलीला मे हिमाचल के लोकप्रिय गायक धीरज शर्मा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। रामलीला क्लब के सदस्यों ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। राम लीला मंचन मे भव्य शोभा यात्रा के साथ प्रभु श्री राम की बारात भी निकाली गई, जिसमें बहुत सारे लोगों ने भाग लिया। धीरज शर्मा ने भजन व भेंटे गाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। शर्मा के भजन व भेंटे सुनकर पूरा पंडाल नाचने को मजबूर हो गया। रामलीला क्लब के प्रधान अटल देव ने कहा कि छठे नवरात्र को आयुष, खेल, युवा सेवाएं एवं कानून मंत्री यादविंद गोमा मुख्यातिथि व पहाड़ी गायक कैलाश डोहरू विशेष अतिथि के रूप मे उपस्थित रहेंगे।

### फुटबॉल प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, डरोह ।** मौल घाटी युवा क्लब सांबा द्वारा स्वर्गीय नरेश कुमार की स्मृति में आयोजित वॉलीबाल ट्रॉफी प्रतियोगिता का समापन समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 11,000 रुपए की नकद राशि और उपविजेता टीम को 5,100 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। खेल का प्रबंधन प्रमुख रूप से गेम मैनेजर अमन डोगरा द्वारा किया गया, जिनकी देखरेख में सभी मैच सफलतापूर्वक संपन्न हुए। समारोह के मुख्यातिथि मेहर चंद ने विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया और खेल भावना को सराहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से राज कुमार, नरेंद्र मोहन, मोहिंदर सिंह, विजय लाल और जीवा नंद शामिल थे।

### डरोह स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डरोह की राष्ट्रीय सेवा योजना के समापन समारोह की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य रजनीश अत्री के द्वारा की गई। मुख्यातिथि रजनीश अत्री ने स्वयंसेवकों को विशेष शिविर में अनुशासन, कर्तव्य निष्ठा, प्रभावशाली नेतृत्व और निस्वार्थ सेवा भाव से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया । इस सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह में विद्यालय के समस्त शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग ने भाग लिया। स्वयंसेवकों ने एक आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी धर्मपाल जम्वाल ने शिविर की रिपोर्ट मुख्यातिथि और अन्य अतिथियों के सामने रखी और स्वयंसेवकों को भविष्य में आने वाली चुनौतियां का सामना करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उनके मंगलमयी भविष्य की कामना की। सभी स्वयंसेवकों को उनके कार्यनुसार पारितोषिक वितरित किए गए।

# सशस्त्र क्रांति के पहले जननायक थे वजीर राम सिंह पठानिया : शुक्ल

## राज्यपाल ने महान स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा का किया अनवारण, दी श्रद्धांजलि

**संजीव महाजन, नूरपुर**




राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि वजीर राम सिंह पठानिया ने भारत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ पहले संगठित सशस्त्र विद्रोह का नेतृत्व कर लोगों को ब्रिटिश सेना के खिलाफ खड़ा होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि उनकी विरासत हमारे दिलों और दिमागों में हमेशा जिंदा रहेगी।

राज्यपाल सोमवार को नूरपुर उपमंडल में महानायक वजीर राम सिंह पठानिया की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वजीर राम सिंह पठानिया एक महान स्वतंत्रता सेनानी, सशस्त्र क्रांति के जननायक थे, जिनका नाम इतिहास के पन्नों में साहस, देशभक्ति और दृढ़ संकल्प के प्रतीक के रूप में अंकित है। उन्होंने कहा, 'आज, हम न केवल उनके असाधारण जीवन को श्रद्धांजलि देने के लिए, बल्कि उनकी विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए भी एकत्र हुए हैं, जो पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनी हुई है।' शुक्ल ने कहा कि वजीर राम सिंह पठानिया एक बहादुर योद्धा से कहीं बढ़कर थे। उन्होंने भारत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ पहले संगठित सशस्त्र विद्रोह का नेतृत्व किया। 1857 के विद्रोह से बहुत पहले वर्ष 1848 में उन्होंने पहाड़ी क्षेत्रों में विद्रोह का नेतृत्व किया और लोगों को ब्रिटिश सेना के खिलाफ खड़ा होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शाहपुर में उनकी लड़ाई उनकी सैन्य कुशलता और अपने लोगों के लिए स्वतंत्रता की उनकी अथक खोज का प्रमाण है। उन्होंने मुट्ठी भर साथियों के साथ अंग्रेजी साम्राज्य की नींव हिलाकर रख दी थी। राज्यपाल ने कहा, 'यह प्रतिमा न केवल हमें प्रेरित करेगी, बल्कि वजीर राम सिंह पठानिया की अदम्य भावना का प्रमाण भी बनेगी। उनकी विरासत हमारे दिलों और दिमागों में हमेशा जिंदा रहेगी और उनकी कहानी हमारे महान राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि में योगदान देने के लिए कई और लोगों को प्रेरित करती रहेगी।' (अनंत ज्ञान)

### सकोह में बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल

**धर्मशाला।** सकोह में तीन बाइकों में हुई टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह एक बाइक सवार धर्मशाला से चैतड़ू की ओर जा रहा था। इसी दौरान चैतड़ू से धर्मशाला की ओर कुछ युवा बाइक पर तेज रफ्तार से आ रहे थे। इस दौरान इनकी बाइक चैतड़ू की ओर से जा रहे युवक की बाइक से टकरा गई। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए जोनल अस्पताल धर्मशाला लाया गया। पुलिस थाना धर्मशाला में मामला दर्ज किया गया है।

### स्कूल बस से टकराई स्कूटी

**देहरा।** नैहरनपुखर में सोमवार सुबह एनएच एक स्कूटी चालक स्कूल बस से टकरा गया। हादसे में स्कूटी चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे सिविल अस्पताल देहरा ले जाया गया। कहा जा रहा है कि स्कूटी चालक ओवरटेक करते वक्त वहां से गुजर रही कार से टकराने के बाद सामने से आ रही बस के नीचे आने से बाल-बाल बच गया।

### शादी मुबारक



ठारू (नगरोटा बगवां) के शिव प्रशांत और तनू को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### सीसीटीवी फुटेज के सहारे पिकअप को तलाश रही पुलिस

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत आते गांव ओडर में घर के पास पार्क पिकअप चोरी के मामले में जीप का कोई सुराग नहीं लग सका है। पिकअप के मालिक ने पुलिस थाना धर्मशाला में इस संबंध में मामला दर्ज करवाया था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार हरि सिंह पुत्र मिल्की राम निवासी ओडर (घरोह) ने अपनी पिकअप जीप को घर के पास ही खड़ा किया था, लेकिन उसे कोई चुरा ले गया है। जीप से संबंधित कागज भी उसी में थे। जीप बनोई में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। हालांकि अभी तक चोरों का पता नहीं चल सका है। पुलिस थाना प्रभारी धर्मशाला नारायण सिंह ने कहा कि पुलिस वाहन को बरामद करने के लिए सीसीटीवी आदि चेक कर रही है।

### महिला ने गलती से निगला जहरीला पदार्थ, टांडा में मौत

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत गलती से जहर निगलने से मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार शनिवार रात को घरोह क्षेत्र की 46 महिला को क्षेत्रीय अस्पताल लाया गया था। महिला की हालत को देखते हुए उसे उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज टांडा में रेफर कर दिया गया था। उक्त महिला की सोमवार को मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस थाना धर्मशाला के एसएचओ नारायण सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

### बिजली उपभोक्ता 31 से पहले करवाएं केवाईसी

**देहरा।** विद्युत उपमंडल ढलियारा के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ताओं के विद्युत मीटरों को आधार कार्ड व परिवार नकल से जोड़ने की प्रक्रिया 1 अक्तूबर से शुरू कर दी गई है, जिसकी अंतिम तिथि 31 अक्तूबर है। सहायक अभियंता मनीष कुमार संधू ने कहा कि जब बिजली कर्मचारी बिल जारी करने अथवा आधार कार्ड लिंक करने के लिए उपभोक्ताओं के घर जाएगा, उस समय केवाईसी के लिए जरूरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड और मोबाइल नंबर, जो कि आधार कार्ड से जुड़ा हो को पहले से ही उपलब्ध रखें, ताकि केवाईसी के काम को समय पर किया जा सके। साथ में यह भी सूचित किया जाता है कि जिन उपभोक्ताओं ने विद्युत बिलों का भुगतान सितंबर या इससे अधिक समय से नहीं किया है वे सभी बिलों का भुगतान 10 अक्तूबर से पहले कर दें अन्यथा उनके बिजली के कनेक्शन बिना किसी पूर्व सूचना के अस्थायी तौर पर काट दिए जाएंगे।

### एनएसजी की मॉक ड्रिल संपन्न

**धर्मशाला।** प्रत्येक वर्ष देश के चुन्निदा राज्यों में सुरक्षा की दृष्टि से मॉक ड्रिल करने वाले राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड ने इस वर्ष हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा को चिन्हित करके मॉक ड्रिल का आयोजन दिनांक 5 से 7 अक्तूबर तक किया। इस दौरान धर्मशाला और कांगड़ा में स्थित विश्व प्रसिद्ध क्रिकेट स्टेडियम, नामग्याल बुद्ध मठ, धर्मशाला के अति व्यस्त स्थानों और मैक्लोडगंज जैसे संवेदनशील स्थलों में यह अभ्यास किया गया।

### हिमाचल प्रदेश में केवल पचास प्रतिशत स्पोर्ट्स कोच ही दे रहे सेवाएं

## प्रदेश के 7 जिलों में नहीं खेल अधिकारी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

खेलो इंडिया तथा खेलेगा इंडिया जैसे स्लोगन खेलों के प्रति एक सम्मान तथा जीत की उम्मीद को हवा जरूर देते हैं, लेकिन जमीन पर आधारभूत सुविधाएं मुहैया न करवा पाने तक ये स्लोगन बेमायने हैं। प्रदेश की खेल प्रतिभाएं देश तक में अपना नाम बनाने के प्रयासों में सफल नहीं हो पा रही हैं। हालत ये हैं कि प्रदेश के 3 जिलों के अलावा खेल विभाग के पास कई पद रिक्त पड़े हैं। प्रदेश के मात्र तीन जिलों में ही जिला खेल अधिकारी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा, मंडी, सोलन, ऊना, चंबा तथा हमीरपुर आदि जिलों में अरसे से पद रिक्त हैं। लिहाजा वैकल्पिक आधार पर प्रदेश का खेल विभाग लंगड़ी चाल से प्रदेश के खेल विकास को लेकर काम कर रहा है। शिमला, बिलासपुर तथा कुल्लू जिले में ही जिला खेल अधिकारी के पदों पर अधिकारी तैनात हैं। वहीं, लाहौल-स्पीति में एसडीएम के पास जिला खेल अधिकारी का कार्यभार रहता है। उधर, इस संदर्भ में जब खेल विभाग के शिमला स्थित सहायक निदेशक हितेश आजाद से संपर्क किया गया तो उन्होंने कि जिला खेल अधिकारियों के रिक्त पड़े पदों को भरने के लिए एचपीएसएससी को प्रस्ताव भेजा गया है। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

#### स्कूलों और कॉलेजों में भी कई पद खाली

**प्रदेश** के खेल विभाग में 50 कोच के प्रतिशत पद खाली हैं। प्रदेश के स्कूलों तथा कॉलेज में भी यही हाल है। डीपीई तथा पीईटी के हजारों पद रिक्त पड़े हैं। यहां ऊना जिला के आंकड़ों पर गौर करें तो कुल 256 स्कूलों में से 150 में पीटीआई के पद खाली पड़े हैं। वहीं ऐसे ही हालात पूरे प्रदेश भर में हैं। बताते चलें कि धर्मशाला खेल विभाग के तहत 4 खेल, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स, ताईक्वांडो तथा जिम्नास्टिक शामिल हैं। यहां 4 ही कोच हैं। हालांकि सबसे बड़ा जिला होने के कारण प्रति ब्लॉक कोच के हिसाब से 16 कोच की जरूरत है। बावजूद इसके 4 कोच ही विभाग में सेवाएं दे रहे हैं।



#### सफेद हाथी बने खेल परिसर

**कांगड़ा** जिला के तहत करीब 14 खेल परिसर या तो बन चुके हैं या फिर लगभग बन चुके या प्रस्तावित हैं। इनमें नूरपुर में खेल परिसर, पालमपुर, खोली, जयसिंहपुर, फतेहपुर, लंबानाला, प्रागपुर, जवाली, देहरा तथा ढलियारा कॉलेज के खेल परिसर शामिल हैं। कुछ परिसर करोड़ों के बजट से तैयार तो हो चुके हैं, लेकिन इन्हें संचालित करने के लिए स्टाफ की कमी है।

# पांचवें नवरात्र को बज्रेश्वरी मंदिर में 7000 श्रद्धालुओं ने टेका माथा

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। सुबह 5 बजे ही मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं का मंदिर में लगा तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं का रात से से ही आने का सिलसिला जारी रहा। मंदिर अधिकारी नीलम राणा से बात की तो उन्हों बताया कि चौथे नवरात्र में मां भगवती के दर पर 4 लाख 32 हजार 613 रुपए श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए। पांचवें नवरात्र में मंदिर में 7 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए। (अनंत ज्ञान)

### शिक्षा मंत्री रोहित ने मंदिर में नवाया शीश



कांगड़ा। सोमवार को पांचवें नवरात्र पर श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर एवं पालमपुर के विधायक एवं सीपीएस आशीष बुटेल ने माथा टेका। इस मौके पर एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल और मंदिर अधिकारी कांगड़ा नीलम राणा ने उन्हें माता की फोटो देकर और चुनरी पहनाकर सम्मानित किया।

### सीयू भारतीय ज्ञान परंपरा से विद्यार्थियों को कराएगी अवगत

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि यूनाइटेड किंगडम में भारतीय मूल के लगभग 139,539 शिक्षा वीजा के तहत शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इन विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा से अवगत करवाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे ये विद्यार्थी भारत और भारतीयता पर गर्व कर सके और भारतीयता का परचम पूरे विश्व में लहरा सके। विदेशों में शिक्षा ग्रहण कर रहे लगभग 13 लाख विद्यार्थी भारत के बारे में जानने के लिए इच्छुक हैं और सीयू इनको भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने का प्रयास करेगी।

# 68वीं अंतरजिला पंजाब स्कूल ताइक्वांडो प्रतियोगिता शुरू

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

पंजाब स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी सेकेंडरी राजेश कुमार और जिला खेल कोऑर्डिनेटर अरुण कुमार के कुशल नेतृत्व में 68वीं अंतरजिला प्रदेश स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता अंडर-19 (लड़के/लड़कियां) की शुरुआत कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूलजुगियाल में की गई। इसमें जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार सेकेंडरी शिक्षा और कमलदीप कौर जिला शिक्षा अधिकारी एलिमेंट्री शिक्षा मुख्यातिथि के तौर पर मौजूद रहे। इसी तरह प्रिंसिपल शुभ्रा रानी, प्रिंसिपल वनिता महाजन, डॉक्टर संजीव सलारिया जिला प्रधान ताइक्वांडो एसोसिएशन और भजन दास सीनियर वाइस प्रधान कराटे एसोसिएशन विशेष मेहमान के रूप में उपस्थित हुए। इसके बाद अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत की गई। 11 अक्तूबर तक चलने वाली प्रतियोगिता में 23 जिलों के 300 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. शिवानी, प्रिंसिपल कुसुम, प्रिंसिपल अरुणा, प्रिंसिपल सतीश शर्मा, प्रिंसिपल पुनीत, प्रिंसिपल प्रीति, प्रिंसिपल कमलेश पटियाल, प्रिंसिपल पुनीत, हेड मिस्ट्रेस रेनू सैनी, गुलजार सिंह, निखिल, अमृतपाल कौर, साक्षी, राजीव मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### कांगड़ा एयरपोर्ट पर पत्रकार से बदतमीजी करने की शिकायत

**गगल।** एयरपोर्ट पर सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी वीआईपी लोगों के लिए सदैव तत्पर रहती है। लेकिन आम जनता के लिए सुरक्षाकर्मी बदतमीजी पर उतरने के लिए तैयार रहते है । ऐसा ही उदाहरण 6 अक्तूबर को मिला जब एक सुरक्षा कर्मी पत्रकार से ही बदतमीजी पर उतर आया। पत्रकार अपनी बेटी जो दिल्ली से स्पाइस जेट विमान से कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंची थी, उसे रिसीव करने के लिए गाड़ी लेकर खड़ा था कि सुरक्षा कर्मी उनके साथ बदतमीजी पर उतर आया और पत्रकार की गाड़ी का वीडियो बनाना शुरू कर दिया। जब इस घटना के में बारे में एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह से शिकायत की तो उन्होंने कहा कि इसकी पूरी जांच करवाई जाएगी। इस बारे प्रभावित पत्रकार ने पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री को भी सुरक्षा कर्मी के खिलाफ शिकायत कर दी है।

# हिमाचल की बेटियों को रोजगार दिलाने के लिए जारी रहेंगे प्रयास : कै . संजय पराशर

**गरली सालबिया शर्मा**



कैप्टन संजय पराशर ने कहा है कि हिमाचली लड़कियां मर्चेंट नेवी में अपना करियर बनाएं, इसके लिए लगातार प्रयास जारी रहेंगे। सोमवार को डीएवी स्कूल भरौली में आयोजित मार्गदर्शन शिविर में संजय ने कहा कि बेशक यह प्रयास आने वाले समय में प्रदेश में युवाओं को मर्चेंट नेवी में नौकरी के लिए वरदान साबित होगा।

पराशर ने इस करियर गाइडेंस कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश की युवतियों को रोजगार के अधिक से अधिक अवसरों का सृजन करना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इस बात की प्रसन्नता हो रही है कि मार्गदर्शन शिविरों में स्थानीय जनप्रनिधियों और शिक्षण संस्थानों के प्रबंधकों का पूरा सहयोगी और समर्थन मिल रहा है। इस दौरान ट्रेनिंग शिप रहमान के कैप्टन आशुतोष ने कहा कि यहां की बेटियां डॉलर्स में सैलरी पाएंगी। परिवारों की आर्थिकी सुदृढ़ होगी। रोजगार के क्षेत्र में प्रदेश आगे बढ़ेगा। मार्गदर्शन शिविर में 200 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

### पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने सराहे कै. पराशर के कार्य

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश का एक सपूत वर्षों पहले हिमाचल से दूर महाराष्ट्र में गया और अपने परिश्रम और योग्यता से उद्योग जगत में अपना नाम बनाया। शांता कुमार ने कहा कि कै. संजय पराशर हिमाचल के इतिहास में अपनी प्रकार के पहले व्यक्ति हैं, जो अपने अनुभव के आधार पर वे सैकड़ों युवाओं को रोजगार दिलवा चुके हैं। अब तो मर्चेंट नेवी में हिमाचल की लड़कियों को भी नौकरी दिलवाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सराहनीय कार्य के लिए में सेवा की उनकी भावना को नमन करता हूं। पूर्व सीएम ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आग्रह किया है कि वे कै. संजय पराशर के अनुभव और संबंधों का उपयोग करने की योजना बनाएं। यदि सरकार का भी सहयोग मिले तो हिमाचल प्रदेश के सैकड़ों बेरोजगारों को रोजगार मिल सकता है।

# सिर्फ शिक्षा क्षेत्र में फॉलो करेंगे यूपी मॉडल : रोहित

**सोनाली संधू, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर सोमवार को कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचे, जहां उनका कांग्रेस नेताओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर कांगड़ा और चंबा जिलों में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

मीडिया से बात करते हुए शिक्षा मंत्री ने हाल ही में शिक्षा के क्षेत्र में चल रही चर्चाओं पर अपनी राय दी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए उत्तर प्रदेश (यूपी) मॉडल की चर्चा की गई थी। इस पर स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा, यूपी मॉडल का जिक्र केवल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के संदर्भ में किया गया था। उनहोंने कहा कि हमारा उद्देश्य यह है कि हिमाचल प्रदेश की शिक्षा प्रणाली में जो गिरावट आई है, उसे सुधारने के लिए देश के किसी भी प्रदेश का बेहतर मॉडल अपनाया जा सकता है।' उन्होंने चिंता व्यक्त की कि हिमाचल प्रदेश शिक्षा के स्तर पर पूरे देश में 21वें स्थान पर पहुंच गया है। (अनंत ज्ञान)

स्पोर्ट्स

### रैत में छात्राओं की राज्य स्तरीय अंडर-19 मेजर खेल प्रतियोगिता का समापन

# शिक्षा मंत्री रोहित ने विजेताओं को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**




शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के रैत में 4 से 7 अक्तूबर तक चली छात्राओं की राज्य स्तरीय अंडर-19 मेजर खेल प्रतियोगिता का समापन आज शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की उपस्थिति में हुआ। प्रतियोगिता में हैंडबॉल, हॉकी, बास्केटबॉल और फुटबॉल की स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने यहां विजेता खिलाड़ियों और टीमों को पुरस्कारों से नवाज़ा। रोहित ठाकुर ने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैत को डेढ़ करोड़ रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि रैत स्कूल के उन्नयन के लिए प्रथम चरण में यह राशि दी जा रही है। समापन समारोह में मुख्य संसदीय सचिव शहरी विकास एवं शिक्षा आशीष बुटेल और उपमुख्य सचेतक व विधायक शाहपुर केवल सिंह पठनिया भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में हैंडबाल में बिलासपुर प्रथम व मंडी द्वितीय, हॉकी में सिरमौर विजेता तथा ऊना उपविजेता, बास्केटबॉल में बिलासपुर प्रथम एवं हमीरपुर द्वितीय जबकि फुटबॉल में बिलासपुर प्रथम तथा शिमला दूसरे स्थान पर रहा। बास्केटबॉल में स्पोर्ट्स होस्टल सरकाघाट राज्य विजेता जबकि हॉकी में स्पोर्ट्स होस्टल माजरा राज्य विजेता रहे।

# राष्ट्रसेवा में नरेंद्र मोदी के अनवरत 23 साल पर शुभकामनाएं : अनुराग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन में 23 वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके दीर्घायु व ऊर्जावान जीवन की कामना की है।



अनुराग ठाकुर ने कहा दुनिया के सबसे लोकप्रिय व सर्वमान्य नेता भारत को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृतसंकल्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संवैधानिक पद कार्यरत और सार्वजनिक जीवन में 23 वर्ष पूरे करने पर मैं अपनी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ, साथ ही मैं उनके स्वस्थ, सुखी, दीर्घायु व ऊर्जावान जीवन की कामना करता हूँ ताकि वह इसी तन्मयता से राष्ट्र नवनिर्माण के संकल्प में हम सब का नेतृत्व करते रहें।

प्रधानमंत्री का संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित और जनसेवा के लिए समर्पित रहा है। मोदी जी ने एक तरफ तो अंत्योदय की मूल भावना से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया तो वहीं दूसरी तरफ हमारे सांस्कृतिक विरासत को सहेजने व इसके वैभव को बढ़ाने का काम किया। मोदी की नीतियों से आज विदेशों में भारत की साख और गरिमा निरंतर बढ़ती जा रही है। एक राष्ट्रसाधक के रूप में देशवासियों के लिए समर्पित उनकी जीवन यात्रा के हम सब साक्षी रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### संतोषी माता मंदिर लदरौर में उमड़ी भक्तों की भीड़



**अनंत ज्ञान, जाहू।** उत्तरी भारत का प्रसिद्ध संतोषी माता मंदिर में नवरात्र के पांचवें दिन हजारों भक्तों ने माथा टेका। मंदिर में सुबह से मंदिर में माता के दर्शन करने के लिए भक्तों की लाइनें लगना शुरू हो गईं। मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए मंदिर कमेटी ने एक अतिरिक्त प्रवेश द्वारा का निर्माण किया है ताकि भक्तों को आने-जाने में कोई कठिनाई न हो। इससे पहले मंदिर में एक ही प्रवेश और निकासी द्वार हुआ करते था, अब मंदिर में दो प्रवेश द्वार होने से श्रद्धालु एक गेट से मंदिर में माथ टेकने जा रहे हैं और दूसरे प्रवेश द्वार से बाहर निकल रहे हैं। मंदिर कमेटी के प्रधान बलवंत सिंह ने बताया कि पांचवें नवरात्र पर सुबह से भक्तों का आना शुरू हो गया था। उन्होंने बताया कि नवरात्रों के उपलक्ष्य पर हर दिन मंदिर में भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

### बालिका दिवस पर निकाली जागरूकता रैली




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने हमीरपुर में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना एवं अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अंतर्गत एक जागरूकता रैली आयोजित की, जिसमें क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर इस जागरूकता रैली को रवाना किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय से आरंभ हुई यह रैली शहर के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरने के बाद वापस कार्यालय परिसर में ही समाप्त हुई। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे लगाकर लोगों को बेटियों के साथ भेदभाव न करने तथा उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करने का संदेश दिया।

### जिले में आज और 2 नवंबर को लोकल छुट्टी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला में इस वर्ष महाष्टमी और गोवर्धन पूजा के दिन स्थानीय अवकाश रहेगा। जिला प्रशासन ने ये दो लोकल छुट्टियां इस वर्ष की शुरुआत में ही तय कर दी थीं। जनवरी माह में जिलाधीश हमीरपुर की ओर से जारी आदेश के अनुसार इस वर्ष 11 अक्तूबर शुक्रवार को महाअष्टमी और 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य पर स्थानीय अवकाश रहेगा।

### बच्चों को मर्चेंट नेवी में प्रवेश लेने के लिए दिए टिप्स



**नादौन।** डीएवी भड़ोली में सीईओ वीआर मैरीटाइम प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से एक सत्र का आयोजन कक्षा दसवीं से बारहवीं के बच्चों के लिए किया गया। इसमें कैप्टन संजय पराशर, डॉ. आशुतोष, अपेंडकर प्रिंसिपल टीएस रहमान कॉलेज मुंबई मनीषा सोनी, प्रोफेसर, सानिया ट्रेनी, शिवानी, आनंद सूद व स्टाफ उपस्थित रहा। उन्होंने बताया कि किन-किन तरीकों से वे मर्चेंट नेवी में जा सकते हैं। हर युवा का सपना होता है कि सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करनी है। उन्होंने लड़कियों को भी मर्चेंट नेवी में आने के लिए प्रोत्साहित किया। उसके लिए उन्होंने विभिन्न प्रकार के मापदंडों को बच्चों के साथ साझा करके उन्हें फिजिकल फिटनेस गतिविधि,नशा जैसी दुर्व्यसनों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। अपने ब्राइट करियर के लिए वे मर्चेंट नेवी का चुनाव कर सकते हैं। स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने बच्चों को टिप्स देने के लिए धन्यवाद किया तथा बच्चों को उनके द्वारा बताए गए मर्चेंट नेवी भर्ती के मापदंडों को अमल करने के लिए प्रेरित किया।

### पुराने पंखों व ट्यूब्स की नीलामी 23 को

**नादौन।** बीडीओ नादौन के पुराने कार्यालय भवन में नकारा घोषित किए गए पुराने पंखों व ट्यूब्स की सार्वजनिक नीलामी 23 अक्तूबर को होगी। इसके लिए बोलीदाता नियमानुसार आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए बीडीओ निशांत शर्मा ने बताया कि नीलामी के नियमों एवं शर्तों के संबंध में अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस को बीडीओ कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### रोबोट और ड्रोन बनाने की कला सीखेंगे अध्यापक



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डाइट गौना करौर हमीरपुर में तीन दिवसीय रोबोटिक्स कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को डाइट हमीरपुर के प्रधानाचार्य मदन लाल बन्याल ने किया। इस कार्यशाला में नादौन और भोरंज ब्लॉक के 27 अध्यापक भाग ले रहे हैं। यह कार्यशाला 7 से 9 अक्तूबर तक आयोजित की जाएगी। स्कूल नेट इंडिया से आए हुए रिर्सोस पर्सन विवेक, राजीव और निशांत तीन दिनों में अध्यापकों को रोबोट्स और ड्रोन बनाने का प्रशिक्षण देंगे। इस कार्यशाला में डाइट फैकल्टी से छह प्रवक्ता भी भाग ले रहे हैं। कार्यशाला के समन्वयक अनिल धीमान ने बताया कि कार्यशाला छात्रों को रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान के अवसर प्रदान करेगी। डाइट फैकल्टी पुनीत कुमार ने कहा कि कार्यशाला के आयोजन से छात्रों को नई तकनीकों के बारे में जानने और अपने भविष्य को बनाने का अवसर मिलेगा। कार्यशाला में नरेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार, संदीप कौशल, संजीव धीमान विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### 20 तक बंद रहेगी ख्याह-भरनोट थलाकना-भरटूं सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपमंडल हमीरपुर में ख्याह-भरनोट थलाकना-भरटूं सड़क की मरम्मत के कारण इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 20 अक्तूबर तक बंद रहेगी। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि ख्याह-भरनोट थलाकना-भरटूं सड़क के मरम्मत कार्य को तेजी से पूरा किया जा रहा है। मरम्मत कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने के लिए इस सड़क पर यातायात 20 अक्तूबर तक बंद किया गया है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक कलंझड़ी से कोट-चौरी-अंसला मार्ग से आवाजाही कर सकते हैं। उन्होंने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

## वोल्वो के क्यों फट रहे टायर, ब्रेकडाउन का सिलसिला लगातार जारी

# दिल्ली-पालमपुर वोल्वो बस सलौनी के पास हुई ब्रेकडाउन

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

वोल्वो बसें यात्रियों के भरोसे को क्यों तोड़ रही हैं। बार-बार ब्रेकडाउन होने की वजह से यात्री इन बसों में सफर करने पर परेशान हो रहे हैं। रोज-रोज किसी न किसी रूट पर बेसन के ब्रेकडाउन होने या उनके टायर फटने की खबरें आ रही हैं। यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी हो रही है या सिलसिला टूट नहीं रहा। दिल्ली से हमीरपुर आने वाली एक और बस सलौनी के पास टायर फटने की वजह से खड़ी हो गई। आनन-फानन में स्टेफनी से काम चला लिया और बस पालमपुर भी पहुंच गई, लेकिन एक घंटा देरी की वजह से यात्रियों को परेशानी तो हुई ही।

सलौनी के पास जी बस का टायर पंचर हुआ या फट गया। उसके यात्री बार-बार यही कोस रहे थे कि ऐसा पहली बार नहीं बहुत बार हो चुका है। एक यात्री रमेश कुमार जो अक्सर इस बस में सफर करते रहते हैं, का कहना था कि पिछले दो महीनों में उनके साथ ऐसा तीसरी बार हो गया है। (अनंत ज्ञान)



सलौनी में पंचर लगाने के लिए खड़ी वोल्वो बस और बाहर खड़े यात्री।

### यात्रियों की शिकायतों पर किया जाएगा गौर : आरएम

हालांकि पालमपुर के आरएम उत्तम चंद का कहना था कि इस पर ध्यान दिया जाएगा और बसों की कंडीशन को लेकर यात्रियों की इन शिकायतों पर गौर किया जा रहा है।

### बसों के टायर बेहद खराब हालत में हैं

गौरतलब यह है कि चार दिन पहले भी पालमपुर-दिल्ली रूट पर चलने वाली वोल्वो बस की यही हालत थी। आलमपुर के पास वह ब्रेकडाउन हो गई। फिर जहां से चली थी, यानी पालमपुर से नई बस ब्रेकडाउन होने वाली जगह पर पहुंची। सवारियों को उसमें ले जाना पड़ा, मगर चंडीगढ़ पहुंचते-पहुंचते उसका टायर फट गया था। टायर इन बसों के बेहद खराब हालत में हैं। यह स्थिति भी यात्रियों के लिए पीड़ादायक है।

# सुजानपुर कांग्रेस के 'असंतुष्ट' हुए 'संतुष्ट'! गिले-शिकवे हुए दूर, अब हल करवाएंगे समस्याएं

### बीती रात सुजानपुर रेस्ट हाउस के बंद कमरे में विधायक रंजीत से हुई बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

सुजानपुर के असंतुष्ट कांग्रेसियों के गिले-शिकवे लगता है विधायक के साथ हुई बंद कमरे की बैठक में दूर हो गए हैं। बीती देर रात तक सुजानपुर रेस्ट हाउस में हुई बैठक के बाद 'असंतुष्ट' कांग्रेसियों के चेहरों पर 'रौनक' लौट आई है।

काबिले गौर यह है कि कुछ दिन पहले सुजानपुर के एक निजी होटल में इन कांग्रेसियों ने आरोप लगाया था कि उनकी नहीं सुनी जा रही। यहां के प्रमुख नेता इसमें खलल डाले हुए हैं, लेकिन शिमला से लौटने के तुरंत बाद विधायक कैप्टन रंजीत सिंह राणा ने इन तमाम दो दर्जन से ज्यादा कांग्रेसियों के साथ बंद कमरे में सुजानपुर के विश्रामगृह में एक घंटे से ज्यादा देर रात तक मुलाकात की।

**सीएम के राजनीतिक सलाहकार से भी की थी मुलाकात :** सुजानपुर में बैठक से पहले हमीरपुर में भी यह असंतुष्ट कांग्रेसी मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू से भी मिले थे। बताते हैं कि उन्होंने उनसे भी स्वयं पर के ताजा हालात की चर्चा की थी। उसके बाद शाम को कई नेताओं को खुद विधायक कैप्टन रंजीत सिंह ने फोन करके सुजानपुर में मीटिंग में पहुंचने के लिए कहा था।

**क्या हो पाए संतुष्ट :** दरअसल सुजानपुर में विधानसभा उपचुनाव से पहले ही कांग्रेस संगठन के दरमियान जो हालात बने थे, उसमें अभी कोई सुधार नहीं हो पाया है। ब्लॉक की कार्यकारिणी वहां गठित नहीं हो पाई है। ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा की अगुवाई में विधानसभा का उपचुनाव वहां हुआ था। अब देखना यही है कि सुजानपुर में जो कांग्रेसी असंतुष्ट हुए थे, वह क्या संतुष्ट हो गए हैं?

### गलतफहमी न पालें : विधायक

विधायक का कहना था कि वे सारे उनके लिए प्रिय हैं और किसी भी तरह की कोई गलतफहमी वे न पालें। जब भी उन्हें कोई दिक्कत हो, वे उनसे सीधे मिलकर समस्याओं का हल करवाएं।

### बैठक में महिला नेत्रियां भी शामिल

प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस बैठक में आधा दर्जन से ज्यादा महिला नेत्रियां भी थीं। बताते हैं कि बैठक काफी सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई और विधायक ने इस बात को लेकर नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं से कहा कि वे किसी भी तरह का भ्रम न पालें। वे सीधे उनसे मिला करें, यही सुजानपुर के हित में रहेगा। सुजानपुर के मौजूदा कार्यालय को लेकर भी इस बैठक में चर्चा हुई और कहा गया कि इसमें भी बदलाव होगा।

### सीएम से करेंगे मुलाकात

उधर, असंतुष्टों का गुस्सा अब भले ही थम गया हो। मगर वे एक बार मुख्यमंत्री से भी इकट्ठे होकर इस सिलसिले में मिलने वाले हैं। उन्हें बताया गया कि मुख्यमंत्री जैसे ही नादौन में आएंगे, वे सभी उनसे मिलकर सुजानपुर के हालात की चर्चा करेंगे। वास्तविक तस्वीर उन्हें बताएंगे।

## 15 तक बंद रहेगी गंडियाणा-बडैतर सड़क

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन उपमंडल में चैड़ू-भौऊ-जीहण सड़क पर गंडियाणा से बडैतर तक सड़क का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जा रहा है। इसके चलते गंडियाणा-बडैतर सड़क पर यातायात 15 अक्तूबर तक बंद किया गया है।

इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने कहा कि गंडियाणा और बडैतर के बीच सड़क के कार्य को सुचारु ढंग जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए गंडियाणा-बडैतर सड़क पर वाहनों की आवाजाही 15 अक्तूबर तक बंद की गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक नादौन-सुजानपुर सड़क को वैकल्पिक रूट के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। जिलाधीश ने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

# जिले की लड़कों की टीम खो-खो में प्रदेश में प्रथम

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

अंडर-19 लड़के और लड़कियों की खेलकूद प्रतियोगिताएं सिरमौर पांवटा साहिब और कांगड़ा जिला के रैत में 4 से 7 अक्तूबर तक आयोजित की गईं। प्रतियोगिता के आखिरी दिन फाइनल मुकाबलों में हमीरपुर जिले के लड़कों की टीम ने खो-खो में पहला स्थान हासिल किया है, वहीं ताईक्वांडो प्रतियोगिता में लड़कों ने 2 गोल्ड मेडल, एक सिल्वर और 5 ब्रांज मेडल हासिल किए हैं।

लड़कों की इस राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में जिला से कुल 46 खिलाड़ी भाग लेने के लिए गए थे। इसमें राज्य स्तरीय वॉलीबाल, कबड्डी, खो-खो और ताईक्वांडों की प्रतियोगिता आयोजित की गई। फाइनल मुकाबलों के बाद विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा ट्राफी व मेडल देकर सम्मानित किया गया।



राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लड़कियां भी बास्केटबाल में दूसरे स्थान पर रहीं।

वहीं, लड़कियों की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हमीरपुर जिले की बास्केटबाल टीम ने प्रदेश भर में दूसरा स्थान हासिल किया है। कांगड़ा जिले के रैत में आयोजित लड़कियों की इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला हमीरपुर की 56 लड़कियां भाग लेने के लिए गई थीं। उच्च शिक्षा विभाग के उप निदेशक अनिल कौशल ने बताया कि यह जिला के लिए गौरव की बात है कि अंडर-19 खेलकूद मुकाबलों में लड़कों और लड़कियों की टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार शिक्षा के साथ खेलों को बढ़ावा देने के लिए बेहतर कार्य कर रही है, जिससे स्कूलों में उभरती प्रतिभा को आगे लाया जा सके। सहायक जिला शारीरिक शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि जिला हमीरपुर खिलाड़ियों का प्रदर्शन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर रहा। (अनंत ज्ञान)

## 12 तक बिजली बिल जमा करवा दें लंबलू के उपभोक्ता, नहीं तो कटेंगे कनेक्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल लंबलू के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 12 अक्तूबर तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता ज्ञान चंद भाटिया ने कहा कि उपमंडल के जिन बिजली उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 12 अक्तूबर तक उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## बड़सर के बिजली उपभोक्ता 31 तक करवाएं केवाईसी, नहीं तो सुविधाएं नहीं मिलेंगी

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** विद्युत उपमंडल बड़सर के सहायक अभियंता विजय पटियाल ने बताया कि उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं के बिजली मीटरों की संख्या को आधार कार्ड से जोड़ने के लिए केवाईसी प्रक्रिया एक अक्तूबर से आरंभ कर दी गई है तथा इसकी अंतिम तिथि 31 अक्तूबर निर्धारित की गई है। सहायक अभियंता ने बताया कि इस अवधि के दौरान बिजली बोर्ड के कर्मचारी घर-घर बिल जारी करने के साथ ही उपभोक्ताओं की केवाईसी करेंगे। इसके लिए उपभोक्ताओं के आधार कार्ड, राशन कार्ड और उससे लिंक्ड मोबाइल नंबर की आवश्यकता रहेगी। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से ये सूचनाएं पहले से ही तैयार रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि बिजली बिल जारी करने के साथ ही केवाईसी भी हो जाए। विजय पटियाल ने कहा कि उपभोक्ता उपमंडल कार्यालय बड़सर में आकर भी केवाईसी करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 31 अक्तूबर तक केवाईसी न होने की स्थिति में संबंधित उपभोक्ता बिजली बिल के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रह सकता है।

## भोटा के बिजली उपभोक्ता 31 तक करवाएं केवाईसी, नहीं तो सुविधाओं से रहोगे वंचित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल भोटा के सहायक अभियंता राजेश भारद्वाज ने बताया कि उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं के विद्युत मीटरों की संख्या को आधार कार्ड से जोड़ने के लिए केवाईसी प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है तथा इसकी अंतिम तिथि 31 अक्तूबर निर्धारित की गई है। सहायक अभियंता ने बताया कि उपभोक्ता उपमंडल कार्यालय भोटा में आकर भी केवाईसी करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 31 अक्तूबर तक केवाईसी न होने की स्थिति में संबंधित उपभोक्ता बिजली बिल के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रह सकता है।

## बड़सर में कल को प्रस्तावित वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट स्थगित

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** एसडीएम कार्यालय बड़सर के अंतर्गत 9 अक्तूबर को प्रस्तावित वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट अपरिहार्य प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिए गए हैं। एसडीएम राजेंद्र गौतम ने बताया कि वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टैस्ट के लिए नई तिथि की घोषणा शीघ्र ही कर दी जाएगी।

## पारंपरिक रीति-रिवाजों से मंचित किया भगवान राम और माता सीता का विवाह

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन के कस्बा चौड़ू में शरद नवरात्र के दौरान आदर्श शिव शक्ति राम लीला क्लब चौड़ू द्वारा मंचित की जा रही राम लीलाओं के दौरान भगवान श्री राम एवं माता सीता का विवाह कस्बा में आकर्षक का केंद्र बना हुआ था। क्षेत्र के लोगों द्वारा इसकी भरपूर प्रशंसा की जा रही है।

गौर है कस्बा चौड़ू में शरद नवरात्र के दौरान मंचित की जाने बाली रामलीलाओं में आदर्श शिव शक्ति राम लीला क्लब चौड़ू द्वारा भगवान श्री राम एवं माता सीता का विवाह पारंपरिक हिमाचली रीती-रिवाजों के अनुसार मंचित किया जाता है। क्लब द्वारा मंचित किया जाने वाला सीता विवाह का नवरात्र उनका इतना प्रसिद्ध है कि जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं।

गांव की औरतें माता सीता को क्लीरे डालकर एवं महिला संगीत गाकर माता सीता के विवाह में पुण्य की भागीदार बन कर अपने आप को सौभाग्यशाली समझती हैं। इस दौरान आदर्श शिव शक्ति राम लीला क्लब चौड़ू के प्रधान कुलदीप सिंह ने बताया कि इस वर्ष भी क्लब द्वारा राम नवमी एवं दशहरा पर्व काफी धूमधाम से मनाया जाएगा। मेले के दौरान झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगी।


कस्बा चौड़ू में मंचित की जा रही रामलीला की कुछ झलकियां।

## सरकार जनता की उपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाई : विधायक लखनपाल

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले के बड़सर विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने अपने निवास स्थान पर बड़सर विधानसभा क्षेत्र के लोगों के समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि इस सरकार से प्रदेश की जनता को बहुत ही ज्यादा अपेक्षा थी, लेकिन सरकार जनता की उपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाई है और इससे जनता के बीच भारी रोष है।



उन्होंने कहा कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र में कई समस्याएं हैं, मगर कांग्रेस सरकार इन समस्याओं का हल करने में नाकाम रही है। लखनपाल ने कांग्रेस नेता पर पलट बार करते हुए कहा कि नड्डा उत्तर प्रदेश में आए थे, मगर प्रदेश सरकार अपने उपलब्धि तो बताएं। उन्होंने कहा कि जगत प्रकाश नड्डा सरकार व केंद्रीय मंत्री बनने के बाद अपने गृह विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर थे और इस दौरान उन्होंने बिलासपुर एम्स का निरीक्षण किया है। वहां पर जो कार्य चल रहा और उसमें क्या सुविधा अर्जित करनी है, के बारे में जानकारी हासिल की है।

बिलासपुर में किडनी ट्रांसफर की सुविधा हमें मिल रही है, जिसके लिए पहले हमें शिमला या टांडा जाना पड़ता था। वहीं कांग्रेस प्रदेश सरकार द्वारा दी गई गारंटी पर भी उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने हाल ही में पेयजल और राशन की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि कर प्रदेश की जनता पर एक और आर्थिक संकट का बोझ डाल दिया है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने यह साबित कर दिया है कि जनता की समस्याओं से उसे कोई सरोकार नहीं है। वहीं, लखनपाल ने हिमाचल में टॉयलेट टैक्स को लेकर कहा कि कांग्रेस सरकार इस तरह के फैसले लेगी तो बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार जनता की उपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाई है। (अनंत ज्ञान)

## सरकार और निगम प्रबंधन उच्चतम न्यायालय के फैसलों को नहीं कर रहे लागू : ओमप्रकाश




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच जिला इकाई हमीरपुर की बैठक जिलाध्यक्ष अजमेर ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश, प्रदेश सचिव नंदलाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि सरकार व निगम प्रबंधन उच्च न्यायालय व उच्चतम न्यायालय के फैसलों को भी लागू नहीं कर रही है, जबकि पेंशनर्स कोई भीख नहीं, अपना हक मांग रहे हैं। जिलाध्यक्ष अजमेर सिंह ठाकुर ने कहा कि पिछले 2 वर्षों से चिकित्सा बिलों का भुगतान नहीं हुआ है, जबकि वृद्धावस्था में पेंशनर गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हैं व बैंकों से कर्जा लेकर अपना इलाज करवा रहे हैं। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 65-70 व 75 वर्ष पूरे कर चुके पेंशनरों को अभी तक 5-10 व 15 प्रतिशत का लाभ भी नहीं दिया गया है, जबकि दूसरे विभागों में दे दिया गया है। प्रदेश सरकार उनके साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। परिवहन निगम के पेंशनर्स हिमाचल सरकार व निगम प्रबंधन से मांग करते हैं कि न्यायालयों से आए फैसलों को मान सम्मान देकर इन्हें लागू करें। बैठक में रामलाल, बलदेव, सगली राम, कुलवंत, भाग सिंह, सुखदेव, सतीश, रघुनाथ, हरनाम, बलबीर, सुरिंद्र, अमीचंद, प्रशोत्तम, योगराज व पवन सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

## प्रवासी की हत्या मामले में पुलिस ने आरोपी से रिकवर किए 600 रुपए व अन्य सामान

**एसके शर्मा, जाहू।** भोरंज थाना के जाहू कलां गांव में उत्तर प्रदेश के गांव चंदवाड़ा जिला हथरस के 37 वर्षीय व्यक्ति योगेश कुमार की हत्या मामले में पुलिस रिमांड पर चल रहे मोनू यादव से एक मोबाइल की लीड और 600 रुपए रिकवर कर लिए हैं। पुलिस हत्या के मामले की हर तरह से जांच में जुटी हुई है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि योगेश कुमार की जेब से मैंने 600 रुपए निकाले हैं और हत्या के समय वहां पर मेरी मोबाइल की लीड गिर गई थी। पुलिस अन्य पहलुओं पर भी आरोपी से पूछताछ कर रही है। गौततलब है कि 26 सितंवर की रात को मोनू यादव के द्वारा योगेश कुमार को मार कर उसके किराये के मकान की कुछ दूरी पर फेंक दिया था। मृतक की पत्नी ने पुलिस की जांच के द्वौरान मोनू यादव पर हत्या का शक जताया था ओर उसी दिन से पुलिस लगातार मोनू यादव पर नजर रखे हुए थी।

## मंथन

### मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ. प्रवीण चौधरी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

# खंड स्तर पर टेली परामर्श को बढ़ावा दें अधिकारी : डॉ. प्रवीण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ. प्रवीण चौधरी की अध्यक्षता में सीएमओ ऑफिस के कांफ्रेंस हॉल में जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश ठाकुर, डॉ. अजय अत्री, डॉ. कमलजीत सिंह, राधाकृष्णन गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज से डॉ. मोहन व सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य शिक्षक, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, लेखाकार, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही स्कीमों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि जिला हमीरपुर द्वारा बाल टीकाकरण में इस साल 98 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो बच्चे टीकाकरण से छूटे हुए हैं, उन्हें चिन्हित किया जाए।


जिला स्तरीय मासिक मूल्यांकन बैठक के दौरान मौजूद गणमान्य।

उन्होंने कहा कि नियमित टीकाकरण माइक्रो प्लान के हिसाब से होना चाहिए और आशा कार्यकर्ता जो घर पर नवजात शिशु की देखभाल के लिए सात बार जाती हैं, वह हर महीने लगातार होना चाहिए और सभी गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण व बच्चे के टीकाकरण का डेटा सही व समय पर एक्सेल शीट पर पंजीकृत करें और उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की सही समय पर पहचान व जांच करें और कहा कि गर्भवती महिला जब भी अपनी जांच के लिए जाएं अपना मातृ एवं शिशु सुरक्षा कार्ड साथ लेकर जाएं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दौरान हर महीने की 9 तारीख को गर्भवती महिला की सही तरीके से जांच होनी चाहिए और इसकी रिपोर्टिंग भी समय पर की जानी चाहिए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश ठाकुर ने कहा कि खंड स्तर पर टेलीपरामर्श कम हो रही हैं, जिन्हें बढ़ाया जाए और उच्च रक्तचाप के मरीजों की उचित व समय पर जांच करें।

उन्होंने कहा कि उपलब्ध स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों का गहन विशलेषण करें तथा आवश्यक सुधारात्मक कदम तत्काल उठाएं तथा विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत आवंटित धनराशी का समय पर खर्च करना भी सुनिश्चित करें।

## न्यूज ब्रीफ

### साहला के अशिवनी का नेशनल बॉक्सिंग में चयन



**अनंत ज्ञान, चुबाड़ी।** बिलासपुर में आयोजित अंडर -14 वाकसिंग प्रतियोगिता में राजकीय बरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साहला के अशिवनी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अशिवनी 50 किलो भार में राज्य विजेता रहे। अशिवनी अब राष्ट्रीय वाकसिंग प्रतियोगिता में अपना दम दिखाएगा। अशिवनी ने बताया कि वह विद्यालय के शारीरिक शिक्षा शिक्षक अमित को अपना अपना प्रेरणा स्रोत मानता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य महिंदर सिंह व समस्त स्टाफ ने राष्ट्रीय बॉक्सिंग में चयन होने पर अशिवनी और उसके परिजनों को बधाई दी है।

### जिला रेडक्रॉस के लकी ड्रा की तारीख स्थगित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी चंबा द्वारा लक्की ड्रा के लिए निर्धारित तिथि 12 अक्तूबर 2024 को प्रशासनिक कार्यों के कारण स्थगित कर दिया गया है लक्की ड्रॉ की अगली तारीख 31 दिसंबर 2024 निर्धारित की गई है रेडक्रॉस से संबंधित लकी ड्रा कूपनों की बिक्री ड्रॉ की आगामी तारीख तक जारी रहेगी। यह जानकारी उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसायटी चंबा द्वारा दी गई है

### 16 से 21 अक्तूबर तक होंगे कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय बालू चंबा द्वारा कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है जिसमें एस आई एस इंडिया लिमिटेड बिलासपुर की निजी कंपनी द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 100 पदों को हिमाचल और चडीगढ़ में भरा जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि निर्धारित शैड्यूल के मुताबिक 16 अक्तूबर को उप रोजगार कार्यालय चुवाडी, 18 अक्तूबर जिला रोजगार कार्यालय बालू चंबा, 19 अक्तूबर को पंचायत घर भरमौर और 21 अक्तूबर को उप रोजगार कार्यालय सुंडला में परिसर साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। आवेदकों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं अथवा स्नातक तथा आयु सीमा 21 से 37 वर्ष निर्धारित की गई है तथा अभ्यर्थी की ऊंचाई 5 फीट 8 इंच तथा न्यूनतम वजन 56 से 95 किलोग्राम तक होना चाहिए।

### टर्शरी कैंसर सेंटर प्रधानमंत्री मोदी की देन : जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला।** नेता प्रतिपक्ष ने शिमला स्थित अपने आधिकारिक आवास पर कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू हर दिन केंद्र सरकार को जी भर कर गाली देते हैं और केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित योजनाओं का ही फीता भी काटते हैं, लेकिन केंद्र सरकार के सहयोग का आभार जताने के लिए दो शब्द भी नहीं कहते हैं। उन्होंने कहा कि आईजीएमसी स्थित टर्शरी कैंसर सेंटर के निर्माण में सारा पैसा केंद्र सरकार का लगा है लेकिन उद्घाटन करने पहुंचें मुख्यमंत्री ने केंद्र के बारे में एक भी अच्छा शब्द नहीं कहा। आईजीएमसी में अत्याधुनिक उपकरणों से लैस जिस कैंसर अस्पताल के भवन का लोकार्पण हुआ उसके भवन और उपकरणों के निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने 56 करोड़ रुपए दिए। पूर्व की बीजेपी सरकार के समय से काम चल रहा था। दो सालों जो भी फीता इस सरकार के मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने काटा है वह या तो पूर्व भाजपा सरकार के काम है या फिर केंद्र सरकार के काम है। लेकिन देशभर में घूम कर मुख्यमंत्री और मंत्री कहते हैं कि केंद्र हमें कुछ नहीं दे रहा है।

### दोनों राज्यों में बन रही कांग्रेस सरकार : गोयल



**अनंत ज्ञान, मंडी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया कोऑर्डिनेटर एवं हिमाचल कांग्रेस प्रवक्ता अनिल गोयल ने हाईकमान चेयरमैन सुखपाल सिंह खैरा, वाइस चेयरमैन अखिलेश शुक्ला को हरियाणा और जम्मू-कश्मीर चुनाव की रिपोर्ट सौंपते हुए। अनिल गोयल ने दावा किया कि दोनों राज्यों में कांग्रेस सरकार बना रही है।

### दमसेहडा में कार पलटी, नहीं हुआ कोई नुकसान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट धर्मपुर एनएच के घटिया निर्माण के चलते आए दिन वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं सोमवार देर शाम को पाड्छु पुल के पास दमसेहडा गांव में एक कार दुर्घटना की सूचना मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकाघाट की ओर से आ रही एक अल्टो गाड़ी (नंबर 86-4224 अचानक अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गई। सौभाग्यवश इस हादसे में किसी भी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई और जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। स्थानीय लोगों और पुलिस की तत्परता से गाड़ी को सुरक्षित तरीके से हटाया गया, जिससे यातायात में ज्यादा रुकावट नहीं आई। दुर्घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन संभावना है कि तेज गति या खराब सड़क स्थिति के चलते यह घटना हुई हो। संबंधित अधिकारियों ने लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है। एसएचओ सरकाघाट रजनीश ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है।

### बच्चों को उपलब्ध करवाई जाएगी कोचिंग सुविधा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आज यहां मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत अनाथ बच्चों को कोचिंग सुविधा उपलब्ध करवाने के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शिमला शहर के नामी कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश के सभी अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ़ द स्टेट का दर्जा दिया है। इन सभी बच्चों की देख रेख एवं पढ़ाई का सारा खर्चा सरकार व्यय करेगी। उन्होंने कहा कि योजना के तहत ही अनाथ बच्चों के लिए कोचिंग सुविधा उपलब्ध करवाने का भी प्रावधान किया गया है। इसी दृष्टि से आज इन बच्चों को कोचिंग उपलब्ध करवाने के लिए कोचिंग संस्थानों के साथ बैठक का आयोजन किया गया है। अनुपम कश्यप ने कहा कि सरकार के आदेश अनुसार प्रत्येक जिला में कोचिंग सेंटर की सूची तैयार की जानी है, जिसके बाद पात्र बच्चों को इन संस्थानों में कोचिंग उपलब्ध करवाई जाएगी।

# पठानिया ने किया मलेड़ पुल का लोकार्पण

**बबलू पठानिया, भटियात/चुवाड़ी**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज उप मंडल मुख्यालय चुवाड़ी के समीप 1 करोड़ 84 लाख रुपए की धनराशि से नवनिर्मित मलेड़ पुल का लोकार्पण किया।

कुलदीप सिंह पठानिया ने इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मलूंड़ा तथा बनेट इत्यादि ग्राम पंचायतों के सैकड़ों लोगों को अब बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यद्यपि विधानसभा क्षेत्र भटियात के विकास में विशेष तौर पर कांग्रेस सरकारों का ही योगदान रहा है। वर्तमान में विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से जारी विकास कार्यों के लोग साक्षी हैं ।

विधानसभा क्षेत्र भटियात को एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में विकसित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कुलदीप सिंह पठानिया ने जारी विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि लगभग 200 करोड़ की धनराशि से विभिन्न सड़क परियोजनाओं का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

साथ में उन्होंने यह भी कहा कि गत वर्ष शुरू की गई 21 सड़क



पुल का लोकार्पण करते हुए कुलदीप सिंह पठानिया व साथ हैं अन्य।

**कहा-लोगों को अब बेहतर परिवहन सुविधा होगी उपलब्ध**

परियोजनाओं के तहत प्रथम चरण के निर्माण कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है। इसके तहत अब द्वितीय चरण में इन सड़कों को पक्का करने का कार्य शुरू किया जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 50 लोगों की आबादी वाले गांव को सड़क सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए भी कार्य योजना तैयार की गई है। इसके तहत लोक निर्माण विभाग द्वारा 121 सड़क परियोजनाओं के प्रस्ताव को तैयार कर बजट प्रावधान किया गया है।

उन्होंने सड़क सुविधा से वंचित सभी गांव के लिए एंबुलेंस मार्ग निर्माण को लोक निर्माण विभाग द्वारा करवाए जाने की बात करते हुए भटियात विधानसभा क्षेत्र में सड़क घनत्व को 100 प्रतिशत तक पहुंचाने करने का भरोसा दिया।

विधानसभा अध्यक्ष ने लोगों की सुविधा को लेकर यहां वन मंडल कार्यालय, विद्युत मंडल कार्यालय तथा सिविल न्यायालय खोलने का भी आश्वासन दिया। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि उपमंडल मुख्यालय चुवाड़ी में पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय तथा हटली में पुलिस पोस्ट शुरू करने की अनुमति राज्य सरकार द्वारा प्रदान कर दी गई है। उन्होंने कहा कि चुवाड़ी में बहुउद्देशीय खेल परिसर के निर्माण को लेकर वन संरक्षण अधिनियम के तहत जल्द स्वीकृति प्रदान की जाएगी। उन्होंने प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना का जिक्र भी अपने संबोधन में किया ।

इससे पहले कुलदीप सिंह पठानिया का यहां पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया।

उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर 25 मीटर आरसीसी बॉक्स गिर्डर स्पेन वाले मलेड़ पुल का लोकार्पण किया। विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान लोगों की समस्याओं को भी सुना और अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर सदस्य निदेशक मंडल राज्य वन निगम चेला कृष्ण चंद, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी विजय विजय कंवर, महिला कांग्रेस कमेटी शालू शर्मा, उपाध्यक्ष नगर पंचायत सुरेंद्र चाडक, महासचिव राजीव कौशल, एसडीएम पारस अग्रवाल, पुलिस उपाधीक्षक योगराज, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग एमपी धीमान (नूरपुर वृत), अधिशासी अभियंता जल शक्ति राकेश ठाकुर, लोक निर्माण नरेंद्र चौधरी, डीएफओ परियोजना रामपाल सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे । (अनंत ज्ञान)

## अधिकारी विकास कार्यों को न्यूनतम समय अवधि में करें पूरा : अमित



अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए एसडीएम।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा ने 7 अक्तूबर को मंडे मीटिंग में विभिन्न विभागों से संबंधित कार्य प्रगति की समीक्षा के दौरान कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष बल देते हुए विकास कार्यों को न्यूनतम समय अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए।

मंडे मीटिंग में चंबा में पंडित जवाहरलाल नेहरु चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निर्माण कार्य, चंबा में बनने वाले इनडोर खेल स्टेडियम, मंझीर में निर्मित गौ सदन, पर्यटन विभाग द्वारा जोत तथा नैनी खडड में लगाए जाने वाले साईन बोर्ड तथा होर्डिंग, अपना विधालय योजना तथा ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र कुरां बारे विस्तृत समीक्षा व चर्चा की गई।

बैठक में एडीएम अमित मेहरा ने वन विभाग के अधिकारियों को ठोस कचरा प्रबंधन केंद्र कुरां से संबंधित मामले को प्राथमिकता देते हुए आगामी मंडे बैठक में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला खेल अधिकारी को जिला मुख्यालय चंबा में बनने वाले इंडोर खेल स्टेडियम के परिवर्तित डिजाइन तथा पेड़ कटान संबंधी कार्य प्रगति रिपोर्ट को एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मंजीर में निर्माण अधीन गौसदन के संबंध में एडीएम चंबा ने उपनिदेशक पशुपालन विभाग को निर्देश दिए कि वह गौसदन के शेष कार्य से संबंधित मामले को बिजली बोर्ड के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर दो सप्ताह के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित करें तथा इसका कब्जा लें।

बैठक में जितेंद्र कुमार उप पुलिस अधीक्षक, जगदीश चंद संख्यान जिला राजस्व अधिकारी सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों भी उपस्थित थे।

## समूहगान प्रतियोगिता में रायपुर स्कूल प्रथम



विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए अध्यापक व अन्य।

**अनंत ज्ञान, भटियात/चुवाड़ी**

भारत विकास परिषद ककीरा (बकलोह) इकाई द्वारा शाखा स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन हिमालयन पब्लिक स्कूल चुवाड़ी में किया गया। उपमंडलाधिकारी नागरिक चुवाड़ी पारस अग्रवाल ने बताओ और मुख्यातिथि शिरकत की इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों से आए हुए लगभग 6 टीमों ने भाग लिया । वहीं समुहगान प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायपुर प्रथम, हिमालयन पब्लिक स्कूल चुवाड़ी ने द्वितीय तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ककीरा ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके उपरांत भारत विकास परिषद के उत्तर क्षेत्र प्रथम के क्षेत्रीय सचिव संस्कार अरुण कुमार ने आए हुए सभी लोगों का स्वागत एवं धन्यवाद किया।

इस आयोजन में प्रांतीय प्रवेशक के तौर पर प्रांतीय संपर्क प्रमुख मनोहर सिंह ठाकुर मौजूद रहे। वहीं प्रांतीय वित्त सचिव अमित कुमार, राजेश साही, रमेश, तनिष मेहता सहित आदि मौजूद थे।

## भटियात में करवाया बटरफ्लाई वाचिंग कार्यक्रम

**भटियात।** भटियात में बटरफ्लाई वाचिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों तथा स्थानीय वासियों के अलावा केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के जंतु विज्ञान विभाग के 40 विद्यार्थियों ने भी हिस्सा लिया। वन मंडलाधिकारी डलहौजी रजनीश महाजन ने बताया कि बटरफ्लाई वाचिंग कार्यक्रम का आयोजन वन्य प्राणी सप्ताह के तहत किया गया।

लोगों को जानकारी दी गई कि तितलियां केवल खूबसूरत ही नहीं होती बल्कि वे परिस्थितिकी तंत्र के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को विभिन्न प्रकार की तितलियों की पहचान करने बारे महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

## छात्राओं को मीराबाई के भजनों का मिलेगा प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा**

संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली द्वारा भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश के सहयोग से आज कला धरोहर श्रृंखला के अंतर्गत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा में संत मीराबाई के भजनों पर आधारित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

यह जानकारी जिला भाषा अधिकारी चंबा तुकेश शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि 'कला धरोहर' श्रृंखला के 55वें संस्करण के तहत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के लिए चयनित किया गया है । कार्यशाला में इलाहाबाद के प्रख्यात लोक कलाकार सुरेंद्र कुमार छात्राओं को




भजन प्रस्तुत करते हुए गणमान्य।

मीराबाई के भजनों का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे तथा वह इस दौरान अपनी प्रस्तुतियां भी देंगे । कार्यशाला में विद्यालय से लगभग 400 छात्राएं प्रशिक्षण ले रही हैं। उल्लेखनीय यह है कि संत मीराबाई की 525वीं जयंती के उपलक्ष्य में संगीत नाटक अकादमी द्वारा 'कला धरोहर' श्रृंखला के अंतर्गत संत मीरा बाई के भजनों पर आधारित कार्यक्रमों का देशव्यापी आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत देशभर के विभिन्न सरकारी विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर संगीत नाट्य अकादमी नई दिल्ली से अनिता कत्याल, प्रधानाचार्य राजकीय मॉडल बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय विकास महाजन तथा विद्यालय के समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

## बालिका कत्थक नृत्य पर प्रशिक्षण शुरू

**अनंत ज्ञान, मंडी।** संत मीराबाई की 525 वीं जयंती के उपलक्ष में संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली द्वारा कला धरोहर श्रृंखला के अंतर्गत संत मीराबाई पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का देशव्यापी आयोजन किया जा रहा है। श्रृंखला का शुभारंभ हरियाणा से हुआ और देश भर के विभिन्न सरकारी विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में आयोजित किया जा रहा है। इन आयोजनों में मंडी स्थित पीएम श्री राजकीय मॉडल बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भी शामिल है जहां 56 वें संस्करण के आयोजन हेतु दो दिवसीय कार्यशाला सोमवार को शुरू हुई। जिला भाषा अधिकारी प्रोमिला गुलेरिया के अनुसार यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत हो रहे हैं।

## आयोजनों से बच्चों में बढ़ता है सामाजिक सरोकार : सुभाष

**अनंत ज्ञान, चंबा**




कार्यक्रम के दौरान मुख्य मेहमान व अन्य।

सीनियर सेकेंडरी स्कूल मांधा में सात दिवसीय एनएसएस शिवर का सोमवार को बड़ी धूमधाम के साथ समापन हो गया।

इस मौके पर एनएसएस की जिला को-ऑर्डिनेटर मीना चाढक ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। बतौर मुख्यातिथि पहुंची जिला कोऑर्डिनेटर मीना ने अपने संबोधन में स्वयंसेवकों द्वारा शिविर के माध्यम से किए गए उत्कृष्ट कार्य और अनुशासन की भरपूर प्रशंसा की। 7 दिनों तक चलने वाले इस शिवर के दौरान स्वयंसेवियों ने अलग-अलग जगह जाकर सफाई अभियान को लेकर लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी सुभाष शर्मा ने संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस मौके पर स्कूल प्रभारी जीवन लाल ने कैंप के बच्चों की भरपूर सराहना की।

उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों के बीच में सामाजिक सरोकार बढ़ता है।

## चंबा में लड़कियों की मैराथन 11 को

**चंबा।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 11 अक्तूबर को जिला मुख्यालय चंबा में लड़कियों के लिए एक मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। एडीएम अमित मेहरा ने बताया कि यह मैराथन 11 अक्तूबर को प्रात: 6:00 बजे मिलेनियम गेट चंबा से आरंभ होकर पीजी कॉलेज चंबा तथा वापिस चौगान (वाया सरोथा) तक आएगी। पुलिस विभाग को प्रतिभागियों के पंजीकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग को वॉलिंटियर्स के चयन, स्वास्थ्य विभाग को मोबाइल स्वास्थ्य वैन व अन्य सेवाओं के अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रतिभागियों को मैराथन पूरी होने के उपरांत दी जाने वाली रिफ्रेशमेंट से संबंधित दायित्व सौंपे गए हैं।

## एबीवीपी ने करवाई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता



सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी।

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

अखिल भारती विद्यार्थी परिषद इकाई बनीखेत ने प्रदेश स्तरीय स्वामी विवेकानंद स्वामी ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन राजीव गांधी पॉलिटेक्निक बनीखेत (पुखरी) में करवाया गया। इस आयोजन में विभिन्न स्कूलों से आए हुए लगभग 75 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस आयोजन में स्थानीय कॉलेज, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनीखेत बनीखेत पब्लिक स्कूल लिटिल एंजेल स्कूल एवं श्री सत्य साइन पब्लिक स्कूल के बच्चे मौजूद रहे। ऐसे आयोजनों का एकमात्र उद्देश्य बच्चों की ज्ञान को और विस्तार देना है। ऐसे आयोजन बच्चों को न केवल भविष्य में उनके ज्ञान को मजबूत करते हैं बल्कि देश विदेश तथा क्षेत्र में हो रहे हर पहलू की ज्ञान से परिचित होते हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें यह परीक्षा देकर बहुत अच्छा लगा और कोई कामना करते हैं की अखिल विद्यार्थी परिषद भविष्य में भी ऐसे आयोजन करवाती रहेगी।

### सूडोकु 0080 ***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0079 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

## प्रभु वाल्मीकि जी की मूर्ति की स्थापित

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

महर्षि वाल्मीकि मंदिर डलहौजी छावनी में आज महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति स्थापना का आयोजन किया गया जिसमें वाल्मीकि समाज के समस्त लोगों ने भाग लिया।

इस आयोजन को लेकर वाल्मीकि सभा डलहौजी छावनी के अध्यक्ष ने बताया कि भगवान वाल्मीकि की भव्य मूर्ति कि आज विधिवत पूजा अर्चना के उपरांत स्थापना की गई तथा आए हुए समस्त वाल्मीकि समाज के लोगों ने भगवान वाल्मीकि मंदिर में प्रभु



वाल्मीकि का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि आज इस आयोजन में भव्य लंगर का भी आयोजन किया गया था।

## सीपीआईएम ने डीसी कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, शिमला**

सीपीआईएम ने इजरायल द्वारा पिछले एक साल से फिलिस्तीन पर लगातार हमलों और युद्ध में हजारों बेगुनाह लोगों के नरसंहार की कड़ी निंदा करते हुए जिलाधीश कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में वक्ताओं ने कहा कि पिछले एक साल से इजराइल फिलिस्तीन पर हमले करता आ रहा है। इजरायल की स्थापना 1948 में ब्रिटिश साम्राज्यवाद की मदद से लगभग 7 लाख 50 हजार फिलिस्तीनियों को जबरन निष्कासित कर उन्हें शरणार्थी बनाकर फिलिस्तीन की भूमि पर




प्रदर्शन करते हुए सीपीआईएम के सदस्य।

की गई। इजरायल द्वारा फिलिस्तीन पर हमलों के चलते 45000 से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे गए है।

अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के फैसले के बाद भी फिलिस्तीन पर हमले कर रहा है। इसराइल लेबनान और अमन पर भी हमला कर रहा है जो विश्व शांति के लिए गंभीर खतरा बन गया है। भारत ने हमेशा से फिलिस्तीन का समर्थन किया और फिलिस्तीन के पक्ष में खड़ा रहा।

**अनंत ज्ञान**

### आज का पंचांग

8 अक्टूबर, 2024, मंगलवार

विक्रमी संवत : 2081, शक संवत :1946 (क्रोधी), मास : आश्विन, तिथि पंचमी (11.20): नक्षत्र ज्येष्ठ (4:08), पक्ष : शुक्ल योग : आयुष्मान (6:50) शुभ मुहूर्त : अभिजित (11:44-12:31), राहुकाल (3.03-4:30)।

**विशेष दिन**

» 8 अक्टूबर 2024 : भारतीय वायु सेना दिवस आज।
» 9 अक्टूबर, 2024 : आमेर में छड़ मेला कल।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** व्यापार-व्यवसाय में चल रही उलझनों से परेशान रहेंगे। किसी परिजन के साथ अपने विशेष कार्य की पूर्ति के लिए देशस्थलों का भ्रमण करेंगे।

**वृषभ:** दिन की शुरुआत में क्रोध हावी रहेगा। मन माफिक काम न होने से परिजनों पर नाराज होंगे। नौकरी में नया प्रस्ताव मिलेगा।

**मिथुन:** निवेश किए गए धन से अर्जित होने वाले लाभ में विलंब होगा। संतान के लिए निर्णय लेने में दुविधा होगी।

**कर्क:** कम समय में अधिक लाभ अर्जित करने के चक्कर में न उलझें। मेहनत करें। कार्यस्थल पर आपके पराक्रम की प्रशंसा बढ़ेगी।

**सिंह:** आज विशेष उन्नतिकारक योगों के कारण मन में प्रसन्नता रहेगी। मन को भक्तिमय में लगाने की कोशिश करेंगे।

**कन्या:** आलस्य को त्याग कर काम करें। रुके कार्य में सफलता मिलेगी। पूंजी निवेश में सोच कर करें। अधिक लाभ होगा।

**तुला:** आज का पूंजी निवेश लाभदायी रहेगा। व्यापार में वृद्धि होने के कारण काम आपकी योजनाओं के अनुसार होंगे।

**वृश्चिक:** समय रहते जरूरी दस्तावेजों को संभाल लें। स्थायी संपत्ति क्रय करने में जल्दी न करें। परिवार की समस्या का समाधान होगा।

**धनु:** दैवीय कार्यों में दिन बीतेगा। आज रचनात्मक काम होंगे। नवीन अनुबंध व समझौतों के कारण आपके लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर:** पारमार्थिक कार्यों में धन लगेगा। सामाजिक कार्यों से सुयश मिलेगा। आपके प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** कार्य की सफलता से मनोबल मजबूत होगा। कार्य की अधिकता रहेगी। अजनबी व्यक्ति का विश्वास न करें।

**मीन:** कम बोलें, अच्छा बोलें। सुख-समृद्धि बढ़ेगी। आर्थिक निवेश में सोच-समझकर निर्णय लेने पर लाभ होगा।

## देशभक्त अजीत सिंह की प्रतिमा का किया अनावरण

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

देशभक्त सरदार अजीत सिंह यादगार सभा पंचपुला डलहौजी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शहीद-ए-आजम भगत सिंह के भतीजे किरण जीत सिंह संधू बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम में शामिल हुए, उनके साथ उनकी धर्मपत्नी मनजीत कौर, विनोद महाजन (अध्यक्ष, सनातन धर्म सभा डलहौजी छावनी) नीरज महाजन (महासचिव, आर्य समाज डलहौजी छावनी), और इस कार्यक्रम के सूत्रधार एवम संयोजक अजय सहगल, अनु महाजन और मोनिका सहगल विशिष्ट अतिथि के रुप में सम्मिलित हुए।

मुख्यातिथि महोदय और विशेष अतिथियों तथा सभा सदस्यों ने



प्रतिमा के अनावरण के दौरान गणमान्य।

अजीत सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उसके पश्चात मुख्यातिथि द्वारा ऐतिहासिक क्षणों को समर्पित प्रतिमा का अनावरण किया गया।

वहीं मंच संचालन सभा के महासचिव वीरेंद्र ठाकुर द्वारा किया गया। सभा के अध्यक्ष सुभाष चौहान, रंजीत चौहान, बलबीर ठाकुर और राम सिंह चौहान द्वारा उपस्थित मेहमानों को बैज लगाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सभा के पदाधिकारी मुनीश ठाकुर, शमशेर सिंह, सनी कुमार, श्यामलाल, सुभाष ठाकुर, नगर परिषद डलहौजी के कनिष्ठ अभियंता संजीव शर्मा, कर्मचारी तिलक राज, केवल कुमार, गोगी, पवन कुमार,अशोक कुमार, देशराज, कमल अशोक कुमार, शिवम और संजय ने कार्यक्रम में अपनी भूमिका निभाई कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ किया गया।

## प्रतियोगिताओं में छात्राएं दिखा रही दमखम

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

सुन्नी में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर 14 छात्रा वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता के पहले दौर का बास्केटबॉल का पहला मुकाबला सोलन और बिलासपुर के मध्य खेला गया जिसमें सोलन विजेता रहा । दूसरा मुकाबला सिरमौर और कांगड़ा की टीम के मध्य खेला गया जिसमें सिरमौर विजेता रहा । तीसरा मैच सोलन और ऊना के मध्य खेला गया जिसमें सोलन की टीम विजेता रही। वॉलीबॉल का पहला मुकाबला शिमला और कांगड़ा के बीच खेला गया जिसमें शिमला विजेता रहा। कबड्डी का पहला मुकाबला मंडी और कल्लू के बीच खेला गया जिसमें मंडी विजेता रहा । दूसरा मुकाबला सिरमौर और



प्रतियोगिताओं में जोर आजमाइश करते खिलाड़ी।

चंबा के बीच खेला गया जिसमें सिरमौर विजेता रहा है तीसरा मैच कांगड़ा और हमीरपुर के बीच खेला गया जिसमें कांगड़ा विजेता रहा।

इसी तरह बैडमिंटन का पहला मुकाबला बिलासपुर और कुल्लू के बीच खेला गया जिसमें बिलासपुर विजेता रहा। बता दें कि इन प्रतियोगिताओं में प्रदेश के 12 जिलों के 850 छात्राएं हिस्सा ले रही है ।

**हमारे** पड़ोसी कहते हैं कि एक हाथ से ताली नहीं बज सकती, हमने कहा चुटकी तो बज ही सकती है। -अटल बिहारी वाजपेयी

## संपादकीय

# बेवजह का बीफ विवाद

राजधानी शिमला के एक निजी होटल में बीफ का मिलना कई सवालों को जन्म दे गया है। हालांकि इस मामले किसी तरह दबा दिया गया है, लेकिन अगर नवरात्र के दौरान होटल में वाकई बीफ मिला है तो उस पर हो हल्ला होना कई शंकाओं को जन्म दे ही जाता है। वैसे भी आजकल शिमला में मस्जिद विवाद चला हुआ है, जो हाई कोर्ट के फैसले के बाद भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसे में किसी शरारती तत्व ने इसे राजनीतिक रंग दे दिया तो शिमला की बमुश्किल शांत हुई फिजाओं में दंगा भड़कने में देर नहीं लगेगी। पूर्व के अनुभवों को देखें तो भारत में बीफ विवाद अक्सर धार्मिक और सांस्कृतिक मुद्दों से किसी न किसी रूप में जुड़ जाता है। कई राज्यों में गोहत्या पर प्रतिबंध है और इस मुद्दे पर अक्सर तनाव और विवाद देखा गया है। नवरात्र में होटल में गोमांस परोसे जाने के आरोप से माहौल का गर्म होना स्वाभाविक है, क्योंकि नवरात्र हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जिसमें हिंदुओं की आस्था और श्रद्धा जुड़ी होती है। यह त्योहार देवी दुर्गा की आराधना और पूजा के लिए मनाया जाता है, जो शक्ति और संरक्षण की प्रतीक हैं। नवरात्र का उत्सव हिंदुओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें वे अपनी आस्था और श्रद्धा को व्यक्त करते हैं। पुलिस का कहना है कि होटल में गोमांस नहीं मिला है। पुलिस की इस पुष्टि से हिंदू संगठन फिलहाल शांत हैं, जोकि अच्छी बात है। दरअसल, यह विवाद तब शुरू हुआ जब हिंदू संगठन के एक पदाधिकारी ने फेसबुक पर दो वीडियो शेयर किए। दावा किया कि शिमला के होटल में नवरात्र के दौरान गोमांस पकाकर खाया गया है। जब होटल के हिंदू कर्मचारियों को इस घटना का पता चला, तो विवाद खड़ा हो गया और आरोपियों से हाथापाई भी हुई। होटल संचालक ने आरोपियों को गोशाला ले जाकर माफी मंगवाई और उन्हें होटल से भगा दिया।

अब हिंदू स्टाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। बीफ को राजनीतिक रंग देना किसी भी सूरत में उचित नहीं है, क्योंकि इससे समाज में वैमनस्य और ध्रुवीकरण फैलता है। यह मुद्दा धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं से जुड़ा होता है और इसका राजनीतिकरण करने से समाज में तनाव और विभाजन बढ़ता है। इससे बचने के लिए लोगों को बीफ के मुद्दे पर खुलकर बात करनी चाहिए और एक-दूसरे की भावनाओं को समझना चाहिए। अगर दोनों समुदायों में भ्रांतियां दूर हो जाएं तो उससे समाज का भला ही होगा, क्योंकि आखिर सभी समाज का अंग हैं और समाज सब समुदायों से जुड़ा होता है। भावनाएं किसी की भी आहत नहीं होनी चाहिए। धर्म अपनी जगह है और आस्था अपनी जगह। गौहत्या पर प्रतिबंध वाले राज्यों में कानून का पालन करना चाहिए। गौहत्या को हिंदू धर्म में बहुत बड़ा जुर्म माना जाता है, क्योंकि गाय को हिंदू धर्म में पवित्र और महत्वपूर्ण माना जाता है। गाय को गौ माता कहा जाता है। हिंदू धर्म में गाय को पूजा की जाती है और इसकी रक्षा की जाती है। गौहत्या से कई नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं। इससे सामाजिक अशांति और तनाव फैल सकता है।

गायों की हत्या से किसानों और ग्रामीण समुदायों को आर्थिक नुकसान हो सकता है। गौहत्या को हिंदू संस्कृति के खिलाफ अपराध माना जाता है। भारत में गौहत्या के खिलाफ गौवंश संरक्षण अधिनियम, भारतीय दंड संहिता की धारा 428 और 429 जैसे कानून हैं। इसके अलावा राज्यों ने अपने कानून अलग से बना रखे हैं। गौहत्या को रोकने के लिए कई संगठन और सरकारी एजेंसियां काम कर रही हैं। हम सबको सभी धर्मों और संस्कृतियों का सम्मान करना चाहिए। नेताओं को बीफ मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए। धार्मिक मसलों को राजनीति का रंग नहीं देना चाहिए। वोट के लिए धर्म को सीढ़ी बनाना किसी भी सूरत में ठीक नहीं है। लोगों को बीफ मुद्दे के बारे में शिक्षित करना चाहिए और उन्हें इसके प्रभावों के बारे में जागरूक करना चाहिए। इन कदमों से हम समाज में वैमनस्य को कम कर सकते हैं और बीफ मुद्दे को राजनीतिक रंग देने से बच सकते हैं। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि शिमला का बीफ विवाद शांत रहे, क्योंकि इस समय प्रदेश का माहौल ठीक नहीं चला हुआ है। किसी सुलगती आग ने अगर ज्वाला प्रकट कर दी तो शांत करना मुश्किल हो सकता है इसलिए प्रशासन को चाहिए कि वह इस संवेदनशील मसले की पूरी निष्पक्षता से जांच करवाए। ■

# महिला की तपस्या से यमराज भी नतमस्तक

कहते हैं कि नारी को ऐसा वरदान प्राप्त है कि अगर वह सच्चे मन से तप और भगवान की आराधना करती, तो अपनी इच्छा पूर्ति भी कर सकती है। हिंदू धर्म में नारी शक्ति को शक्ति का रूप इसी कारण ही माना गया है। भूखे, प्यासे रहकर अपने पति की दीर्घायु के लिए महिलाएं करवाचौथ वाले दिन व्रत रखती हैं। करवाचौथ व्रत को लेकर महिलाओं में प्रत्येक वर्ष उत्साह देखने को मिलता है। पौराणिक कथाओं में कहा जाता है कि माता पार्वती अपने पति शिव को पाने के लिए तप और व्रत करती थी। इस तपस्या में वह सफल होकर अन्य नारी जाति के लिए प्रेरणा स्रोत भी बनी हैं। वहीं ऐसा भी कहा जाता है कि पतिव्रता स्त्री सावित्री अपने मृत पति सत्यवान के प्राण अपने तप के बल पर यमराज से छुड़ाकर लाई थी। स्त्री में इतनी शक्ति होती है कि वो चाहे तो कुछ भी हासिल कर सकती है। इसलिए ही महिलाएं करवाचौथ व्रत के रूप में अपने पति की लंबी उम्र के लिए एक तरह ऐसा तप करती हैं।

सत्यवान की आत्मा को लेने के लिए यमराज आए, तो पतिव्रता सावित्री ने उनसे अपने पति के प्राणों की भीख मांगी थी। यमराज के मना करने पर सावित्री ने अन्न, जल का त्याग कर दिया और पति के शव पास विलाप करने लगी। पतिव्रता स्त्री के इस विलाप से यमराज बहुत विचलित हुए। यमराज ने सावित्री को कहा कि अपने पति के प्राणों के अतिरिक्त कोई अन्य वर मांग लो। सावित्री ने यमराज से कहा कि आप मुझे कई संतानों की मां बनने का सिर्फ वर दें, जिसपर उसने सहमति जताई। तपस्या का अर्थ होता, किसी चीज को त्यागना और किसी एक दिशा में आगे बढ़ना। महिलाएं इस दिन निर्जल व्रत करती हैं, चौथ का चांद हमेशा देर से निकलता है। कई बार तो देर रात तक चांद नहीं दिखता है, ऐसा मौसम के बिगड़ने के कारण भी होता है। ऐसे में महिलाएं देर रात या अगले दिन तक अपना व्रत नहीं तोड़ती हैं। सुहागन महिलाएं स्वार्थ सिद्धि योग और शिव योग से इस व्रत को करती हैं। इस व्रत किए जाने में करवा और चौथ का क्या महत्व बहुत कम महिलाएं इस बारे अवगत हैं। प्राचीन समय में एक करवा नाम की प्रतिव्रता स्त्री थी और उसका पति काफी उम्रदराज था।



लेखक : सुखदेव सिंह
नूरपुर (कांगड़ा)

एक दिन माता करवा का पति स्नान करने के लिए नदी में चला गया। नदी में नहाते समय अचानक एक मगरमच्छ ने उसका पैर पकड़कर उसे निगलना शुरू कर दिया। इस बीच करवा के पति ने जोर से चिल्लाकर अपने प्राणों की सुरक्षा किए जाने की गुहार लगाई। माता करवा बहुत पतिव्रता थी, जिस कारण उसके सतीत्व में भी बल था। करवा नदी के तट पर पहुंचकर अपनी सूती साड़ी के एक धागे से उस मगरमच्छ को बांध लिया। सूती दागे से बंधे मगरमच्छ को लेकर करवा यमराज के दरवार पहुंच गई।

यमराज महाराज ने इस बीच माता करवा से पूछा कि आप इस तरह जहां इस मगरमच्छ को क्यों लाई हैं। करवा ने यमराज को जवाब देते हुए कहा कि इस मगरमच्छ ने मेरे पति को स्नान करते हुए पकड़ लिया, इसलिए आप इसे मृत्यु दंड दें। यमराज ने करवा को कहा कि अभी तक इस मगरमच्छ की आयु शेष, इसलिए वह इसे समय से पहले मृत्यु दंड नहीं दे सकते हैं। करवा माता ने यमराज पर क्रोधित होकर कहा कि अगर आप मगरमच्छ को मृत्युदंड देकर मेरे पति को चिरायु का वरदान नहीं देते, तो वह अपने तपोवल से आपको भी नष्ट कर देगी। करवा की बात सुनकर यमराज के पास खड़े चित्रगुप्त भी सोच में पड़ गए। सोच का कारण यह रहा कि करवा एक प्रतिव्रता सतीत्व महिला थी, जिस कारण यमराज भी उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता था। यमराज ने आखिर मगरमच्छ को यमलोक भेज दिया और करवा के प्रति को चिरायु का वरदान दिया। चित्रगुप्त ने माता करवा से कहा कि जिस तरह तुमने अपने तपोबल से अपने पति के प्राणों की रक्षा की है, उससे वह बहुत प्रसन्न हैं। चित्रगुप्त ने करवा को वरदान दिया कि आज के दिन जो भी महिलाएं पूर्ण विश्वास के साथ तुम्हारा व्रत और पूजन करेंगी, उसके सौभाग्य की रक्षा वह स्वयं करेंगें। उस दिन कार्तिक माह की चतुर्थी होने के कारण करवा चौथ मिलने से इसका नाम ही करवाचौथ पड़ गया। इस तरह माता करवा प्रथम महिला थी, जिसने सुहाग की रक्षा के लिए केवल व्रत किया, बल्कि करवाचौथ व्रत की शुरुआत भी करवाई।

करवाचौथ के व्रत को करने के बाद शाम को महिलाएं माता करवा की पूजा करते हुए, करवाचौथ की कहानी भी पड़ती हैं। यही नहीं सुहागिन महिलाएं माता करवा से इस दिन अपने सुहाग की लंबी उम्र की विनती करती हैं। पतिव्रता स्त्री होने कारण किसी अन्य पुरुष के बारे सावित्री के लिए सोचना भी पाप था। अंत में अपने वचन से बंधने के कारण एक पतिव्रता स्त्री के सुहाग को यमराज लेकर नहीं जा सके और सत्यवान के जीवन को सावित्री को सौंप दिया। ठीक तभी से महिलाएं अन्न, जल का त्याग कर अपने पति की दीर्घायु की कामना करते हुए करवाचौथ का व्रत रखती हैं। आज के दौर में करवाचौथ का व्रत बहुत ही खर्चीला बन चुका है। महिलाएं सिर्फ इस दिन बाजारों में खूब खरीददारी किए जाने पर ज्यादा फोकस रखती हैं। दरअसल इस व्रत को रखने की मान्यता को भूलती जा रही हैं।

आपसी देखा देखी में मध्यम वर्गीय परिवारों से संबंध रखने वाली महिलाएं भी बाजारों में शापिंग किए जाने में अब अधिक दिलचस्पी लेती हैं। करवाचौथ का व्रत मोख करवाने के नाम पर भी कुछेक लोग महिलाओं से हजारों रुपए ऐंठते हैं। कुछेक महिलाएं इस पर्व पर अपने पतियों से ज्वैलरी, महंगे कपड़े और अन्य सामान की खरीददारी किए जाने की मांग करती हैं। पतियों की आर्थिक स्थिति ठीक न होने की वजह से वह कई बार अपने पत्नी की मांगों को पूरा नहीं पाते हैं। नतीजतन ऐसे परिवारों में त्योहार आने से पहले ही विवादास्पद स्थिति बन जाती, जो कि गलत बात है। हर साल इस पर्व की बेला पर कई आपराधिक घटनाएं घटित होती हैं। महिलाओं को करवाचौथ का त्योहार सादगी से परिपूर्ण मनाए जाने की अधिक जरूरत है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# एप्पल फोन व फेरारी कार रखने वाले 'त्यागी' व्यक्ति

ऐसे 'महान' लोग तो केवल भारत भूमि पर ही पनपकर पल्लवित होते हुए, महान ऐश्वर्या का भोग-विलास कर सकते हैं। मुझे कभी भी कोई चुनाव जीतना या लड़ना नहीं है। इसलिए यह स्पष्ट रूप से घोषित करता हूं कि इन समय में हमारे महान राष्ट्र भारत में 95 प्रतिशत से भी अधिक लोग मूर्खता की पराकाष्ठा का प्रदर्शन कर रहे हैं। अपने व्यक्तिगत स्वार्थों और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए करोड़ों-करोड़ों लोग तथाकथित और स्वयंभू धार्मिक गुरुओं और उपदेशकों के हाथों अपना ही खूब मानसिक और आर्थिक शोषण करवाने के लिए अंधाधुंध तुले हुए हैं।

किसी कभी भी न होने वाले चमत्कार के चक्कर में भारतीय नागरिक बहुत सारे कथित धार्मिक गुरुओं / प्रवचनकारों के पैरों में रखकर करोड़ों-करोड़ों रुपए हर महीने बर्बाद कर रहे हैं। इनमें कुछ तो अनजान, मासूम, भोलेभाले लोग भी झूठ के झासे में आकर अपने कड़े श्रम और ईमानदारी की कमाई भी दुष्ट लोगों को समर्पित करते हैं और ये स्वघोषित गुरु महाराज और प्रवचन वाले आखिर कर ही क्या रहे हैं ? वही बहुत पुराने धार्मिक किस्से-कहानियां शायद कुछ तथ्य भी सुनाते ही चले जा रहे हैं, जो अरबों लोग पहले ही हजारों हजार बार पढ़, सुन, देख चुके हैं। इस भौतिक संसार का सर्वश्रेष्ठ धंधा, व्यवसाय-निवेश शून्य धन और कमाई करोड़ों - अरबों रुपए की। चलिए, यहां तक भी सहन किया जा सकता है। अब देखिए, सोशल मीडिया पर बकवास करने वाले एक अव्वल दर्जे के बेवकूफ ने तो महामूर्खता और दुष्टता की सभी हदें पार कर मारी। उस महामूर्ख आदमी ने मानव इतिहास के महानतम और श्रेष्ठतम साधू-संतों में से एक स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी से ही आज के गुरुघंटालों से तुलना कर दी। रामकृष्ण जी के बारे में ऐसी बातें बहुत प्रचलित हैं कि उन्हें भोजन का बहुत शौक था।



लेखक : मुमुक्षु के. ठाकुर
मतियारा, मसरूंड, चंबा,

यहां तक कि वे प्रवचन करते समय भी बीच में उठकर चले जाते और अपनी अर्धांगिनी से जाकर पूछते कि आज भोजन के लिए क्या बनाया है ? तत्कालीन सभी साधू-संतों, संन्यासियों, महात्मा सहित आम जनमानस को भी विदित और स्पष्ट था कि परमहंस रामकृष्ण जी मानसिक, आध्यात्मिक, आत्मिक रूप से इस स्थूल संसार को छोड़ चुके थे, लेकिन परमार्थ और मानव सेवा के वशीभूत वे किसी न किसी बहाने इस संसार में कुछ समय के लिए ठहर-टिके रहना चाहते थे।

इसके लिए स्वामी जी ने केवल भोजन मात्र का ही चुनाव किया था।

इसी का संदर्भ देते हुए, उस महामूर्ख ने कुतर्क दे मारा कि आज के धार्मिक गुरुओं और प्रवचनकर्ताओं को भी तो इस भौतिक संसार में रहने का बहाना चाहिए, इसलिए ये गुरुलोग अगर लेटेस्ट एप्पल फोन तथा फेरारी जैसी ऐश्वर्यापूर्ण और बेहद वैभवशाली गाड़ियों का प्रयोग करते हैं तो , इसमें गलत ही क्या है ? अब मुमुक्षु यह सोच रहा है कि अगर उसके पास 'रॉल्स रॉयस' कारें और चार्टेड प्लेन मिल जाएं। मौज-मस्ती करने और देश दुनिया घूमने के लिए , तो वो इन सभी लोगों से भी बहुत ही बड़ा त्यागी, महान, महात्मा, साधू, प्रवचनकर्ता, संत माना जाना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता



### अंजाम बुरा होता है

राजेंद्र पालमपुरी

रास्ते गलत हों तो अंजाम बुरा होता है ।
आंखों से छलकता हर जाम बुरा होता है ।।
हक अपना जो मिले तो नियामत समझो ।
भीख में जो भी मिले हर इनाम बुरा होता है।।
खास तो बहुत कुछ खास नहीं कर सकते ।
अपनी पे आ जाए तो आदमी आम बुरा होता है ।।
कशमकश जिंदगी की कम कभी नहीं होती ।
उसपर मुकद्दर बेचारे का ही नाम बुरा होता है ।।
मुहब्बत शय जिसे कहते हैं यहां दुनियां वाले ।
राधा मीरा का भी सुनो हर श्याम बुरा होता है ।।
हर मुसर्रत भरी बात पर होती है आतिशबाजी ,
वक्त बेवक्त अफसोस भरा पैगाम बुरा होता है ।।
इक इशारे पे समझ जाएं जो बात बनती दिल की ।
और न समझें तो यकीं कर लो अंजाम बुरा होता है ।।

# दोस्त देते जिंदगी को सही उड़ान, अच्छे दोस्त हमारे जीवन को बनाते हैं समृद्ध

जीवन जीने के लिए, जितना जरूरी हवा पानी और खाना है, उतना ही जरूरी अच्छे दोस्तों का होना भी। हर इंसान अपने जीवन में दोस्ती से बहुत कुछ सीखता है। उनकी दोस्ती में हमें सहारा, प्रेरणा, और खुशी मिलती है। दोस्त हमारे जीवन को समृद्ध बनाते हैं और हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उनकी दोस्ती में हमें जीने का मकसद मिलता है और उनके साथ हमें हर मुश्किल आसान लगती है।

दोस्त सचमुच जिंदगी के सबसे बड़े खजाने हैं, उनकी दोस्ती में हमें जीवन की सच्ची कीमत मिलती है। दोस्ती की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वह हमें बिना किसी शर्त के प्यार और समर्थन देती है। दोस्त हमारे जीवन में एक ऐसी खिड़की खोलते हैं जिससे हम नए दृष्टिकोण और अवसरों को देख सकते हैं। उनकी दोस्ती में हमें अपने सपनों को पूरा करने की हिम्मत मिलती है और उनका साथ हमें जीवन की हर चुनौती का सामना करने की ताकत देता है। दोस्ती की महत्ता को समझना जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। दोस्त हमारे जीवन में एक ऐसा रंग भरते हैं जो हमारे जीवन को सुंदर और अर्थपूर्ण बनाता है। उनकी दोस्ती में हमें अपने आप को खोजने का मौका मिलता है और उनका साथ हमें जीवन की सच्ची खुशी की ओर ले जाता है।

दोस्ती की सबसे बड़ी खूबसूरती यह है कि वह हमें बिना किसी अपेक्षा के प्यार और समर्थन देती है। दोस्त हमारे जीवन में एक ऐसा स्थिरता प्रदान करते हैं, जो हमें जीवन की हर मुश्किल में खड़े रहने की ताकत देता है। उनकी दोस्ती में हमें अपने जीवन को सही दिशा में ले जाने की प्रेरणा मिलती है और उनका साथ हमें जीवन की सच्ची खुशी की ओर ले जाता है। आज के समय में, जब जीवन की गति इतनी तेज है, दोस्ती की महत्ता और भी बढ़ जाती है। दोस्त हमारे जीवन में एक ऐसा संतुलन प्रदान करते हैं, जो हमें जीवन की हर चुनौती का सामना करने की ताकत देता है। उनकी दोस्ती में हमें अपने जीवन को सही दिशा में ले जाने की प्रेरणा मिलती है और उनका साथ हमें जीवन की सच्ची खुशी की ओर ले जाता है। अंत में, दोस्ती जीवन की सबसे बड़ी खुशी है। दोस्त हमारे जीवन को सुंदर और अर्थपूर्ण बनाते हैं, और उनकी दोस्ती में हमें जीवन की सच्ची कीमत मिलती है। इसलिए, हमें दोस्ती की महत्ता को समझना चाहिए और अपने दोस्तों के साथ मजबूत संबंध बनाने का प्रयास करना चाहिए।



लेखिका : रेखा चंदेल
झंडूता, बिलासपुर (हिप्र)

अब आपका ध्यान मैं इस तरफ भी दिलाना चाहती हूं कि दोस्ती किस प्रकार की होनी चाहिए, दोस्ती करने के आंकड़े क्या होने चाहिए ऐसा नहीं कि अमीर व्यक्ति को देखा वह दोस्त बना लिया। सबसे पहले तो दोस्ती संस्कारों को देखकर होती है कि कौन सा इंसान कैसा है अगर हम अपनी दोस्ती ऐसे ऐसे इंसानों से करते हैं जो हमें आगे बढ़ाने की शिक्षा देते हैं और हमें बताते हैं कि सही गलत क्या है। ऐसा ही विचार विमर्श दोनों में किया जाता है, तो हमारा जीवन जो है वह आगे की ओर बढ़ता जाता है और अगर हम दोस्ती गलत लोगों से करते हैं, तो जीवन में बढ़ाने की बजाए हम पीछे की ओर हटते हैं, तो हमें दोस्ती बहुत ही सोच समझकर और अच्छे लोगों से करनी चाहिए, जो कि हमें आगे बढ़ाने की प्रेरणा दे।

यही बात अगर बच्चों में भी होती है तो वह कभी भी गलत दिशा में नहीं जाते। हमें अपने बच्चों का ध्यान रखना चाहिए कि हमारे बच्चे किसके साथ बैठ उठ रहे हैं, बातें कर रहे हैं, क्या वह अच्छे इंसान हैं अच्छे उनकी दोस्ती है। क्योंकि संगत का रंग हमेशा चढ़ता है जैसी आप संगत में रहोगे, वैसे ही बनते जाओगे। अगर आप अच्छे लोगों के साथ रहते हो, तो अच्छे ही बनोगे वैसे ही बच्चों को हमें बताना चाहिए कि कैसे दोस्तों के साथ दोस्ती करनी है। अगर हमारा बच्चा गलत संगति में पड़ गया है, तो उसे भी हमें ही सुधारना होगा। हमें यह ध्यान रखना होगा कि वह किसके साथ बाहर जाता है किसके साथ खेलता है, अगर हम थोड़ा सा ध्यान दें इन बातों की तरफ देते हैं तो आने वाली पीढ़ी में सुधार होगा। यह दायित्व मां-बाप से लेकर समाज अध्यापक और समिति सभी का होना चाहिए, अगर हम किसी के बच्चे को गलत समिति में देखते हैं तो हमारा दायित्व बनता है कि हम उसके माता-पिता को बताएं और मां उसके माता-पिता का भी दायित्व बनता है कि अगर कोई बताता है तो उस पर ध्यान दिया जाए, न कि वह उसको बुरा समझे दोस्त जो है वह जिंदगी की राह बदल देते हैं।

अच्छी दोस्ती को स्कूल से लेकर कामकाजी स्थान पर सभी जगह हो जाते हैं। इसी के साथ में अपने शब्दों को विराम देती हूं कि दोस्ती तो हौसलों की उड़ान है, क्योंकि हमने भी अपने जिंदगी का बहुत टाइम ऐसे ही बर्बाद कर दिया, जैसे ही हम अच्छे लोगों की समिति में आए तो हमने अपने आप को जाना और हमने भी लिखना शुरू किया।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## भारत की फ्रीस्टाइल महिला पहलवान

दिव्या काकरन भारत की फ्रीस्टाइल महिला पहलवान हैं। उन्होंने बर्मिंघम, इंग्लैंड में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स, 2022 में देश के लिए कांस्य पदक जीता है। दिव्या ने कांस्य पदक के मुकाबले में सिर्फ 30 सेकंड में विरोधी पहलवान टाइगर लिली कॉकर लेमालियर को चित्त कर दिया। दिव्या काकरन का जन्म उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के पुरबालियान गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम सुरजवीर सैन है। माता का नाम संयोगिता सैन है। दिव्या काकरन के बड़े भाई का नाम देव सैन है जो दिव्या के खान-पान और प्रैक्टिस का ध्यान रखते हैं। दिव्या ने दिल्ली राज्य चैंपियनशिप में 17 स्वर्ण पदकों सहित 60 से अधिक पदक जीते हैं और 14 बार 'भारत केसरी' का खिताब भी जीता है। विलक्षण प्रतिभा वाली दिव्या काकरन ने उस लड़की के तौर पर नाम कमाया जो लड़कों को भी हरा सकती है। दिव्या वर्तमान में भारतीय रेलवे में वरिष्ठ टिकट परीक्षक के रूप में कार्यरत हैं। दिव्या ने 23 मार्च 2018 को भिवानी, हरियाणा में आयोजित 'भारत केसरी दंगल' में 'भारत केसरी' का खिताब जीता। इस दंगल के फाइनल मुकाबले में उन्होंने रितु मलिक को हराया था। इस फाइनल मैच से पहले दिव्या ने इसी दंगल में अंतरराष्ट्रीय चैंपियन गीता फोगाट को भी हराया था। दिव्या अब तक 14 बार भारत केसरी का खिताब जीत चुकी हैं। ■



**दिव्या काकरन**
**जन्म :** 8 अक्तूबर, 1998

## अपनी बात

**नवरात्र** का छठा दिन मां कात्यानी को समर्पित है, जो मां दुर्गा का ही एक स्वरूप है और देवी को कात्यायन ऋषि की पुत्री होने के कारण कात्यायनी नाम से जाना जाता है। शक्ति की आराधना के महापर्व शारदीय नवरात्र के छठे दिन माता कात्यानी की पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि माता के इस स्वरूप की पूजा से साधक को सभी प्रकार के रोग-दोषों से मुक्ति मिलती है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती हैै। माना जाता है कि भगवान कृष्ण की प्राप्ति के लिए गोपियों ने माता कात्यायनी की पूजा की थी। ऐसे में इनका संबंध विवाह से जुड़े मामलों से भी है। ऐसा कहा जाता है कि जो भी इनकी पूजा करता है उसे इच्छानुसार वर की प्राप्ति होती है। आइए जानते हैं मां के इस स्वरूप, पूजा विधि और भोग के बारे में। ऐसी मान्यता है कि माता के इस स्वरूप की पूजा से साधक को सभी प्रकार के रोग-दोषों से मुक्ति मिलती है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। मां कात्यायनी के पूजन से पहले कलश की पूजा का विधान है, जो स्वयं गणेश हैं। उन्हें स्नान के बाद साफ कपड़े पहनाएं और फूल, अक्षत आदि अर्पित कर तिलक लगाएं। उन्हें मोदक भोग लगाएं और पूरे विधि विधान से पूजा करें। इसके बाद आप नवग्रह, दशदिक्पाल, नगर देवता, ग्राम देवता की पूजा भी करें। इसके बाद ही आप माता कात्यानी की पूजा करें। कात्यानी देवी की पूजा के लिए अपने एक हाथ में एक फूल लेकर मां कात्यायनी का ध्यान करें। इसके बाद माता को फूल चढ़ाएं और अक्षत, कुमकुम और सिंदूर अर्पित करें। माता को भोग लगाना न भूलें। साथ ही माता के समक्ष घी का दीया अवश्य ही जलाएं। पूजा के दौरान मंत्रों का जाप करें और आखिर में मां की आरती करें।

**रमना, बगली**

# पाठकों के पत्र...

**नवाचार**, स्टाइल शीट सहित खबरों का कंटेंट्स अनंत ज्ञान समाचार पत्र को अलग पहचान दिला रहा है। जरूरी और बड़ी खबरों को प्रमुख पृष्ठों में जगह मिल रही है। खबरों का संतुलन भी अच्छा है। कोशिश हो कि खबरों में अशुद्धियों न रहे। पाठकों की रुचि बनी रहे, इसके लिए सभी वर्ग की जरूरत के मुताबिक खबरें और संपादकीय पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

**वीरेंद्र सूद, सोलन**

**अनंत** ज्ञान समाचार पत्र पाठकों को त्वरित और सटीक जानकारी प्रदान करने की दिशा में कार्य कर रहा हैं। समाचार पत्र में इस बात का समावेश मिलता है। यही कारण है अनंत ज्ञान प्रदेश उभरते अखबारों में शुमार हो रहा है। उम्मीद है कि भविष्य में यह अखबार प्रदेश की दशा और दिशा तय करने में कारगर साबित होगा और हिमाचल और अन्य राज्य के पाठकों को ज्ञानवर्धक जानकारी देता रहेगा।

**अश्वनी शर्मा, सोलन**

**प्रदेश** के उभरते समाचार पत्र अनंत ज्ञान ने प्रतिभाओं के प्रोत्साहित के लिए सम्मान समारोह का आयोजन कर सार्थक पहल की है। इससे हमारे प्रदेश में कुछ हटकर कार्य करने वाले महानुभावों और दुर्लभ प्रतिभाओं धनी हस्तियों का मनोबल बढ़ेगा। उम्मीद है कि समाचार पत्र भविष्य में भी इसी तरह नवोदित प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन की प्रबंधन और अनंत ज्ञान टीम को बधाई।

**मनीष कुमार, सोलन**

**मैं** जिला कांगड़ा के देहरा की ग्राम पंचायत बनखंडी का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में अधिकांश लोग कृषि पर आधारित हैं। यहां जंगली जानवरों की समस्या प्रमुख है। हमारे गांव के साथ लगते जंगली क्षेत्र हैं। जंगली जानवरों खासकर बंदरों और नील गउओं की समस्या से सब परेशान हैं। यहां अधिकांश लोग कृषि व्यवसाय से भी जुड़े हैं और किसानों की समस्याएं भी अधिक हैं। बेरोजगारी भी समस्या है। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। कृषि संबंधी जानकारी के कई समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अखबार का डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। डिजिटल संस्करण काफी रोचक लगा है। अखबार की प्रति लेने के लिए जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए, तो यहां पर समाचार पत्र पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। समाचार पत्र की उपलब्धता कई पाठकों को इससे जोड़ेगी।

**विनोद कुमार, बनखंडी**

**आपने** जो ऊना में अनंत ज्ञान शिखर समारोह का भव्य आयोजन किया है, इससे ऐसा लग रहा है कि आप जल्द ही हिमाचल की एक प्रतिष्ठित अखबार का मुकाम हासिल कर लोगे। मेरी ओर से अनंत ज्ञान की पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं। मेरे को आपकी अखबार बहुत ही अच्छी लगती है क्योंकि आपकी अखबार में पूरे हिमाचल की न्यूज मिल जाती हैं, चाहे वह कुल्लू हो, मंडी हो, चंबा हो, बिलासपुर हो, ऊना हो, हमीरपुर या चाहे फिर शिमला हो, सोलन हो, सिरमौर हो या किन्नौर। आपको मैं एक बार फिर अपनी तरफ से शुभकामनाएं देता हूं।

**सुमित अवस्थी, जंडपुर (बैजनाथ)**

**मैं** दीपक कुमार शाहपुर का निवासी हूं। मैं अनंत ज्ञान का नियमित पाठक हूं। अनंत ज्ञान पढ़कर मैं हर रोज देश-दुनिया की ताजा तरीन घटनाओं से अवगत होता हूं। अनंत ज्ञान में महिलाओं से लेकर धार्मिक समाचारों का बोलबाला रहता है, लेकिन इसमें एक कमी मुझे आज भी खलती है। युवाओं के लिए अनंत ज्ञान ने अभी तक कोई विशेष कॉलम नहीं चलाया है, जबकि युवा समाज का अहम वर्ग है। युवाओं को जहां करियर से संबंधित सामग्री चाहिए होती है तो वहीं वह रोजगार परक तथा ज्ञानवर्धक सामग्री भी पढ़ना चाहता है। मेरा संपादकीय टीम से आग्रह है कि आप अपने अखबार में जल्द से जल्द युवओं के लिए एक प्रेरणादायी कॉलम जरूरी चलाएं ताकि युवा वर्ग आपकी अखबार पढ़ने के लिए मजबूर हो जाए। मैं एक सच्चे पाठक की हैसियत से यह सुझाव आपको दे रहा हूं। उम्मीद करता हूं कि आप इस पर शीघ्र ही निर्णय ले लेंगे।

**दीपक कुमार, शाहपुर**

**पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं**
*Email : editoranantgyaan@gmail.com*
*Whatsapp no. :* 88945-21702

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### धंसा पड़ा है फोरलेन का सर्विस रोड



**भीम बसेडू, महादेव।** सुंदरनगर क्षेत्र से लेकर नौलखा होकर आगे डडौर बल्ह को जाता खस्ताहाल फोरलेन सर्विस रोड के घटिया तरीक के हुए निर्माण कार्य को लेकर अक्सर राजमार्ग प्राधिकरण की तकनीक पर बार-बार इसलिए भी अंगुली उठ रही है क्योंकि यहां भौगोलिक स्थिति का चिंतन है। कहीं एक बड़े भाग में डंगे गिरते रहने की घटनाएं सामने आती हैं तो कहीं फोरलेन बार-बार उखड़ता रहता है जिससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। गुणवत्ता को लेकर मांग भी उठाई मगर गांव नौलखा व आसपास सर्विस रोड धंसा पड़ा है कहीं अभी तक बंद पड़ा है यानि निकाला ही नहीं गया है वहीं जो मौजूदा समय में है वह टूटी-फूटी हालत में बहती गंदगी से लोगों के लिए जी का जंजाल बना है।

### भागवत कथा में सुनाई श्रीकृष्ण जन्म की कथा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** चौंतड़ा में नव दुर्गा समिति द्वारा शरद नवरात्रि के अवसर पर भव्य दुर्गा पूजन और भागवत कथा का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष नरेश अवस्थी ने बताया कि नवरात्रि के पांचवें दिन नवदुर्गा पूजन और आरती के बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और धार्मिक वातावरण में डूबे रहे। इसके बाद, दोपहर में आयोजित भागवत कथा में कथावाचक अजीत पराशर ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की लीला सुनाई।



### महिला श्रद्धालु के साथ दुकानदार ने की गाली-गलौज

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** ग्राम पंचायत सिमस की संतान दात्री माता सिमसा मंदिर में दर्शन के लिए आई दिल्ली निवासी महिला श्रद्धालु ने एक दुकानदार पर गाली-गलौच का आरोप लगाया है। यह घटना दो दिन पहले की है, जब कृति बंसल, पत्नी अमित गुप्ता, मंदिर में दर्शन करने के बाद अपने सामान को गाड़ी में रख रही थीं। कृति बंसल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे सिमस गांव में एक दुकानदार के घर के पास रुके हुए थे। मंदिर से दर्शन कर वापस लौटने पर, जब वे अपनी गाड़ी में सामान रखने लगीं, तभी एक टेंपो पीछे से आ गया और हॉर्न बजाने लगा। इस पर पास के दुकानदार ने आकर महिला से गाली-गलौज शुरू कर दी। इस घटना की जानकारी महिला ने ग्राम पंचायत सिमस के प्रधान विवेक जसवाल को दी। प्रधान जसवाल ने मौके पर पहुंचकर महिला से बात की और मामले की पूरी जानकारी ली। इसके बाद, लडभड़ोल पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कटोच ने महिला के बयान कलमबद्ध किए और मामले की जांच शुरू कर दी।

### माता सिमसा के दरबार में उमड़ी भक्तों की भीड़



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन लडभड़ोल क्षेत्र की प्रसिद्ध संतान दात्री माता सिमसा के मंदिर में सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हजारों की संख्या में भक्त माता सिमसा के दरबार पहुंचे, जिससे लडभड़ोल-सिमसा सड़क पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में शीश नवाकर पूजा-अर्चना की और अपने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद लिया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विनोद कुमार ने जानकारी दी कि इस वर्ष नवरात्रों के दौरान श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए मंदिर प्रशासन द्वारा विशेष प्रबंध किए गए थे। उन्होंने बताया कि भक्तों के लिए पेयजल, बैठने की उचित व्यवस्था और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया। लडभड़ोल-सिमसा सड़क पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते यातायात बुरी तरह प्रभावित रहा।

### अष्टमी पर टारना माता मेला होगा 10 को

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पूर्व की भांति नगर निगम मंडी द्वारा इस वर्ष भी टारना माता मेला का भव्य आयोजन अष्टमी 10 अक्तूबर को नगर निगम महापौर वीरेन्द्र भट्ट शर्मा की अध्यक्षता में किया जाएगा। जिसमें प्रातः 10 बजे श्री माधोराय पूजन के बाद टारना मंदिर के लिए प्रस्थान किया जाएगा वहां पहुंचकर पूजन के बाद स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए बाजार का उद्घाटन भी किया जाएगा। इस प्रकार इस अवसर पर संध्याकाल में भव्य संस्कृति संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। जिसे इस बार टारना मंदिर के बजाए ऐतिहासिक घंटा घर के प्रागंण में सायं 5 बजे से 9 बजे तक आयोजित किया जाएगा। नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा मेले का आयोजन बेहतर ढंग से आयोजित करने का प्रयास करेगा।

### सुजानपुर टिहरा-सधोल सड़क का 41.1 करोड़ से होगा सुधार



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भाजपा प्रदेश सचिव एवं पूर्व भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र अत्री कहा ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सुजानपुर-टीहरा से संधोल सड़क के अपग्रेडेशन को 41.10 करोड़ की मंजूरी, नवगांव बेरी सड़क के इंप्रूवमेंट और अपग्रेडेशन के लिए 79.25 करोड़ की राशि स्वीकृति देहरा ज्वाली सड़क को मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री मोदी केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी एवम पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर, हिमाचल से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर आभार प्रकट किया है। नरेंद्र अत्री ने यह बात अपने संधोल क्षेत्र के दो दिवसीय प्रवास के दौरान मीडियाकर्मियों से अपने विचार सांझा करते हुए कही। सुजानपुर टीहरा-सधोल रोड के अपग्रेडेशन को 41.1 करोड़ का बजट मिलने से सड़क की स्थिति में सुधार होगा, यातायात सुधरेगा व इसका सीधा लाभ सुजानपुर विधानसभा के जंगल वेरी क्षेत्र, धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के सधोल क्षेत्र के साथ लगते जिला कांगड़ा के जयसिंहपुर क्षेत्र के लोगों को भी मिलेगा।

### कृष्ण चंद्र राष्ट्रीय बाल वाटिका सृजन सम्मान से सम्मानित



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश के बाल साहित्यकार और लोक साहित्य के संकलक कृष्ण चंद्र महादेविया को राजस्थान में बाल वाटिका पत्रिका द्वारा उनकी बाल कथा पुस्तक रंगीलू की शैतानी के लिए जगदीश भारती स्मृति राष्ट्रीय बाल वाटिका सृजन सम्मान से सम्मानित किया गया है। राजस्थान के जिला भीलवाड़ा में 5-6 अक्टूबर को पत्रिका के सालाना समारोह में उन्हें सम्मान में नकद राशि, शाल, श्रीफल, अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र तथा प्रमाण पत्र प्रदान किए गया। कृष्ण चंद्र महादेविया को यह सम्मान शिक्षा विद यज्ञदत्त नागर स्मृति 25 वीं राष्ट्रीय बाल साहित्य संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। कृष्ण चंद्र महादेविया को राजस्थान में जगदीश भारती स्मृति राष्ट्रीय बाल वाटिका सृजन सम्मान से सम्मानित होने पर सुकेत साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद के प्रधान डॉ. गंगाराम राजी, साहित्यकार एवं लेखक मनोज चौहान, पवन चौहान, सुरेंद्र मिश्रा, रतनलाल शर्मा, भीम सिंह, डॉ.पीसी कौंडल, डॉ. महेंद्धु, राजेन्द्र शर्मा, भीम बसेडू, रिया सिंह, सूर्यांशी, दिव्या सिंह, मुरारी शर्मा, डॉ. जगदीश कपूर, राजकुमार व कैप्टन सेवक सिंह सहित अन्य लेखकों ने बधाई दी है।

### दिनेश गुप्ता की पुस्तक 'कथक सोपान' का विमोचन



**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल के प्रथम पुरुष कत्थक स्नातकोत्तर दिनेश गुप्ता द्वारा लिखित पुस्तक कथक सोपान पुस्तक का विमोचन कथक नृत्य के पर्याय पंडित बिरजू महाराज के छोटे बेटे पंडित दीपक महाराज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला भाषा अधिकारी प्रोमिला गुलेरिया, संगीत नाटक अकादमी दिल्ली के नितेश, सलमान वारिशी गायक, बारिश खान पखावज वादक व कई गणमान्य व्यक्ति रूप से उपस्थित रहे। कथक सोपान न केवल कथक नृत्य के प्रशिक्षुओं को अपितु कला रसिको के लिए ज्ञानवर्धक पुस्तक है। इसमें उन्नीस अध्याय हैं। इन अध्यायों में कथक नृत्य परिभाषा, उद्भव और विकास, कथक नृत्य के घराने, नृत्य और उसके प्रकार, भारत के लोक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य व लोक नृत्य में अंतर आदि के पारिभाषिक शब्द और कथक नृत्य के साधक हैं।

### विभिन्न क्षेत्रों में 8 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल साईगलू ई. हुकम चंद ने बताया कि 8 अक्तूबर को बीर फीडर की मरम्मत के चलते गांव बीर, लाग, कथवारी, बरयारा, धार, कठ्याना, सदोह, नल्होग, डोलरा-बल्ह, जमाणा, कलोथर, खडकल्याणा, खपरेहडा, भलेड, तरनोह, घेरु, नेरन, थाम्बा, रोपड़ी तथा आसपास के क्षेत्रों की बिजली सुबह 10 से सायं 6 बजे तक तक बंद रहेगी। मौसम ख़राब होने के स्थिती में तारों को बदलने और नए बिजली के पोल लगाने का कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# राम वनवास : 'तैनू राज सवेरे मिलणा सी, इक रात विच ही फकीर होया'

**अनंत ज्ञान, कोटली**

यहां चल रहे रामलीला उत्सव की चौथी संध्या पर राम वनवास का मार्मिक दृश्य दिखाया गया। 'तैनू राज सवेरे मिलणा सी, इक रात विच ही फकीर हुआ, अवधपुरी देया वासिया' के पार्श्वगायन के साथ श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण के वन गमन का दृश्य बरबस ही दर्शकों को भाव विभोर होने पर मजबूर कर गया।

उधर अयोध्या में राम के वन गमन से व्यथित महाराज दशरथ अपने प्राण त्याग देते हैं। अगले दृश्य में अयोध्या से दूत को कैकयपुर भेज कर भरत और शत्रुघ्न को वापस बुलवाया जाता है। पिता की मृत्यु का समाचार से जहां एक ओर भरत को विचलित कर दिया



रामलीला का मंचन करते हुए कलाकार।

वहीं राम के वनगमन की सूचना पाकर वे मूर्छित हो गए। होश में आते ही छोटे भाई शत्रुघ्न, गुरु वशिष्ठ, मंत्री सुमंत तथा तीनों माताओं को साथ लेकर भैया राम से मिलने वन को प्रस्थान करते हैं। इस मौके पर श्री कृष्णा ज्वेलर्स मंडी के मालिक जयपाल सिंह आहूजा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

कमेटी के प्रधान प्रशांत मोहन, महासचिव अश्विनी कुमार, कोषाध्यक्ष कमल किशोर, ग्राम पंचायत कोटली के उप प्रधान मोहन सिंह ठाकुर तथा महिला मंडल प्रधान अंजलि ने शाल टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके अतिथियों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कमेटी को शुभकामनाएं देते हुए 21000 की नगद राशि सहयोग के तौर पर भेंट की।

## रामलीला के मंचन ने दर्शकों का दिल जीता

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

श्री जालपा कला मंच सेरु द्वारा आयोजित रामलीला की तीसरी संध्या में सीता स्वयंवर, दशरथ का दरबार, बारात, रंग में भंग, कैकई महल और भगवा वस्त्र के दृश्य मनमोहक ढंग से प्रस्तुत किए गए।

इस भक्तिमय आयोजन में भाजपा मंडल सचिव शांति स्वरूप शर्मा ने अपने पुत्र शेखर स्वरूप शर्मा के साथ मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री शक्ति राणा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए।

शांति स्वरूप शर्मा ने मंच पर कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना की, विशेषकर बच्चों के अभिनय की, जिसे उन्होंने अत्यधिक प्रशंसनीय बताया।

उन्होंने कहा, सेरु की रामलीला केवल जोगिंद्रनगर उपमंडल में ही नहीं, बल्कि समूचे जिले और प्रदेश में प्रसिद्ध है। उन्होंने रामलीला में उपस्थित भक्तजनों को भगवान श्री राम के जीवन का विस्तृत परिचय देते हुए माता-पिता की आज्ञा का पालन और जीवन में संयम रखने की सीख लेने का आग्रह किया।

### तय मानकों के अनुरूप खाद्य पदार्थों की बिक्री करें सुनिश्चित : उपायुक्त

# घटिया खाद्य पदार्थों की बिक्री पर लगा जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने सहायक आयुक्त फूड सेफ्टी मंडी को जिला में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तय मानकों के अनुरूप खाद्य सामग्री की बिक्री सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाएं ताकि किसी के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न हो। उपायुक्त सोमवार को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के क्रियान्वयन के लिए सुरक्षित भोजन और स्वस्थ आहार की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की सातवीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने खाद्य पदार्थों की कड़ाई से जांच करने के लिए ज्यादा से ज्यादा नमूने एकत्रित करने के लिए निरीक्षण दल भेजने को भी कहा। इस दौरान सहायक आयुक्त फूड सेफ्टी एलडी ठाकुर ने बताया कि पिछले वर्ष नवंबर, 2023 से लेकर अगस्त, 2024 तक मंडी जिला की खाद्य सुरक्षा विंग ने बिक्री के लिए आए खाद्य पदार्थों के 224 नमूने



बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन।

**11 माह में 224 नमूने किए एकत्रित, 51 निकले गलत, 3 स्वास्थ्य के लिए हानिकारक**

लिए हैं। जिनमें से 152 की रिपोर्ट आ गई है। जिनमें से 98 नमूने सही पाए गए हैं। 51 नमूने घटिया और गलत ब्रांडेड और 3 स्वास्थ्य के लिए हानिकारक थे। इस दौरान 47 उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा चलाया गया, जिनमें से 28 मामलों का एडीएम कोर्ट में निर्णय हुआ है और इन्हें 8,68,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

सहायक आयुक्त फूड सेफ्टी द्वारा 12 मामले कम्पाउंड किए गए, जिनमें 1.30 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया। अब तक 3074 खाद्य व्यवसाय संचालकों को फूड लाइसेंसिंग के दायरे में लाया गया है। इस अवधि में 415 नए लाइसेंस जारी किए गए। तीन जगहों पर उपभोक्ता जागरूकता शिविर लगाए गए हैं। उपायुक्त ने मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाने के निर्देश दिए हैं।

### मछली में फॉर्मेलिन होने से ब्रेन स्ट्रोक और कैंसर का खतरा

फूड सेफ्टी सहायक आयुक्त ने बताया कि राष्ट्रीय वार्षिक निगरानी योजना 2024-25 के अनुसार लिए गए निगरानी नमूनों में से कनैड और कंसा चौक से ताजा मछली के नमूनों में फॉर्मेलिन की उपस्थिति पाई गई। इससे ब्रेन स्ट्रोक और कैंसर होने का खतरा होता है। बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश ठाकुर, फूड सेफ्टी अधिकारी वर्षा ठाकुर और सचिन लखनपाल सहित कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद थे।

### विद्यालयों को पंजीकरण पूरा करने के निर्देश

बैठक में अवगत करवाया गया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत मिड-डे मील परोसने वाले विद्यालयों का एसएनएफ स्कूल पोर्टल पर पंजीकृत किया जाना है। अब तक 741 विद्यालय पंजीकृत किए जा चुके हैं। सभी विद्यालयों को एक हफ्ते में पंजीकरण पूरा करने के निर्देश दिए।

## बस स्टैंड पर बसें न रुकने से यात्रियों को हो रही असुविधा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

बेशक चाहे प्रदेश के परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री और एमडी रोहण ठाकुर एचआरटीसी को लगातार घाटे से उभारने के लिए सैकड़ों प्रयास कर रहे हैं परंतु अभी भी निगम के कुछ चालक और परिचालक मंत्री और एमडी की उम्मीदों पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं ऐसा ही कुछ देखने को मिला सोमवार को शिमला से स्योह व मंडी की ओर जाने वाली एचआरटीसी डिपो धर्मपुर की दो बसें सरकाघाट बस अड्डे के अंदर न रुककर बाहर से ही निकल गईं, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।

बसों को रोकने के लिए गोरत की दिशा से कुछ यात्रियों ने प्रयास भी किया, लेकिन बसें बिना रुके ही निकल गईं। इस घटना से लगभग चालीस यात्री प्रभावित हुए, जिनमें से ज्यादातर जोढन भेड़ी कौहन करनोहल सज्योपियालु स्याठी त्रैंबला गांवों के थे। बसों के न रुकने के कारण इन यात्रियों को निजी वाहनों का सहारा लेकर अपने गंतव्य तक जाना पड़ा, जिससे उन्हें आर्थिक और समय की हानि हुई। यात्रियों मे सरिता देवी, नरेंद्र ठाकुर,




फाइल फोटो

उमा देवी, सोहन सिह, तुलसी राम निट्टु राम, राकेश कुमार, बाबूराम, दलेर सिह, संजय कुमार, प्रकाश चन्द, राजकुमार, शीतला देवी, लता देवी आदि ने परिवहन मंत्री और विभाग से इस मामले की शिकायत करते हुए अनुरोध किया है कि संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्याओं का सामना न करना पड़े।

> उन्हें दोनों मामलों की शिकायत यात्रियों से मिली है संबंधित चालकों और परिचालकों के साथ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> -विनोद कुमार, एचटीसी डिपो धर्मपुर, ट्रैफिक मैनेजर।

## अभिलाषी कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम शुरू

**अनिल शर्मा, मंडी**

अभिलाषी कॉलेज ऑफ एजुकेशन नेरचौक में बीएड सत्र 2024-26 के प्रशिक्षु अध्यापकों के लिए सोमवार से एक साप्ताहिक ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शुरुआत की गई तथा इस ओरिएंटेशन प्रोग्राम के तहत प्रथम दिवस में कार्यक्रम को दो चरणों में विभाजित किया गया। इसके पहले चरण में महाविद्यालय का समस्त टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ का विद्यार्थियों के समक्ष साक्षात्कार किया गया तथा उसके पश्चात महाविद्यालय में कार्यकारिणी द्वारा स्थापित विभिन्न कमेटी, सेल्स के महत्व एवं योगदान को समझाते हुए



कार्यक्रम में प्रशिक्षु अध्यापक व गणमान्य।

महाविद्यालय के विजन तथा मिशन सहित महाविद्यालय के उद्देश्य एवं परिदृश्य के संबंध में महाविद्यालय की सहायक प्रो. डॉ. सीता द्वारा विशेष रूप से प्रकाश डाला गया।

इस कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की उपप्रधानाचार्य सपना गोयल की अगुवाई में की गई तथा कार्यक्रम के दूसरे चरण में ओरिएंटेशन कार्यक्रम को सही एवं सुनिश्चित रूप प्रदान करने के लिए विद्यार्थियों को इस प्रथम दिवस में 'रोल ऑफ कम्युनिकेशन स्किल्स इन टीचिंग प्रोफेशन' पर आधारित एक गेस्ट लेक्चरर का भी आयोजन किया गया।

इस गेस्ट लेक्चर में बतौर रिसोर्स पर्सन भूपेश कुमार ने अपने विचार साझा किए, जो एक लैंग्वेज एक्सपर्ट हैं।

## प्रेम गुलेरिया बने सीनियर सिटीजन क्लब के संयोजक

**अनंत ज्ञान, मंडी**

विश्व जागृति मिशन मंडी के बैनर तले हिमाचल गागल धाम आश्रम में सीनियर सिटीजन क्लब का शुभारंभ कर उन्हें सम्मानित किया गया।

मंडी मंडल के प्रधान कश्मीर सिंह ठाकुर ने बताया कि बुजुर्ग हमारी संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। इस दौरान आनंद मय जीवन संघ सीनियर सिटीजन क्लब का भी शुभारंभ किया गया। जिसमें प्रेम सिंह गुलेरिया को संयोजक, नंदलाल शर्मा सह संयोजक, दुर्गा दास को सचिव बनाया गया। इसके अलावा मोहन शर्मा, नर्मदा शर्मा, दिनेश कैंथ, शशि मल्होत्रा, रक्षा सेठ, हिमी देवी, रमा देवी को सदस्य की जिम्मेदारी दी गई।



गागल धाम में सीनियर सिटीजन क्लब के पदाधिकारी।

## पेंशनर्स की मासिक बैठक 9 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिम आंचल पेंशनर संघ इकाई जोगिंदर नगर चौंतड़ा खंड की मासिक बैठक मिनी सचिवालय जोगिंद्रनगर के सभागार में 9 अक्तूबर को पूर्वाह्न 11 बजे संघ के अध्यक्ष नेक राम शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

महासचिव रमेश पठानिया ने बताया कि बैठक में पेंशनरों के मुद्दों और अन्य समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। विशेष रूप से, राज्य स्तरीय कार्यकारिणी के आवाहन पर होने वाली रोष रैली में शामिल होने के लिए रणनीति बनाई जाएगी। बैठक के दौरान सम्मान समारोह आयोजित करने के विषय में भी चर्चा की जाएगी।

## नाली पर लगे लोहे के जंगले चोरी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

नगर परिषद सुंदरनगर के वार्ड नंबर-3 पुंघ स्थित रैन बसेरा के समीप नाली के ऊपर लगे लोहे के जालों पर चोरों ने हाथ साफ कर दिए हैं। चोरों द्वारा मौके से 3 लोहे के जालों को चोरी कर लिया है।

मामले में पुलिस थाना सुंदरनगर ने चोरी का एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बलबीर चंद सोनी पुत्र स्व. मुल्ख राज सोनी वर्तमान प्रारूपकार नगर परिषद सुंदरनगर जिला मंडी के शिकायत पत्र पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता अनुसार नगर परिषद सुंदरनगर के वार्ड नंबर-3 स्थित रैन बसेरा के समीप मौजूद नाली के ऊपर लगे लोहे के तीन जालों को कोई चुरा कर ले गया है। शिकायतकर्ता अनुसार सुबह जब जालों को मौके पर मौजूद नहीं पाया गया तो द्वारा लोहे के जालों को चुराने को लेकर एफआईआर दर्ज कराई है।

डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस ने शिकायतकर्ता के शिकायत पत्र अनुसार मामले में एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस जांच अमल में ला रही है और घटना को लेकर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी खंगाला जा रहा है।

## बिजली की आंख मिचौनी से परेशानी

**भीम बसेडू, महादेव।** विद्युत अनुभाग धनोटू के अंतर्गत आने वाले एक बड़े विशाल नाचन क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति नियमित न होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

लघु उद्यमी राजू चौहान ने बताया कि लंबे समय से बिजली की आंख मिचौली से कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है वहीं लोगों का काम समय पर न होने से लोगों ने भी दुखी होकर संबंधित विभाग का घेराव करने का मन बना लिया है। लोगों ने सरकार से नियमित आपूर्ति का प्रबंध करने का अनुरोध किया है।

## जंगली जानवर आने से कार दुर्घटनाग्रस्त, चालक घायल

**अनंत ज्ञान, गोहर**

जिला मंडी के जंजैहली क्षेत्र के चिमटी नाला में सोमवार को कार के आगे अचानक से जंगली जानवर आने से सड़क हादसा पेश आया है। हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है और प्रारंभिक उपचार के लिए सिविल अस्पताल जंजैहली ले जाया गया है।

हादसे का कारण मौके के समीप जंगल से अचानक लोमड़ी द्वारा कार के आगे छलांग लगाना है। इस पर जैसे ही चालक लोमड़ी और अपने आप को बचाने के लिए कार को रोकने लगा तो मौके पर मोड़ और तंग सड़क होने के कारण कार साथ लगती खाई में गिर गई।



दुर्घटनाग्रस्त कार।

जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर एक कार नंबर एचपी-87-2729 जंजैहली की ओर से छतरी की ओर जा रही थी। इसी दौरान जब कार क्षेत्र के चिमटी नाला के समीप पहुंची तो अचानक से अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस कारण कार में मौजूद चालक को गंभीर चोटें आई हैं। चालक को स्थानीय लोगों और 108 एंबुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल जंजैहली प्रारंभिक इलाज के लिए ले जाया गया है।

हादसे में घायल कार चालक की पहचान ओमप्रकाश पुत्र चालू निवासी गांव जूड जिला मंडी के तौर पर हुई है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मंडी जिला मुख्यालय में बताया कि पुलिस थाना जंजैहली ने मामले में एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मौके पर मौजूद गवाहों के बयान दर्ज किए हैं। मामले पुलिस की आगामी कार्रवाई जारी है।

**बैठक** जिला परिषद की बैठक में कांग्रेस जिला परिषद सदस्य और जिला परिषद अध्यक्ष में कहासुनी

# मनरेगा के 109 करोड़ रुपए के कार्यों को दी मंजूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जिला परिषद की बैठक अध्यक्ष जिला परिषद पाल वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को भ्यूली के जिला परिषद हॉल में आयोजित की गई। पाल वर्मा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से जनहित के विभिन्न विकास कार्यों को आपसी समन्वय से तय सीमा के भीतर पूर्ण करने को कहा।

चर्चा के दौरान जिला परिषद सदस्य एवं सदर कांग्रेस प्रत्याशी चंपा ठाकुर और जिला परिषद अध्यक्ष पाल वर्मा के बीच कहासुनी हो गई। जिस पर चंपा ठाकुर ने



बैठक की अध्यक्षता करते पाल वर्मा और अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर एवं अन्य।

**बैठक से सदस्य चंपा ठाकुर ने किया वॉक आउट**

बताया कि करीब 3 घंटे इंतजार करने के बाद बोलने का मौका बैठक में मिला जिसके कोटली से धर्मपूर एनएच कार्य को लेकर अपनी बात रख रही थी लेकिन जिला परिषद सदस्य ने बोलते समय बीच में ही टोक दिया जिस कारण बैठक का वॉकआउट किया गया। वहीं जब इस बारे में जिला परिषद अध्यक्ष पाल वर्मा से बात हुई तो उन्होंने बताया की सदस्य द्वारा प्रश्न न होनें पर भी बोलनें का मौका दिया गया। लेकिन जिला परिषद सदस्य मुद्दे से बाहर बात कर रही थी जिस कारण उन्हें रोका गया।

वहीं जिला परिषद मंडी ने मंडी जिला में मनरेगा के माध्यम 109 करोड़ रुपये के विकास कार्यों और लाइन डिपार्टमेंट के माध्यम से 9.92 करोड़ रुपए विकास कार्यों की मंजूरी प्रदान की। बैठक में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल जैसे विविध नये व पुराने मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

अतिरिक्त उपायुक्त एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद मंडी रोहित राठौर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को विविध विकास कार्यों को शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया है।

## भाजयुमो सराज ने चलाया सदस्यता अभियान

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा वर्तमान में पूरे देश में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। सराज मंडल में भी पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के मार्ग दर्शन में सदस्यता अभियान तीव्र गति से चलाया जा रहा है। सदस्यता अभियान में सराज भाजपा युवा मोर्चा द्वारा भी पूरे सराज मंडल में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान सराज मंडल के युवा मोर्चा प्रभारी के नाते प्रदेश।




सदस्यता अभियान के दौरान भाजपा सदस्य।

भाजयुमो प्रवक्ता चंदन पंडित सदस्यता अभियान को विस्तार देने के लिए सराज के विभिन्न स्थानों में प्रवास रत है। सदस्यता अभियान में सराज युवा मोर्चा अध्यक्ष मुकेश मैडी की अध्यक्षता में सराज युवा मोर्चा की पूरी टीम गांव-गांव जा कर सदस्यता अभियान को गति देने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

सराज भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष मुकेश ने बताया कि इस दौरान सराज विधानसभा क्षेत्र के डिग्री कॉलेज, आईटीआई इत्यादि शिक्षण संस्थानों में भी सदस्यता अभियान चलाया गया व साथ में युवा मोर्चा द्वारा वन बूथ में फाइव यूथ भी बनाए गए है।

# डीजे पर दबंग स्टाइल में हुड़दंग मचाने पर काटनी पड़ी हवालात में रात

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

शादी समारोह में सुरा के नशे में मदहोश होकर डीजे पर दबंग स्टाइल अपनाकर हुड़दंग मचाना एक शख्स को भारी पड़ गया है। डीजे पर मरने-मारने पर उतारू हुए उस शख्स को पुलिस की बात भी न मानने पर एक रात हवालात में गुजारनी पड़ी।

सोमवार को उसे एसडीएम के समक्ष पेश करने पर उसे भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी के साथ जमानत पर रिहा किया गया। उपमंडल गगरेट के टटेहड़ा गांव में रविवार को एक शादी समारोह में शरीक हुए लोग डीजे पर धमाल मचा कर शादी को यादगार बनाने में मशगूल थे कि तभी शादी समारोह को यादगार बनाने के लिए सुरा के नशे में मदहोश एक शख्स डीजे पर पहुंच गया, उस पर सुरा का नशा इतना हावी हो गया कि नाचते-नाचते उसके हाथ-पांव ऐसे चलने लगे कि ये दूसरों के मौलिक अधिकारों में खलल डालने लगे।

काफी समझाने पर भी जब उक्त शख्स नहीं माना तो इसकी सूचना गगरेट पुलिस को दी गई। देर रात शादी समारोह में पहुंची पुलिस ने भी उस शख्स को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह किसी की बात मानने को तैयार ही नहीं हुआ। इस पर पुलिस ने इलाके की शांति भंग होने के अंदेशे से उसे गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि हुड़दंग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## पांच वार्डों में सिंगल नॉमिनेशन

**लठियानी।** दी कृषि सहकारी सभा लठियानी के नामांकन पत्र भरने का सोमवार को अंतिम दिन था। सभा के सचिव दिनेश ठाकुर ने बताया कि वार्ड नंबर 1 से देशराज शर्मा, विनोद शर्मा एवं मनीष कुमार, वार्ड नंबर 2 से मदनलाल, वार्ड नंबर 3 से जियालाल, वार्ड नंबर 4 से प्रमोद सिंह, वार्ड नंबर 5 से संजय कुमार व पूनम शर्मा, वार्ड नंबर 6 से अश्विनी कुमार, वार्ड नंबर 7 से सुनील कुमार एवं नरेंद्र कुमार, वार्ड नंबर 8 से अशोक कुमार , वार्ड नंबर 9 से जगमोहन सिंह, कुलजीत सिंह, अशोक कुमार आदि ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए और 11 तारीख को नाम वापस लिए जा सकते हैं। कृषि सहकारी सभा के सचिव दिनेश ठाकुर ने बताया कि चुनाव चिन्ह 15 तारीख को दिए जाएंगे और चुनाव 30 अक्तूबर को वोट डाले जाएंगे और इसी दिन दोपहर के बाद परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

# युवकों ने फेरी वालों को रोककर की पूछताछ, बुला ली पुलिस

### नहीं दिखा पाए कागजात, बाइक की जब्त, घालूवाल पंचायत ने फेरी वालों पर लगाया है प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान, हरोली**

उपमंडल हरोली की पंचायत घालूवाल में स्थानीय युवकों ने फेरी लगाकर प्लास्टिक का सामान बेचने वाले प्रवासी युवक को पकड़ लिया तथा मौके पर उपप्रधान अनिल जसवाल को बुलाया गया। अनिल जसवाल द्वारा प्रवासी से पंचायत या पुलिस द्वारा वेरिफिकेशन किए कागजात मांगे तो प्रवासी उन्हें नहीं दिखा पाया।

अनिल जसवाल द्वारा पुलिस चौकी पंडोगा को इसकी सूचना दी गई। चौकी प्रभारी गुरध्यान सिंह अपनी टीम सहित मौके पर पहुंचे प्रवासी के बाइक के कागजों की पड़ताल की गई तो न बाइक की आरसी थी और न ही प्रवासी के पास लाइसेंस था और न ही पुलिस वेरिफिकेशन।

पुलिस ने प्रवासी का बाइक जब्त कर ली। इस कार्रवाई के दौरान दो बईकों पर सवार कबाड़ का काम करने वाले पंजाब निवासी चार युवक पहुंचे तो उनके बाइक्स की जांच की गई तो


पंचायत घालूवाल में स्थानीय युवक फेरी लगाकर प्लास्टिक का सामान बेचने वाले प्रवासी के साथ।

उनमें एक की आरसी नहीं होने के चलते बाइक को पुलिस द्वारा जब्त कर लिया गया। बता दें कि गांव में बढ़ती चोरी की घटनाओं के कारण ग्राम पंचायत ने फेरी वालों पर प्रतिबंध लगाया हुआ है।

# जायका मिशन की टीम नवीन कृषि पद्धतियों का आज लेगी जायजा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

> लाभार्थी किसानों से मिलकर जायका के कार्यक्रमों का करेंगे निरीक्षण : डॉ. चौहान

जायका मुख्यालय मिशन का चार सदस्यीय एक प्रतिनिधिमंडल 8 अक्तूबर को हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना-2 में चल रही नवीन कृषि पद्धतियों का जायजा लेने के लिए प्रोजेक्ट क्षेत्र का दौरा करेगा। इस टीम के अन्य सदस्यों में सुश्री शिनो काटो व ताकाहिरो कोइके, दोनों जायका मुख्यालय प्रतिनिधि और जायका इंडिया से केन कुनिडा व सुश्री युकारी इनागाकी शामिल हैं।

जायका कृषि प्रोजेक्ट-2 के परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान ने बताया कि जायका मिशन के इस दौरे का एकमात्र उद्देश्य लाभार्थी किसानों से मिलकर जायका के कार्यक्रमों का जायजा लेना है और उनकी प्रतिक्रियाएं लेकर नवीन कृषि पद्धतियों के परिणामों का आकलन करना है। उल्लेखनीय है कि पिछले दो वर्षों में किसी भी अंतरराष्ट्रीय मिशन का जायका कृषि प्रोजेक्ट-2 क्षेत्र का यह पांचवां दौरा है।

इस दौरे के दौरान प्रतिनिधियों द्वारा जिला परियोजना प्रबंधक इकाई पालमपुर में कई सिंचाई योजनाओं का दौरा करने की संभावना है। प्रतिनिधिमंडल पालमपुर के पपरोला में संग्रह केंद्र का दौरा करेगा, जहां वे किसान उत्पादक कंपनी (एफपीओ), बैजनाथ प्रगतिशील किसान उत्पादक निर्माता कंपनी लिमिटेड के पदाधिकारियों और किसानों के साथ बातचीत करेगा और जायका कृषि प्रोजेक्ट-1 में बने रिटेल आउटलेट, पपरोला का भी दौरा करेगा। इसके बाद वे पालमपुर में बना शिटाके खेती और प्रशिक्षण केंद्र का दौरा करेंगे, जिसमें शिटाके प्रसारकों के साथ बातचीत करेंगे।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्य जायका कृषि प्रोजेक्ट-2 में खंड परियोजना प्रबंधक इकाई, धर्मशाला क्षेत्र में बन रही सिंचाई सोजना संध कूहल का भी दौरा करेगा। यहां टीम के सदस्य कृषक विकास संघ के प्रतिनिधियों एवं सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे और सिंचाई के बुनियादी ढांचे के बारे में चर्चा करेंगे। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल कलेक्शन सेंटर भट्ठू जाएंगे और एफपीओ भवारना के पदाधिकारियों व किसानों के साथ बैठक करेगा।

# भूकंपरोधी भवन बनाने को लेकर जगाई अलख

**अनंत ज्ञान, ऊना**

आपदा जोखिम न्यूनीकरण और समर्थ कार्यक्रम 2024 के तहत ऊना उपमंडल के संतोषगढ़ और आइएसबीटी ऊना में लोगों को भूकंप सुरक्षित भवन निर्माण करने को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान सूचना एवं जन संपर्क विभाग से संबद्ध फोक मीडिया ग्रुप पूर्वी कला मंच जलग्रां टब्बा के कलाकारों ने लोगों को सुरक्षित भवन निर्माण के विभिन्न तौर तरीकों और मूलभूत ज्ञान से अवगत करवाया।

कलाकारों ने बताया कि भवन चाहे अवासीय हों या गैर आवासीय, उनका निर्माण भूकंपरोधी तरीके से किया जाना चाहिए ताकि किसी भी आपदा के समय जानमाल के नुकसान को रोका जा सके। इसके अलावा कलाकारों ने आपदा की रोकथाम के लिए पर्यावरण संतुलन के महत्त्व के


लोगों को जागरूक करते कलाकार।

विषय में कलाकारों द्वारा पेड़ लगाओ -पर्यावरण बचाओ समूह गान भी प्रस्तुत किया गया जिसमें पौधरोपण के महत्व तथा भूमि कटाव की रोकथाम बारे विशेष संदेश दिया गया।

**यहां-यहां होंगे कार्यक्रम :** इसी कड़ी में समर्थ 2024 कार्यक्रम के तहत 8 अक्तूबर को बस स्टैंड हरोली और ग्राम पंचायत बाथू में पूर्वी कला मंच, 9 अक्तूबर को तहसील घनारी (हेडक्वार्टर) और 10 अक्तूबर को ग्राम पंचायत सिद्ध चलेट में सुरभि कला मंच द्वारा लोगों को भूकंपरोधी भवन बनाने को लेकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 10 अक्तूबर को ग्राम पंचायत धुंधला और ग्राम पंचायत रायपुर मैदान तथा 11 अक्तूबर को बस अड्डा चिंतपूर्णी और ग्राम पंचायत पंजोआ में आरके कला मंच द्वारा नुक्कड़ नाटकों के जरिए लोगों को भूकंप सुरक्षित भवन निर्माण के साथ-साथ आपदा जोखिमों और उपायों बारे जागरूक किया जाएगा।

# इन्नर व्हील क्लब ने बेटी की शादी के लिए सहयोग दिया

**अनंत ज्ञान, ऊना**

इन्नर व्हील क्लब ऊना ने ऊना मुख्यालय पर एक मेहनतकश परिवार की बेटी की शादी में सहयोग दिया। क्लब प्रधान रमा कंवर, सचिव शोभा सोनी, कैशियर रेखा शर्मा, आईएसओ सुमन पुरी, सदस्य पूजा कपिला, सुनीता शर्मा, अमरजीत बबली व अन्य सदस्यों ने क्षेत्र के एक परिवार की बेटी की शादी के लिए करीब पांच हजार रुपए का राशन, डिनर सेट, बर्तन व 5100 रुपए शगुन के रूप में प्रदान किए।

उन्होंने बेटी के उज्ज्वल भविष्य व सुखद दांपत्य जीवन के लिए भी शुभकामनाएं दीं। क्लब प्रधान रमा कंवर व सचिव शोभा सोनी ने कहा कि इन्नर व्हील क्लब अपने सदस्यों के सक्रिय सहयोग से समाज सेवा के विभिन्न प्रकल्प चला रहा है।




## स्वयंसेवियों ने चमकाया दौलतपुर रेलवे स्टेशन




दौलतपुर चौक। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दौलतपुर चौक एनएसएस के विशेष सात दिवसीय शिविर मे थाना प्रभारी अंब गौरव भारद्वाज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सर्वप्रथम सरस्वती मां के श्री चरणों में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को आरंभ किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों में समाज सेवा की भावना उत्पन्न करता है तथा विद्यार्थी जीवन में बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने एनएसएस वालिंटियर्स को कानून के सम्मान करने के लिए प्रेरित किया । स्कूल के प्रधानाचार्य बासुदेव ठाकुर के दिशा निर्देश अनुसार एनएसएस अधिकारी मोनिका रतन व संजीव कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में रेलवे स्टेशन को संवारा। बच्चों ने कैंप के अंत में भोजन का आनंद उठाया। इस अवसर पर मनोज ठाकुर, इंदु वाला, प्यारेराम, मधु कौंडल, पूजा शर्मा, विपन, अनुज शर्मा, मनोज कुमार, इत्यादि उपस्थित रहे।

# भंजाल में भगवान श्रीराम ने अहिल्या का किया उद्धार


जिला पार्षद सुशील कालिया को कमेटी सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

भंजाल गांव में श्री रामलीला कमेटी का मंचन पूरे विधि-विधान एवं श्रद्धा के साथ किया जा रहा है। गत रात्रि मुख्यातिथि के रूप में जिला पार्षद सुशील कालिया ने शिरकत की। इस मंचन में प्रभु श्रीराम की लीला दर्शाते हुए बताया गया कि इंद्र ने महर्षि गौतम का रूप धारण कर अहिल्या के साथ छल किया। जब महर्षि गौत्तम को इसका पता चला, तो उन्होंने अहिल्या को श्राप दे दिया।

श्राप के प्रभाव से अहिल्या पत्थर बन गई और तपस्या में लीन हो गईं। जब भगवान राम अपने भाई लक्ष्मण और गुरु विश्वामित्र के साथ मिथिला की ओर जा रहे थे, तब उनका मार्ग अहिल्या के आश्रम के पास से गुजरा। विश्वामित्र जी ने श्री राम को अहिल्या के श्राप की कहानी सुनाई।

प्रभु राम के स्पर्श से अहिल्या का श्राप समाप्त हो गया और अपने वास्तविक स्वरूप में आ गईं। इस पर श्रीराम लीला कमेटी पदाधिकारी डॉ. जसवंत सिंह, राकेश ठाकुर, नीरज चौधरी अश्वनी कुमार, सौरव धीमान, मंजीत, केशव कृष्ण देव, गद्दी बाबा लखवीर सिंह, ललित कुमार, पंकज शर्मा, नीलम रानी इत्यादि उपस्थित रहे।

# लठियानी में डूबने से बचने के तरीके बताए

**विनोद शर्मा, लठियानी**

बंगाणा की लठियानी पंचायत में एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) ने जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में नालागढ़ से आए सुरेश कुमार गोस्वामी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा एक विशेष मुहिम चलाई जा रही है, जिसका उद्देश्य नदी और झीलों के किनारे रहने वाले लोगों को यह सिखाना है कि जल में डूबने की स्थिति में कैसे प्रतिक्रिया करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति पानी में डूब जाए, तो उसे सही तरीकों का उपयोग कर 5 मिनट के भीतर जीवित किया जा सकता है। इसके अलावा, चोट लगने की स्थिति में रक्तस्राव को नियंत्रित करने के उपाय भी बताए गए। जैसे, खून बहने पर उसे साफ कपड़े से बांधकर और हाथ को ऊपर उठाकर रक्तस्राव को कम किया जा सकता है। उन्होंने एक



एनडीआरएफ की ओर से आयोजित जागरूकता शिविर में जानकारी देते गणमान्य।

उदाहरण दिया कि कुछ वर्ष पहले पंजाब पुलिस के एक कर्मचारी का हाथ कटकर अलग हो गया था, लेकिन वहां मौजूद लोगों की जानकारी के कारण समय पर सर्जरी से उनका हाथ ठीक हो गया था।

सुरेश कुमार ने यह भी बताया कि आजकल हार्ट अटैक की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। पहले यह समस्या बुजुर्गों में अधिक देखी जाती थी, जो शारीरिक रूप से अधिक मेहनत करते थे, लेकिन अब यह समस्या 15 से 20 वर्ष के युवाओं में भी देखी जा रही है, जो चिंता का विषय है।

सुरेश कुमार गोस्वामी ने लठियानी पंचायत में एनडीआरएफ के शिविर के दौरान यह भी बताया कि आजकल हार्ट अटैक के बढ़ते मामलों का सबसे बड़ा कारण हमारे अस्वस्थ खानपान की आदतें हैं।

उन्होंने विशेष रूप से बच्चों के फास्ट फूड खाने की आदतों पर जोर दिया। आजकल हर जगह फास्ट फूड आसानी से उपलब्ध है और बच्चे इसे बहुत पसंद करते हैं। यह फास्ट फूड नसों को बंद करने का काम करता है, जिससे बच्चों में भी हार्ट अटैक की घटनाएं बढ़ रही हैं।

उन्होंने यह भी समझाया कि यदि किसी को हार्ट अटैक आ जाए, तो उसकी स्थिति में सबसे पहले उसकी नब्ज की जांच करनी चाहिए। इसके बाद व्यक्ति की दाहिनी तरफ, नाभि के ऊपर और छाती पर 20 बार दबाव डालना चाहिए। इसके बाद साफ कपड़े का उपयोग करके पीसीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) देना चाहिए।

यह प्रक्रिया बार-बार दोहराने से व्यक्ति को बचाने की संभावना होती है। शिविर में उन्होंने इस तरह की अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा की, जिन्हें स्थानीय लोगों ने बहुत ध्यान से सुना और सराहा।

# छात्रों को भजन पर आधारित संगीत की शिक्षा दी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

संत मीराबाई के 525वें जन्मवर्ष के उपलक्ष्य में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्था 'संगीत नाटक अकादमी' द्वारा देश भर में 'कला धरोहर' शृंखला के अंतर्गत, मीरा के भजनों पर आधारित देश के प्रतिष्ठित कलाकारों द्वारा संचालित कार्यशालाओं एवं कला-प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में, हिमाचल प्रदेश के भाषा एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से, सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय में प्रतिष्ठित संगीतज्ञ एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर ओजेश प्रताप सिंह द्वारा एक सांगीतिक कार्यशाला संचालित की गई, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को संत मीराबाई के भजन सिखाए। इस कार्यशाला का उद्घाटन प्रदेश के उच्च माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक अमरदीप शर्मा ने किया। दो दिवसीय इस कार्यशाला में पहले दिन प्रोफेसर



ओजेश ने मीराबाई के सुप्रसिद्ध पद 'पायो जी मैं तो राम रतन धन पायो' तथा 'हरि मेरो जीवन प्राण आधार' बालिकाओं को सिखाए।

समस्त बालिकाओं ने इस कार्यशाला में अत्यंत उत्साह के साथ भजन सीखे और प्रस्तुत किए। उनके साथ ही विद्यालय के शिक्षकगण भी इस सांगीतिक कार्यशाला से लाभान्वित हुए. हारमोनियम पर डॉ. आशिक कुमार तथा तबले पर संगति श्री सागर गुजराती ने की। यह कार्यशाला कल भी जारी रहेगी और अंत में, प्रोफेसर ओजेश प्रताप सिंह के भजन प्रस्तुतियों के साथ ही इस कार्यशाला का समापन होगा।

**नवरात्र स्पेशल** हमीरपुर-नादौन मार्ग पर स्थित मंदिर 300 साल से भी ज्यादा पुराना है, अब पुजारियों की नौवीं पीढ़ी कर रही सेवा

# झन्यारी देवी मंदिर : कटोच वंश के राजा भी आते थे माथा टेकने

**अनिल कुमार/संजीव चौहान**
**हमीरपुर**

झन्यारी देवी मंदिर हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर शहर से 6 किलोमीटर की दूरी पर हमीरपुर-नादौन मार्ग पर स्थित है। यह मंदिर करीब 300 साल से भी ज्यादा पुराना है और इसका प्रबंधन एक स्थानीय समिति करती है। यहां पुजारियों की नौवीं पीढ़ी के रूप में आजकल प्रवीण कुमार मंदिर की सेवा कर रहे हैं ।

हर साल जेष्ठ-शुक्ल अष्टमी पर मंदिर परिसर में मेला लगता है। झन्यारी देवी मंदिर का ऐतिहासिक महत्व बहुत ज्यादा है और इसका निर्माण कटोच वंश के एक राजा ने करवाया था, जो इस देवी को कुल-देवी (संरक्षक देवी) के रूप में पूजते थे ।

झन्यारी देवी कांगड़ा के कटोच राजाओं की संरक्षक देवी हैं और इसलिए यह मंदिर धार्मिक दृष्टि से उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि ऐतिहासिक दृष्टि से। यह मंदिर हमीरपुर शहर से 6 किलोमीटर की दूरी पर हमीरपुर-नादौन रोड पर स्थित है। ऐसा कहा जाता है कि यह तीन सौ



झन्यारी देवी की मूर्ति और मंदिर जो कि 300 वर्ष से भी ज्यादा पुराना है, जहां पर कटोच वंश के राजा भी माथा टेकने आते थे।

साल पुराना है और इस क्षेत्र के लोगों में इसकी बहुत मान्यता है। हर जेष्ठ-शुक्ल-अष्टमी को विशेष पूजा होती है। इस अवसर पर एक बड़ा मेला भी लगता है।

**झन्यारी देवी मंदिर के बारे में किंवदंतियां :** एक रोचक कहानी है जो हमें बताती है कि कटोच राजाओं की संरक्षक देवी का मंदिर शाही महल के अंदर न होकर ऐसी जगह क्यों बनाया गया था। ऐसा कहा जाता है कि राजा को सपने में देवी ने उनके लिए एक मंदिर बनाने का निर्देश दिया था। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें कहां ढूंढना है।

उन दिनों के राजघरानों की परंपराओं के अनुसार, वह देवी को खोजने और उन्हें धूमधाम और समारोह के साथ राजधानी वापस लाने के लिए एक सुंदर पालकी के साथ एक बड़े समूह में निकल पड़े। उन्होंने उस रास्ते का अनुसरण किया, जो देवी ने उनके सपनों में बताया था और निश्चित रूप से, उन्हें जल्द ही वह मिल गया जिसकी उन्हें तलाश थी।

**जब मूर्ति वाली पालकी हो गई भारी :** अपने गंतव्य पर पहुंचने पर, उन्होंने पालकी को जमीन पर रख दिया और फिर उसमें मूर्ति रख दी, लेकिन अफसोस! पालकी अचानक उठाने के लिए बहुत भारी हो गई।

निराश होकर, राजा ने वहीं रात बिताने का फैसला किया। जब वह सो गया, तो उसने एक और सपना देखा, जिसमें उसे बताया गया कि पालकी में उसकी मूर्ति रखना गलत था, जबकि वह अभी भी जमीन पर थी। वह तुरंत उठा और अपने मंत्री से परामर्श करने के बाद फैसला किया कि मंदिर वहीं बनाया जाना चाहिए, जल्द ही उसी जगह पर एक मंदिर बन गया।

अब जब राजाओं ने अपना राजपाट और प्रिवी पर्स दोनों खो दिए हैं, तो वे अब मंदिर की देखभाल नहीं कर सकते। अब इसकी देखभाल स्थानीय लोगों द्वारा चुनी गई समिति करती है। हालांकि, अब राजसी वैभव गायब हो सकता है, लेकिन भक्ति में कोई कमी नहीं है। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### किशोरियों का सामान्य स्वास्थ्य चेकअप किया



**बंजार।** एमएमयू इकाई-2 बंजार के द्वारा कनौन स्कूल में किशोरियों को सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अमरदीप के द्वारा हंस फाउंडेशन के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में मेडिकल ऑफिसर डॉ. वैशाली परशीरा ने किशोरियों को एनीमिया से संबंधित अहम जानकारी प्रदान की और इसके साथ ही पाठशाला में 29 किशोरियों को सेनेटरी नेपकीन भी वितरित किए। इस दौरान उपस्थित किशोरियों का सामान्य स्वास्थ चेकअप किया गया। इस शिविर में टीम के सदस्य फार्मासिस्ट नीलम, एलटी जगदीश चंद, चालक राकेश शामिल रहे। इस शिविर की सराहना करते हुए स्कूल के उपप्रधानाचार्य गोविंद सिंह की ओर से टीम को प्रशस्ति पत्र दिया और आशा जताई कि भविष्य में इस प्रकार के शिविर का आयोजन हो, जिससे की सभी को लाभ मिल सके।

### प्रश्नोत्तरी में संदीप, रोहित और देशराज प्रथम



**आनी।** आनी कॉलेज में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन एचपीयू यूथ फेस्टिवल ग्रुप-एक कमेटी द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में संदीप, रोहित, देशराज ने प्रथम, वितांक्षा, श्वेता, स्वीटी ने द्वितीय तथा आदित्य एवं गौरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप-1 कमेटी के समन्वयक प्रो. निर्मल सिंह ने बताया कि कॉलेज में छात्रों की बौद्धिक दक्षता के विकास के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने आयोजन समिति को इस आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में छात्रों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. रजनीश कुमार, प्रो. अनिल कश्यप, प्रो. विनोद, प्रो. भुवनेश्वर, प्रो. सीमा, प्रो. रोहित कटोच सहित कॉलेज के छात्र उपस्थित रहे।

### विभिन्न उपलब्धियों व शोध कार्यों का दिया विवरण



**मनाली।** डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली में चल रहे विज्ञान मेला सप्ताह का सोमवार को विधिवत रूप से समापन हो गया। समापन समारोह के दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य आरएस राणा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के साथ शनिवार को हुई थी। विज्ञान मेले के तहत विभिन्न रोचक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया। अंतर सदनीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में छात्रों ने विज्ञान के क्षेत्र में अपनी जानकारी और समझ का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही, छात्रों ने विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के माध्यम से अपने नए-नए विचारों और आविष्कारों को प्रस्तुत किया, जो सभी के लिए प्रेरणादायक रहे। गतिविधि कोने में छात्रों ने विज्ञान से संबंधित रोचक गतिविधियों में हिस्सा लिया, जिससे उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहन मिला। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी विज्ञान मेले का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा, जिसमें छात्रों ने नृत्य, संगीत और अन्य कला प्रदर्शनों से सभी का मनोरंजन किया। इसके अलावा, एक विशेष फैशन शो का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न युवा वैज्ञानिकों ने अपनी वैज्ञानिक वेशभूषा में रैंप पर चलते हुए उनके योगदान के बारे में जानकारी दी। इस अनोखे अंदाज ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। विज्ञान विभाग की प्रमुख ने वार्षिक विज्ञान रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें स्कूल के छात्रों द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में की गई विभिन्न उपलब्धियों और शोध कार्यों का विवरण दिया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि कैसे छात्रों ने विज्ञान को एक नई दिशा में आगे बढ़ाया है और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य आरएस राणा ने मेले के विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्रों को पुरस्कार वितरित किए और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने छात्रों को विज्ञान में रुचि बनाए रखने और नए अनुसंधान कार्यों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर छात्रों, अध्यापकों और अभिभावकों ने विज्ञान मेले को एक सफल और प्रेरणादायक आयोजन बताया, जो आने वाले समय में विज्ञान की ओर बच्चों की रुचि को और अधिक बढ़ाएगा।

### लोकनृत्य में आनी, भूमिका निर्वहन में जटेड चयनित



**आनी।** एनसीईआरटी के तत्वाधान में पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी में राष्ट्रीय लोकनृत्य तथा भूमिका निर्वहन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस वर्ष कुल्लू की ओर से आनी खंड को जिला का प्रतिनिधित्व प्रदान किया गया है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कन्या जवाहर ठाकुर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। कार्यवाहक प्रधानाचार्य श्यामानंद ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। भूमिका निर्वहन प्रतियोगिता में पीएम श्री आनी, कन्या विद्यालय आनी, दलाश तथा जटेड की टीमों ने भाग लिया । लोकनृत्य प्रतियोगिता में पीएम श्री आनी, कन्या विद्यालय आनी तथा दलाश ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता कक्षा 8 और 9 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाती है तथा प्रतिभागियों की संख्या 4 से 6 और समय 5 से 6 मिनट रहता है। प्रतिभागियों ने सोशल मीडिया के नुकसान, समाज में वृद्धों के सम्मान, मानव मूल्यों आदि के संदर्भ में भूमिका का निर्वहन किया। लेफ्टिनेंट प्रोफेसर अशोक कुमार, प्रवक्ता राजेंद्र कुमार, प्रकाश चंद तथा सोनू शर्मा ने निर्णायक मंडल की भूमिका अदा की। राष्ट्रीय लोकनृत्य प्रतियोगिता में पीएम श्री विद्यालय आनी तथा भूमिका निर्वहन में राजकीय उच्च विद्यालय जटेड को राज्य स्तर के लिए चयनित किया गया। मुख्यातिथि जवाहर ने चयनित विद्यार्थियों को राज्य स्तर के लिए शुभकामनाएं दीं तथा सभी उपस्थित विद्यार्थियों से अपनी प्रतिभा को विकसित करने की अपील की। कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष रमेश कुमार, चमन शर्मा , दिग्विजय चौहान, स्टेट अवॉर्डी कुंदन शर्मा, प्रवीण मेहता, धर्मेंद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### प्रतिभागियों को क्रमबद्ध योग विधियां सिखाई



**कुल्लू।** कुल्लू जिले के भुंतर तहसील के अंतर्गत आने वाले शमशी में आर्ट ऑफ लिविंग कुल्लू चैप्टर संस्था द्वारा आयोजित 6 दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम संपन्न हो गया है। 6 दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन गोयल भवन शमशी में किया गया था। हैप्पीनेस प्रोग्राम 1 से लेकर 6 तक चलाया गया। इस सत्र में विश्व विख्यात सुदर्शन क्रिया जो कि लयबद्ध सांसों की क्रिया है, उसे प्रशिक्षकों को सिखाया। इन 6 दिवसीय सत्र में योग, प्राणायाम, ध्यान तथा पौराणिक ज्ञान की भी विस्तृत चर्चा की गई और प्रतिभागियों को क्रमबद्ध योग विधियां भी सिखाई गईं। आर्ट ऑफ लिविंग कुल्लू चैप्टर के जिला समन्वयक सुंदर ने बताया कि प्रति वर्ष नवरात्र के दौरान आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा हैप्पीनेस प्रोग्राम का सत्र आयोजित किया जाता है। इस बार के सत्र में 22 वर्ष से 75 वर्ष के उमर के प्रतिभागियों ने भाग लिया और सत्र का पूरा-पूरा लाभ उठाया।

# टैटू और मेहंदी बनाने वालों को सीपीएस सुंदर ने मेले से खदेड़ने के दिए निर्देश



सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर फुटपाथ पर बैठे टैटू और मेहंदी बनाने वालों को खदेड़ते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के दौरान टैटू और मेहंदी बनाने वाले बाहरी राज्यों से आए लोगों को दशहरा उत्सव से बाहर करने के आदेश देकर एक नया कदम उठाया है।

सोमवार को कुल्लू के ढालपुर मैदान में सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर ने मेले की तैयारियों को लेकर ढालपुर मैदान में चल रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान सीपीएस ने कलाकेंद्र के ठीक पीछे फुटपाथ पर बैठे हुए टैटू और महेंदी बनाने वालों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें तुरंत मेले से खदेड़ने के आदेश दिए, जिस पर नगर परिषद कर कर्मचारियों ने फौरन टैटू बनाने वालों को बाहर का रास्ता दिखा दिया। गौर रहे कि बाहरी राज्यों से आने वाले टैटू कलाकार मेले के दौरान फुटपाथ पर बैठ कर टैटू बनाते हैं और टैटू बनाते समय सुरक्षा को दरकिनार कर लोगों की सेहत से खिलवाड़ भी करते हैं, ऐसे में सीपीएस ने लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक कड़ा कदम उठाया है।

इसके बाद कलाकेंद्र में भी सीपीएस ने दर्शकों और वीआईपी मेहमानों के बैठने की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सीपीएस ने आदेश जारी कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सीपीएस के साथ एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला, नगर परिषद अध्यक्ष गोपाल महंत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## ट्रामा सेंटर में दो चिकित्सक देंगे सेवाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के दौरान क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू की इमरजेंसी (ट्रामा सेंटर) में दो चिकित्सक सेवाएं देंगे।



एक सप्ताह तक चलने वाले उत्सव में अस्पताल की इमरजेंसी ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ने की संभावना है। मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा प्रदान करने के लिए अतिरिक्त चिकित्सकों की व्यवस्था की गई है। इसके चलते इमरजेंसी ओपीडी में दो चिकित्सक एक साथ सेवाएं देंगे। अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा में स्वास्थ्य संबंधी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू की इमरजेंसी ओपीडी में अतिरिक्त चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई है। ये चिकित्सक रोटेशन में अपनी सेवाएं देंगे। इमरजेंसी ओपीडी में सामान्य दिनों में एक चिकित्सक ही तैनात रहता है, लेकिन दशहरा में दो चिकित्सक एक साथ ड्यूटी देंगे। इसके लिए अन्य अस्पतालों से चिकित्सकों की ड्यूटी अस्पताल में लगाई गई है। ये चिकित्सक ट्रामा सेंटर में रोजाना रोटेशन के तहत सुबह, शाम और रात को ड्यूटी देंगे। मरीजों को दशहरा उत्सव में उपचार संबंधी समस्या से न जूझना पड़े।

इसी उद्देश्य से चिकित्सकों की संख्या को बढ़ाया गया है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नरेश चंद ने कहा कि दशहरा में मरीजों की सुविधा के लिए इमरजेंसी ओपीडी में दो-दो चिकित्सक सेवाएं देंगे। 13 से 19 तक इन चिकित्सकों की ड्यूटी रहेगी।

# शीतला मंदिर में सोने के नेत्र और तीन छत्र ले उड़े चोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



जिला मुख्यालय कुल्लू के सरवरी स्थित शीतला माता मंदिर में चोरी की घटना का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार माता के सोने के नेत्र और तीन छत्र उड़े हैं। यह पहली घटना नहीं, जब इस मंदिर में चोरी हुई है, बल्कि इससे पहले भी चोरी हो चुकी है। सनद रहे कि देश भर में जहां माता रानी के नवरात्र चले हुए हैं।

वहीं, कुल्लू के शीतला माता मंदिर में चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया है। बीती रात चोरों ने माता के सोने के नेत्र और तीन छत्रों पर हाथ साफ कर दिया। पुजारी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरों की तलाश कर रही है। शीतला माता मंदिर के पुजारी मदन लाल शर्मा ने कहा कि सुबह 6 बजे जब वह मंदिर में पूजा के लिए पहुंचे तो उन्होंने देखा कि माता की मूर्ति के ऊपर लगे तीन सोने के छत्र चोरी हो गए हैं। इसके अलावा माता को चढ़ाए गए सोने के नेत्र भी चोरी हो गए हैं, जिसके बाद उन्होंने जल्द अन्य लोगों को सूचित किया और इस बारे में पुलिस को भी सूचना दी। इससे पहले भी दो बार चोरों ने इस मंदिर को अपना निशाना बनाया था। पुजारी ने बताया कि पहले भी शीतला माता मंदिर से चांदी के छत्र चोरी हुई थी। कुल्लू पुलिस को चाहिए कि वह रात के समय गश्त को तेज करें क्योंकि अब दशहरा उत्सव भी आने वाला है। इस दौरान बाहरी राज्यों से हजारों की संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं, ताकि इस तरह की आपराधिक घटनाओं को रोका जा सके। उधर, एसपी कुल्लू डॉक्टर गोकुल चंद्रन कार्तिकेयन ने बताया कि, मंदिर के पुजारी मदन लाल शर्मा की सूचना पर कुल्लू पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मंदिर के आसपास के इलाकों में भी पूछताछ कर रही है और अन्य इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को चेक किया जा रहा है और जल्द ही चोर पुलिस हिरासत में होंगे।

# आनी पुलिस ने 4 बीघा भूमि से उखाड़े भांग के 11,260 पौधे



आनी पुलिस की टीम कराड़ पंचायत के खनेर गांव में भांग के पौधे उखाड़ते हुए।

**अनंत ज्ञान, आनी**

कुल्लू जिले की आनी पुलिस ने नशे के खिलाफ मुहिम छेड़ दी है। इसी कड़ी में आनी पुलिस की टीम ने कराड़ पंचायत के खनेर गांव में कुल 4 बीघा भूमि में भांग के अवैध रूप से उगाए गए 11, 260 पौधे उखाड़कर नष्ट कर डाले।

मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि आनी पुलिस की दो टीमों ने कराड़ पंचायत के खनेर गांव में दबिश दी, जहां 3 बीघा भूमि से भांग के 10 हजार पौधे और एक बीघा भूमि से भांग के 1260 पौधे उखाड़कर नष्ट किए। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा-20 के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि जिस भूमि से भांग के अवैध पौधे उखाड़े गए हैं, उनकी निशानदेही की जाएगी और यदि किसी की मलकियत पाई जाती है, तो दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

# कचरे का उचित निष्पादन करने के लिए पंचायतें आएं आगे: देवेन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

कचरे का उचित निष्पादन करने के लिए पंचायतें आगे आएं, ताकि पंचायत एवं गांवों में स्वच्छता बनी रहे। यह बात सोमवार को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के अधिवक्ता देवेन खन्ना ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय काजा के कान्फ्रेंस हॉल में आयोजित ठोस कचरा प्रबंधन पर प्रशिक्षण एवं जागरूकता शिविर के आयोजन अवसर पर कही।

प्रशिक्षण शिविर में पंचायत प्रधानों, उपप्रधानों, पंचायत प्रतिनिधियों, सचिवों, तकनीकी सहायकों और खंड समन्वयकों को ठोस कचरा प्रबंधन विषय पर जागरूक किया गया। अधिवक्ता देवेन खन्ना ने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कूड़े-कचरे के उचित निष्पादन की व्यवस्था करना



हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के अधिवक्ता देवेन खन्ना अन्य लोगों के साथ।

और कचरे का सही तरीके से निपटान करने के लिए जानकारी प्रदान करना है। उन्होंने गांवों, सार्वजनिक स्थानों, नदी-नालों, जल स्रोतों और बस्ती के नजदीक कचरा फेंकने से होने वाले पर्यावरणीय असंतुलन और मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहे दुष्प्रभावों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि नदी-नालों, जल स्रोतों और बस्तियों के नजदीक कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने और उन पर जुर्माने लगाने का भी प्रावधान है। उन्होंने कचरा फैलाने वालों के खिलाफ किए जाने वाले जुर्माने और विभिन्न कानूनों व नियमों एवं प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस दौरान खंड विकास अधिकारी काजा अंशुल ने ठोस कचरा प्रबंधन पर किए जा रहे कार्यों से अवगत करवाया।

## बिजली बोर्ड में 3 साल से नहीं कोई भर्ती

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड कर्मचारी यूनियन, यूनिट बददी की बैठक बिजली मंडल परिषद में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष कामेश्वर शर्मा ने की। बैठक में राज्य उपमहासचिव मनेश कुमार, राज्य वरिष्ठ उपप्रधान भगवान दास, प्रेस सचिव नीतीश कुमार व कार्यालय सचिव जितेंद्र चंदेल व उपप्रधान यशवंत चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। यूनिट बद्दी ने फैसला लिया कि प्रबंधक वर्ग व राज्य सरकार से संबंधित मांगों पर हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड कर्मचारी यूनियन ने जन जागरण अभियान पूरे प्रदेश में चलाया उसका पूर्ण रूप से समर्थन करती है। बैठक में बिजली बोर्ड में दिन-प्रतिदिन बढ़ते हुए काम के बोझ और घटती हुई कर्मचारियों की संख्या के चलते अकेले कर्मचारी को बिजली आपूर्ति को बहाल करना पड़ रहा है व बिजली बोर्ड में वर्ष-2021 से कोई भी नई भर्ती नहीं की गई है।

# कुल्लू-मनाली हाईवे पर कैच फैक्टरी के पास धंसा सड़क का एक हिस्सा

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

जिला कुल्लू के मनाली हाईवे पर स्थित कैच फैक्टरी के नजदीक सड़क का बड़ा हिस्सा धंस गया है, जिस कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। पिछले लगभग छह महीने पहले सड़क यहां क्षतिग्रस्त हो गई थी, मगर इतना समय बीत जाने के बावजूद नेशनल हाईवे अथॉरिटी ने क्षतिग्रस्त सड़क को ठीक करने की जहमत नहीं उठाई, जिस कारण स्थानीय जनता में इस को लेकर खासा रोष पनप चुका है। कुंभकरणी नींद सोए हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों की नजर अभी तक भी शायद इस क्षतिग्रस्त हिस्से पर नहीं पड़ी है क्योंकि न ही



इस स्थान पर कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है और न ही कोई वैकल्पिक तौर पर पत्थर लगाकर आने-जाने वाले वाहनों के लिए स्पीड कम करने के लिए कोई निशानदेही की गई है। यह क्षतिग्रस्त जगह इतनी खतरनाक बन चुकी है कि यहां हर रोज कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बचते हैं, लेकिन हर रोज इस सड़क के ऊपर से गुजरने वाले नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों और कर्मचारियों को शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार है। लोगों ने संबंधित विभाग से आग्रह किया कि जल्द सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्से को ठीक किया जाए। (अनंत ज्ञान)

### जल्द किया जाएगा ठीक

**नेशनल** हाईवे अथॉरिटी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अशोक चौहान से इस बाबत पूछने पर उन्होंने बताया कि यह मामला उनके ध्यान में है तथा शीघ्र ही कैच फैक्टरी के पास क्षतिग्रस्त हो चुके सड़क के उस हिस्से को ठीक कर दिया जाएगा।

# राष्ट्रीय स्तर के मॉनिटर कार्यों का कर रहे निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

राष्ट्रीय स्तर के मॉनिटर लाहौल-स्पीति में केंद्र सरकार की योजनाओं के तहत करवाए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करेंगे।

केलांग में राष्ट्रीय स्तरीय निगरानी समिति के मॉनिटर ने डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार के साथ डीसी कार्यालय सभागार कक्ष में बैठक आयोजित की। इस मौके पर डीसी ने बताया कि केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के राष्ट्रीय स्तर के मॉनिटर जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के तहत द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों की प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी करेंगे और योजनाओं के लाभार्थियों से भी मिलेंगे। बैठक में डीसी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि केंद्र सरकार की



राष्ट्रीय स्तरीय निगरानी समिति के मॉनिटर डीसी राहुल कुमार के साथ।

प्रायोजित स्कीमों के तहत करवाए जा रहे विकास कार्यों के निरीक्षण के लिए विभाग वार योजनाओं के तहत भौतिक व वित्तीय उपलब्धियां का समिति सदस्यों को मद्दवार ब्यौरा उपलब्ध करवाएं और मौके पर कार्यों का भी अवलोकन करवाएं। बैठक में राष्ट्रीय स्तरीय निगरानी समिति के सदस्य अनुपम नेगी ने अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि गत 5 वर्षों में विभिन्न विकासात्मक कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन का मौके पर निरीक्षण किया जाएगा और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ भी संवाद किया जाएगा। जिला लाहौल-स्पीति में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना -मनरेगा व प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, दीन दयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में गुणवत्ता को छोड़कर तथा सांसद आदर्श ग्राम योजनाआदि निरीक्षण करेंगे।

# तंबाकू सेवन के विरोध में स्टूडेंट्स ने निकाली जागरूकता रैली

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

कुल्लू जिले में अब से आगामी 2 महीने तक गांव-गांव जाकर जनता के बीच तंबाकू के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

कुल्लू के मुख्यालय में स्थित क्षेत्रीय अस्पताल में डीसी तोरुल एस रवीश ने हरी झंडी दिखाकर इस अभियान को शुरू किया। इस अवसर पर प्रशिक्षु नर्सिंग छात्राओं ने सामूहिक रूप से कुल्लू शहर में एक रैली निकाल कर तंबाकू सेवन के विरोध में जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। इस



तंबाकू सेवन के विरोध में जागरूकता रैली निकालते हुई नर्सिंग छात्राएं।

दौरान नर्सिंग छात्राओं ने तंबाकू सेवन के दुष्प्रभाव और संबंधित दर्जनों नारों के माध्यम से लोगों को तंबाकू से दूर रहने के बारे में जागरूक कर दूर रहने की अपील की। इस दौरान डीसी ने बताया कि तंबाकू के सेवन के चलते लोगों को कई तरह की बीमारियां हो रही हैं और कई लोगों की इस कारण मौत भी हो रही है। इन्हीं सभी विषयों को लेकर कुल्लू में भी स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर यह अभियान शुरू किया गया है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिल कर इस अभियान के बारे में सहायता ली जाएगी, ताकि इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। डीसी ने बताया कि अगर जिले में कोई भी व्यक्ति तंबाकू के सेवन से बीमार हो गया है या फिर उसे तंबाकू की लत लग चुकी है, तो ऐसे में वह व्यक्ति तुरंत डॉक्टर से संपर्क स्थापित कर इलाज करवा सकते हैं या फिर नशे से मुक्ति पा सकते हैं। कुल्लू में भी डी एडिक्शन सेंटर के माध्यम से तंबाकू से बचाव के बारे में डॉक्टरी उपचार दिया जाता है, ऐसे में अगर कोई व्यक्ति तंबाकू को छोड़ना चाहता है, तो वह स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ जरूर संपर्क करें उनकी सहायता ले सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

**सुविधा** विधायक अनुराधा राणा ने किया विधिवत रूप से अल्ट्रासाउंड मशीन का लोकार्पण

# केलांग अस्पताल में शुरू हुई अल्ट्रासाउंड की सुविधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला लाहौल-स्पीति में लोगों को घरद्वार पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया को भी चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। यह बात अनुराधा राणा ने जिला अस्पताल केलांग में अल्ट्रासाउंड मशीन का विधिवत रूप से लोकार्पण करने के उपरांत कही।

अनुराधा ने कहा कि उदयपुर अस्पताल के लिए भी जल्द ही अल्ट्रासाउंड की मशीन उपलब्ध करवा दी जाएगी। अनुराधा राणा ने इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोशन लाल को निर्देश दिए कि जब तक उदयपुर हॉस्पिटल में अल्ट्रासाउंड की मशीन स्थापित की जाएगी, उससे पूर्व अल्ट्रासाउंड के लिए एक डॉक्टर को प्रशिक्षण के लिए भेजा जाए। लंबे अरसे के बाद लोगों को अल्ट्रासाउंड की



सुविधा उपलब्ध हुई है, इससे पूर्व लोगों को अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए दूसरे जिलों का रुख करना पड़ता था। लोगों के दर्द को समझते हुए उन्होंने इस कार्य को अपनी प्राथमिकता में शुमार किया था। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को कहा कि अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए समय-सारिणी निर्धारित की जाए, जिसमें गर्भवती महिलाओं के लिए सप्ताह में तीन दिन अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए और तीन दिन सामान्य रोगियों के लिए निर्धारित किया जाए, ताकि सभी लोगों को अल्ट्रासाउंड की सुविधा का लाभ मिल सके। वर्तमान समय में केलांग अस्पताल में तीन स्पेशलिस्ट तैनात हैं। उन्होंने इस बात पर भी बल देते हुए कहा कि अस्पताल के संपर्क मार्ग को चौड़ा करने का कार्य शुरू किया जा रहा है। लिहाजा स्थानीय लोगों का सहयोग अपेक्षित रहेगा। अस्पताल में लिफ्ट और रैंप बनाने का कार्य भी जल्द शुरू होने वाला है। विधायक ने कहा कि केलांग अस्पताल में जरूरी सुविधाओं में भी बढ़ोतरी हो रही है और नए भवन के निर्माण के लिए उपयुक्त साइट वाली जमीन भी तलाशी जा रही है।



## न्यूज ब्रीफ

### ढाणा गांव में प्रवासी व्यक्ति ने किया सुसाइड

**बीबीएन।** नालागढ़ के ढाणा गांव में एक प्रवासी व्यक्ति ने सुसाइड कर लिया है। उसका शव घर में पंखे से लटकता मिला। सूचना मिलते ही दभोटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान सोनू (40) के तौर पर हुई है, जो यूपी के बिजनौर का रहने वाला था। सोनू अपने पीछे पत्नी और दो बेटियों और एक बेटा छोड़ गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। एसपी इल्मा अफरोज ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। मौत के कारणों का अभी तक पता नहीं चला है। पुलिस अपनी शानबीन कर रही है।

### गलत चालान मामला: आरटीओ ने मांगा जवाब

**परवाणू।** सोलन के एक व्यापारी की घर में खड़ी गाड़ी का परवाणू बैरियर पर कटे गलत ऑनलाइन चालान मामले में आरटीओ सोलन सुरेंद्र ठाकुर ने एआरटीओ परवाणू से जवाब मांगा है। बता दें कि सोलन के एक व्यापारी अरविंद कुमार ने गलत चालान काटे जाने पर आरटीओ सोलन को लिखित शिकायत कर मामले की जांच करने की मांग की थी। इस बारे में अरविंद ने बताया कि वह पिछले दिनों किसी काम से दिल्ली गए थे, जहां उनके फोन पर मैसेज आया कि उनकी गाड़ी का 3000 का चालान हो गया है। लौटने पर जब उन्होंने इस बारे में जांच की, तो पाया कि यह चालान आरटीओ परवाणू द्वारा टिपरा के पास किया गया है, जब उन्होंने चालान कि डिटेल निकाली तो पाया कि चालान में गाड़ी कि फोटो कि जगह भी चालान कि फोटो लगाई गई थी। इस लापरवाही को देखते हुए उन्होंने लिखित रूप में इसकी शिकायत आरटीओ सोलन को तथा उचित कार्रवाई की मांग की। अरविंद ने कहा कि गनीमत रही कि मेरी गाड़ी घर पर थी और घर पर लगे कैमरों की निगरानी में थी। आरटीओ सुरेंद्र ने कहा कि इस बारे में एआरटीओ परवाणू को विभाग कि ओर से पत्र लिखा जा रहा है तथा इस मामले में उनसे जवाब मांगा जा रहा है। इस मामले में यदि कोई गलती पाई जाती है, तो विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### स्वयंसेवकों ने शस्त्र पूजन व पथ संचलन किया

**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट में विजयादशमी के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान संघ के स्वयंसेवकों ने शस्त्र पूजन और पथ संचलन किया, जिसमें उन्होंने सरस्वती विद्या मंदिर पाठशाला के खेल प्रांगण से दाड़लाघाट बाजार होते हुए आईटीआई तक पूर्ण गणवेश में कदम से कदम मिलाकर पथ संचलन किया। इस पथ संचलन के माध्यम से स्वयंसेवकों ने समाज में राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

### जोगिंद्रा बैंक का कार्यालय आम जन के लिए खुला

**सोलन।** जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक का मुख्य कार्यालय नवरात्र के पावन अवसर पर हवन पूजन कर आमजन की सुविधा के लिए खोल दिया है। चेयरमैन मुकेश शर्मा ने बताया यह वर्ष जोगिंद्रा बैंक के इतिहास के लिए स्वर्णिम रहा है और 20 अगस्त को इस बैंक ने अपनी गौरवशाली यात्रा के 100 वर्ष पूर्ण किए। प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शताब्दी वर्ष समारोह में अपनी गरिमामयी उपस्थिति में नवनिर्मित मुख्य कार्यालय का लोकार्पण किया और बैंक के नए लोगो को लांच किया था। इस भवन के निर्माण में लगभग 8 करोड़ व्यय हुए और इस भवन में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं। शर्मा ने बताया कि सीएम द्वारा लोकार्पण के उपरांत बैंक के महत्त्वपूर्ण डाटा को पुराने हेड ऑफिस से नए भवन में स्थानांतरित करने का कार्य शुरू किया गया, जिसे पूर्ण कर लिया गया था और नवरात्र के पावन पर्व पर हवन कर यह कार्यालय आम जनता को सेवाएं प्रदान करने के लिए आज से शुरू किया गया।

### आज और कल बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड परवाणू के अधिशाषी अभियंता विकास गुप्ता से प्राप्त सूचना के अनुसार बिजली उपकेंद्र गढ़खल की मरम्मत के दृष्टिगत 8 को प्रातः 9 से सायं 6 बजे तक सफरमैनिया, जंगेशु, मनन, मसूलखाना, नरयाल, थारूगढ़, शिल्लू, भनेट, बैकसन इग, मोर्पिन लैब-1, 2 और मसूलखाना के आसपास के क्षेत्र तथा बूरी, कसोल वैली, गारा गांव कसौली, गनोल, समोल, नारी, थापल, मध्याणा, कोटबेजा, झंगेर, गुनाई, मध्याणा जल आपूर्ति, गंधल, चड़ियार, पथरू, गड़खल बाजार, गड़खल आदि में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसी प्रकार 9 को प्रातः 9 से सायं 6 बजे तक माइक्रोवेव, रोज कॉमन कसौली रिजॉर्ट, पानवा, सीआरआई कसौली क्लब, अप्पर मॉल, लोअर मॉल, आकाशवाणी, कफल का हारा, डाक बंगलो, गुजराल एस्टेट, गुसान, मंकी प्वाइंट, ग्लेन व्यू रिजॉर्ट, धर्मपुर, कनोह, सनवारा, सनावर, सूजी, आंजी बथोल और सिहारड़ी, कुम्हारट्टी, पट्टे का मोड़, हरिपुर, उदयपुर और खील में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने प्रभावित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### कल होगा 28 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू

**सोलन।** जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने बताया कि मैसर्ज सिस्कैम फार्मोक्रेट्स सोलन में चार पदों के लिए तथा मैसर्ज इवान सिक्योरिटी शिमला में 24 पदों के लिए 9 को प्रातः 10.30 बजे कैंपस इंटरव्यू जिला रोजगार कार्यालय सोलन में आयोजित किया जा रहा है। मैसर्ज सिस्कैम फार्मोक्रेट्स सोलन में चार पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता बीफार्मा, एमफार्मा व 22 से 24 वर्ष आयु सीमा निर्धारित की गई है। मैसर्ज इवान सिक्योरिटी शिमला में 24 पदों में सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर, ट्रैनी मैंयुफैक्चरिंग व भर्ती अधिकारी के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, बीए, एमबीए व आयु सीमा 22 से 37 वर्ष रखी गई है। इन पदों के लिए वेतनमान 9000 से 16000 प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। कैंपय इंटरव्यू में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नं. 01792-227242, 7876826291 पर संपर्क कर सकते हैं।

### स्वच्छ अभियान में जुड़े प्रतिनिधि किए सम्मानित

**राजगढ़।** विकास खंड कार्यालय में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत पूरे विकासखंड में चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधियों व सफाई मित्रों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन विकास खंड कार्यालय राजगढ़ में किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम राजगढ़ राज कुमार ठाकुर ने की। सर्व प्रथम खंड विकास अधिकारी तपेंद्र सिंह नेगी ने मुख्यातिथि व समारोह में उपस्थित सभी का स्वागत किया। मुख्यातिथि ने कहा कि हमें देश को स्वच्छ रखने में अपना पूर्ण सहयोग करना चाहिए देश के हर नागरिक को चाहिए कि वह अपने निजी कार्य के साथ-साथ स्वच्छता में अपना योगदान देने के लिए कम से कम प्रति दिन एक घंटा जरूर दे। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने पंचायत प्रधान मस्त राम भारती, विद्यानंद शर्मा, डॉ. सेहज, स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधियों व सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया।

### स्मार्ट मीटर लगने से बिजली का उपयोग होगा आसान

**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट के लोगों को जल्द स्मार्ट मीटर की सुविधा मिलने वाली है। डिजिटल मीटर के बाद अब स्मार्ट मीटर लगने से लोगों के लिए बिजली का उपयोग और आसान हो जाएगा। अभी तक ऑनलाइन और ऑफलाइन बिजली खपत के अनुसार लोग बिल भर रहे हैं, लेकिन अब लोग खुद मोबाइल से बिजली रिचार्ज कर सकेंगे। यानी लोगों को प्रीपेड और पोस्टपेड की सुविधा आने वाले समय में मिलेगी। आप अपनी खपत के अनुसार बिजली रिचार्ज कर सकेंगे। बिजली बोर्ड ने उपमंडल दाड़लाघाट में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड अर्की के अधिशाषी अभियंता देवेंद्र कौंडल ने बताया कि दाड़लाघाट में स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू हो गया है। स्मार्ट मीटर लगने से बिजली बोर्ड के कार्य का बोझ घटेगा।

### वित्तीय लाभ जल्द जारी करने की उठाई मांग

**बीबीएन।** हिमाचल परिवहन निगम सेवानिवृत्त कर्मचारी संगठन की नालागढ़ इकाई की बैठक इकाई के अध्यक्ष जगतार सिंह राणा की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में सदस्यों ने पेंशनर्स की लंबित मांगों पर विचार-विमर्श किया। सदस्यों ने मांग उठाई कि 65-70-75 वर्ष की आयु पूरी कर चुके पेंशनर्स को 5, 10 तथा 15 प्रतिशत वृद्धि का वितिय लाभ शीघ्र दिया जाए। छठे वेतन आयोग के वितिय लाभ की 50000 की पहली किस्त अन्य विभागों के पेंशनर्स को मिल गई है, लेकिन परिवहन निगम के पेंशनर्स को यह किश्त अभी तक नहीं मिली है। सरकार से अनुरोध किया गया कि 2016 से नए वेतनमान की 50 हजार रुपए की किस्त जल्द दी जाए।

### सोलन की 48 पंचायतें टीबी मुक्त : अजय यादव

**सोलन।** सोलन जिले की 48 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त अजय कुमार यादव ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से जिला स्तरीय टीबी मुक्त पंचायत पुरस्कार समारोह की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि इस अभियान को जन-आंदोलन बनाने के लिए लोगों में क्षय रोग बारे जागरूकता लानी होगी। इस रोग का इलाज प्रभावी और सुलभ है तथा सरकार इस बीमारी की रोकथाम और उपचार के लिए निशुल्क दवाइयों की सुविधा प्रदान करती है।

# चुनाव संपन्न फिर भी जनरल हाउस में देरी

## नियमित हाउस नहीं होने से नगर निगम के वार्ड क्षेत्रों में विकास कार्यों पर ब्रेक

**आर मोहन चौहान, सोलन**

सोलन के वार्ड-5 में पार्षद के उपचुनाव को संपन्न हुए 9 दिन बीत जाने के बावजूद नगर निगम अभी तक पिछले दो महीने से लंबित जनरल हाउस की रूपरेखा तय नहीं कर पाया। इतना ही नहीं अभी तक चुनाव में नवनियुक्त पार्षद को शपथ भी नहीं दिलाई गई है। जनरल हाउस में देरी से शहर में लगातार विकास कार्य लंबित हो रहे हैं। पिछला जनरल हाउस 27 जुलाई को आयोजित किया गया था, तब हर महीने हाउस करने पर सहमति बनी थी। नियम के तहत 31 अगस्त तक हाउस हो जाना चाहिए था पर किसी ने इसको लेकर गंभीरता नहीं दिखाई। वहीं, 3 को उपचुनाव को लेकर आचार संहिता लग गई। 29 सितंबर को चुनाव हो चुका है पर अभी तक हाउस को लेकर एजेंडा सामने नहीं आया है। पिछले करीब डेढ़ साल से नगर निगम में कोई भी ऐसा कार्य नहीं हुआ, जो सही तरीके से सिरे चढ़ा हो। यही कारण है कि 44 महीने के कार्यकाल में मात्र 12 जनरल हाउस ही हो पाए। एमसी एक्ट के मुताबिक नगर निगम में हर महीने जनरल हाउस होना चाहिए।



सोलन नगर निगम का कार्यालय।

### वार्डों के विकास कार्यों को लगी ब्रेक

**जनरल** हाउस नहीं होने से विकास कार्यों को भी गति नहीं मिल पा रहा है। पार्किंग निर्माण, रास्तों की मरम्मत के कार्य लंबित है। मेयर की बहाली होने से जनरल हाउस नियमित तौर पर होने की उम्मीद थी पर हाउस लंबित होने से शहर के विकास कार्यों को गति नहीं मिल पा रही है। हैरानी की बात है कि भाजपा और कांग्रेस के पार्षद शहर में लंबित विकास कार्यों को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं। वहीं कांग्रेस के पार्षद नगर निगम पर विकास कार्य में भेदभाव का आरोप लगा रहे हैं। विकास कार्यों की मंजूरी जनरल हाउस में ही दी जाती है।



**शहर** के विकास कार्यों को लेकर जल्द नगर निगम का जनरल हाउस होगा। इसका एजेंडा तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है।

**उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

### विवादों में बीत गया समय

एमसी एक्ट के मुताबिक नगर निगम में हर महीने जनरल हाउस होना चाहिए पर कभी आयुक्त की ट्रांसफर, तो कभी मेयर की कुर्सी की खींचतान में जनरल हाउस लंबित होते रहे हैं। वित्तीय वर्ष में मात्र दो ही जनरल हाउस हो पाए हैं। अप्रैल में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते पिछले करीब 2 महीने हाउस नहीं हुआ। केंद्र में सरकार का गठन होते ही प्रदेश में विधायकों के उपचुनाव की घोषणा से जनरल हाउस महीने लंबित हो गया। इसके बाद मेयर को अयोग्य किए जाने से दो महीने हाउस लंबित हो गया। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने अब मेयर की बहाली कर दी है। बावजूद इसके समय रहते हाउस नहीं हुआ। मेयर को बहाल हुए भी करीब दो महीने का वक्त हो चुका है पर जनरल हाउस लंबित है।

# चोर गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बद्दी पुलिस ने बद्दी व नालागढ़ में मोटरसाइकिल चोर गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बद्दी से पांच व नालागढ़ से चार अक्तूबर को गायब मोटरसाइकिलों को पुलिस ने खोज निकाला है। बाइक चोरी के मामलों में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एसपी बद्दी इल्मा अफरोज ने बताया कि चार को पुलिस थाना नालागढ़ में शिकायत प्राप्त हुई थी कि मोटरसाइकिल न्यू नालागढ़ से किसी नामालूम व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई है। इस पर उपरोक्त मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई गई। इस प्रकरण में बद्दी पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी अरुण कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया था और उपरोक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई है। वहीं, दूसरा मामला पांच को थाना बद्दी में दर्ज किया गया, यहां भी मोटरसाइकिल वर्धमान बाजार में एक किराए के कमरे के बाहर से किसी नामालूम व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई थी। इस पर उपरोक्त मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू की गई। बद्दी पुलिस ने अब इस चोरी के मामले में दो आरोपियों सहित एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है।

### भुक्की तस्करी मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**बीबीएन।** पुलिस थाना नालागढ़ के तहत सितंबर माह की 29 तारीख को 60 किलो भुक्की के साथ एक अरोपी को पकड़ा था। इस मामले में अब पुलिस को एक और आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली है। पुलिस ने बताया कि उनकी स्पेशल एक्स टीम ने इस मामले में पहले ही नरेश कुमार को गिरफ्तार किया था। इस मामले में जांच को आगे बढ़ाते हुए अब नालागढ़ पुलिस टीम ने एक अन्य अरोपी धर्मपाल की तलाश करते हुए 7 को पुलिस थाना रामशहर की टीम के साथ रिहायशी मकान की तलाशी ले जाने पर आरोपी धर्मपाल अपने रिहायशी मकान पर पाया गया व उसके रिहायशी मकान की तलाशी ले जाने पर 436 ग्राम चूरा पोस्त (भुक्की) बरामद हुई। जिला बद्दी पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज ने बताया कि नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है और आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है।

# माता शूलिनी देवी मंदिर में भजन-कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल





माता शूलिनी दरबार (दाएं)माता शूलिनी मंदिर कीर्तन करते भक्तजन।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शारदीय नवरात्र उत्सव प्रदेश सहित सोलन में भी पूरे उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। नवरात्र के पांचवें दिन स्कंदमाता की पूजा की गई। पुराणों के अनुसार वह भगवान स्कंद की माता थी इसलिए उन्हें स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है। देवी स्कंदमाता को सफेद रंग बहुत प्रिय है क्योंकि यह शांति और सुख का प्रतीक है।

मातृत्व का यह रूप व्यक्ति को शांति और खुशी का अनुभव देता है। देवी मां की पूजा करने से वह अपने भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करती हैं। इसके अलावा पूजा-पाठ उसके लिए मोक्ष का द्वार भी खोलता है। वहीं, शारदीय नवरात्र में सोलन के शूलीनी देवी मंदिर में मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही माता के दरबार में भक्तों की भीड़ लगी रही। वही, रात्रि नौ बजे के बाद भक्तों ने माता कूष्मांडा की पूजा-अर्चना करते हुए चौथे दिन के नवरात्र पढ़े और माता को भोग लगाया। नवरात्र भजन-कीर्तन में आम जन भी शामिल होने लगे हैं। बाल वैष्णो संकीर्तन मंडली के पूर्व सचिव प्रदीप इंग्रेवर ने बताया की धार्मिक पुस्तकों के अनुसार, जो माता कूष्मांडा की पूजा-अर्चना करता है, उसके सभी रोग-दोष नष्ट हो जाते हैं और यश, बल और धन की प्राप्ति होती है। मां कूष्मांडा को अष्टभुजी देवी कहा जाता है।

# भरत मिलाप से माहौल हुआ भक्तिमय

**अनंत ज्ञान, अर्की**



अर्की पंचायत के ऐतिहासिक चौगान मैदान में चल रही रामलीला के पांचवें दिन रामलीला के मंचन का शुभारंभ शिव वंदना से हुआ।

क्लब के निदेशक हेमेंद्र गुप्ता व प्रधान अजय रघुवंशी ने बताया कि इस दौरान दशरथ मरण, केवट मिलन, भरत मिलाप सहित कई अन्य दृश्य मंचित किए गए, जिसको दर्शकों ने खूब सराहा। उन्होंने बताया कि पुरानी परंपरा के अनुसार रामलीला के मंचन के दौरान हर दिन एक मुख्यातिथि को बुलाया जाता है। रामलीला के चौथे दिन राजघराने की बहू मयूराक्षी सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की व रामलीला के सफल मंचन के लिए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि रामलीला का मंचन परोक्ष रूप में देखने से आनंद आता है तथा बौद्धिक विकास होता है। इस अवसर पर रामलीला क्लब द्वारा मुख्यातिथि को सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि ने आयोजकों को 2100 रुपए की राशि प्रदान की। हर दिन होने वाली रामलीला के पश्चात उससे संबंधित प्रश्न उपस्थित दर्शकों से पूछे जाते हैं तथा पर्ची के माध्यम से प्रश्न का सही उत्तर देने वाले विजेता को मुख्यातिथि द्वारा पर्ची निकालकर इनाम दिया गया। इस दौरान रामलीला क्लब के चार सदस्यों (हरीश गुप्ता उर्फ गांधी, रौंपी, सुरेंद्र त्यागी, अनिल शर्मा उर्फ गुगना) की आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर उन्हें याद किया गया।

### शिव धनुष देख अचंभित हो उठे परशुराम

**सोलन।** रामलीला क्लब और हिंदू जागरण धर्मपुर की ओर से आयोजित लीला में सीता स्वयंवर और लक्ष्मण-परशुराम संवाद का मंचन किया। रामलीला के पहले दृश्य में जनक दरबार दिखाया गया, जहां पर सीता स्वयंवर के लिए कई राजकुमार आए थे। इसमें प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण भी पहुंचे थे। राजा जनक की शर्त थी कि जो शिव धनुष को उठाकर चिल्ला चढ़ाएगा उसके साथ सीता का विवाह होगा। इस दौरान आए राजकुमारों ने एक-एक कर शिव धनुष को उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई भी धनुष नहीं उठा सका। इसके बाद श्रीराम शिव धनुष पर माथा टेककर चिल्ला चढ़ाते हैं और पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठता है। इतने में परशुराम वहां पहुंचते है और शिव धनुष को देख अचंभित हो उठते हैं।



### इजराइली हमलों के विरोध में सीपीआईएम का प्रदर्शन

**नाहन।** सीपीआईएम सिरमौर कमेटी ने गाजापट्टी लेबनान में लगातार बढ़ते इजराइली हमलों के विरोध में देश के प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा है। लगातार गाजा पट्टी व लेबनान में मासूम बच्चों महिलाओं समेत बेकसूर लोगों का नरसंहार किया जा रहा है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सीपीआईएम सिरमौर कमेटी के सचिव राजेंद्र ने कहा कि गाजापट्टी व लेबनान में लगातार इजराइली हमले बढ़ रहे हैं, जिसमें कई हजारों मासूम बच्चों व महिलाओं समेत बेकसूर लोगों को मारा जा रहा है। सीपीआईएम मानवता की रक्षा करने के लिए भारत सरकार से हस्ताक्षेप करने की मांग करती है।

### सत्संग से मन को मिलती है स्थिरता व शांति : ठाकुर

**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट निरंकारी सत्संग भवन में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें मुखी महात्मा विद्या सागर ठाकुर ने प्रवचन किया। उन्होंने बताया कि ब्रह्म ज्ञान केवल सतगुरु की कृपा से प्राप्त होता है, लेकिन उस ज्ञान पर विश्वास तभी दृढ़ होता है, जब हम महापुरुषों की संगत में आते हैं। सत्संग से मन को स्थिरता और शांति मिलती है और यही विश्वास हमें मानसिक शांति और शक्ति प्रदान करता है। इस दौरान निरंकारी अनुयायियों ने विचारों के माध्यम से आध्यात्मिक ज्ञान के बारे में प्रकाश डाला।

# एससीईआरटी में हिस्सा लेंगे प्रदेश भर के प्रवक्ता

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद हिमाचल प्रदेश-सोलन पर्यावरण जागरूकता पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करवा रही है।



प्राचार्य एससीईआरटी सोलन हेमंत ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम 8 से 10 अक्तूबर तक चलेगा। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश भर के अलग-अलग विषयों के 50 प्रवक्ता भाग लेंगे। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में पर्यावरण जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. राम गोपाल शर्मा ने बताया कि पर्यावरण चिंतन एवं उस पर कार्य करना वैश्विक विषय है, जिसमें भारत अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण चिंतन, शिक्षण, व्यवहार तथा जागरूकता के विभिन्न नवीनतम विमर्शों एवं उसको कैसे छात्रों तथा समुदाय के मध्य ले जाना है रहेगा। पर्यावरण जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम में विमर्श के विषयों में पर्यावरण और विज्ञान के क्षेत्र में कार्य करने वाली अंतरराष्ट्रीय स्तर की संस्था सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट दिल्ली के दो विशेषज्ञ नीरज कुमार और साक्षी उनियाल -जलवायु परिवर्तन के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य हिमाचल विशेष के संदर्भ में तथा सत्त विकास लक्ष्य, भारत में पर्यावरण शिक्षा विहंगम दृष्टि एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2023, ग्रीन स्कूल कार्यक्रम हिमाचल विशेष के संबंध में तथा स्कूलों में सत्त आत्मनिर्भरता पर चर्चा करेंगे। भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के उच्च उन्नतांश क्षेत्रीय केंद्र-सोलन के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कमल सैनी-जैव विविधता संरक्षण तथा संगड़ाह कॉलेज में सहायक प्राध्यपक डॉ. जगदीश कुमार, प्राकृतिक आपदाओं से हिमाचल में पर्यावरण संरक्षण के खतरे तथा इस पर एक केस स्टडी और कुछ स्थायी समाधान विषय पर परिचित होंगे।

# बाढ़ प्रभावितों की हर समस्या का होगा समाधान : सुखराम चौधरी

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**



पांवटा साहिब में विधायक सुखराम चौधरी ने कोटडी ब्यास पंचायत में बाढ़ प्रभावित जगहों का दौरा किया और बदल फटने से अधिक पानी से जो फसलों और भूमि कटाव के नुकसान बारे प्रशासन से बात की, ताकि लोगों को जमीन और फसलों का जल्द मुआवजा मिल सके।

जल शक्ति विभाग के अधिकारियों से भी बात की और आदेश दिए की भूमि कटाव के कारण होने वाले नुकसान को जल्द मशीन लगाकर या कोई भी समाधान कर रोकथाम की जाए, जिससे किसानों को आने वाले समय में इसका फायदा हो सके। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से कहा कि जो सड़कें प्रभावित हुई हैं। उन्हें जल्द ठीक किया जाए, ताकि लोगों को आने-जाने की समस्या न हो। कोटरी ब्यास स्कूल में जो पानी घुसने से नुकसान हुआ है, उनकी रिपोर्ट भी जल्द देने को कहा, ताकि बच्चों को भविष्य में पढ़ने में कोई दिक्कत न हो।

### 57 विद्यार्थियों ने दी स्वामी विवेकानंद ज्ञान प्रतियोगिता

**पांवटा साहिब।** कांटी मशवा स्कूल के प्रांगण में विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश द्वारा स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जिसकी स्थापना 9 जुलाई 1949 को हुई थी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एबीवीपी हिमाचल प्रदेश प्रांत द्वारा 6 को पूरे हिमाचल प्रदेश में स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता-2024 आयोजित करवाई गई, जो कांटी मशवा स्कूल शिक्षा खंड सतौन के प्रांगण में भी आयोजित करवाई गई। विक्रम कंवर ने कहा कि इस प्रतियोगिता में विद्यालय के 9वीं से 12वीं तक के 57 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें 33 छात्राएं व 24 छात्र शामिल थे।

# बातल कॉलेज में दो अतिरिक्त विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं शुरू करने का आभार

**अनंत ज्ञान, अर्की**

मानव कल्याण समिति अर्की की मासिक बैठक समिति के संस्थापक डॉ. संत लाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।



बैठक में सभी सदस्यों ने बातल कॉलेज में दो अतिरिक्त विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ करने पर सीपीएस संजय अवस्थी का आभार व्यक्त किया और अनुरोध किया कि जो विद्यार्थी प्रदेश विश्वविद्यालय के दूरदर्शी शिक्षा केंद्रों में किसी भी विषय के एमए कर रहे हैं उनके लिए अर्की में ही परीक्षा केंद्र की सुविधा प्रदान की जाए। सचिव राजेश ने बताया कि समिति द्वारा प्रति वर्ष आयोजित किया जाने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह दिसंबर माह में होगा। उन्होंने जानकारी दी कि समिति पे इस माह की 27 को पंचायत गयाना के गांव कष्यालु में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है, जिसमें विशेष चिकित्सकों द्वारा रोगियों की जांच के अलावा रक्त जांच दवाएं व चश्में आदि मुफ्त वितरित किए जाएंगे। समिति अपने ही संसाधनों से हर वर्ष अर्की के दूरदराज के क्षेत्रों में ऐसे दो चिकित्सा शिविर आयोजित करवाती है।

# त्योहारों के मौसम में बाजारों में लगी रौनक

**अनंत ज्ञान, नाहन**



अक्तूबर माह से शुरू त्योहारों का सीजन बाजार की रौनक को चार चांद लगा रहा है, न केवल मिट्टी से बने पात्र, बल्कि बर्तनों की दुकान से लेकर तमाम सोने-चांदी की दुकानें सज कर ग्राहकों के इंतजार में पलके बिछाई बैठी हैं।

इस बार बड़ी बात तो यह है कि जहां पहले कोविड व अन्य बीमारियों, महामारियों को लेकर त्योहार सीजन काफी मदीय रहे। तो यही इस बार अच्छे व्यापार की उम्मीद जताई जा रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि अकेले सिरमौर से करीब 10 करोड़ से अधिक का बिजनेस होने की उम्मीद है। बता दें कि दशहरा से लेकर धनतेरस तक हिंदू समाज में नए बर्तन व नए सामान खरीदने की परंपरा रहती है साथ ही दिवाली मुख्य पर्व भी अन्य व्यापारियों सहित मिठाई विक्रेताओं के लिए साल भर के नफा नुकसान की भरपाई करता है। अनुमान लगाया जा रहा है कि करीब 200 से अधिक मिठाइयों की दुकानों में 2 क्विंटल से भी अधिक मिठाइयों के कारोबार की उम्मीद है। वहीं, दिवाली और भाई दूज पर तरह-तरह के उपहार की भी जमकर बिक्री होती है।

लिहाजा सिरमौर के बाजारों में इलेक्ट्रॉनिक व गिफ्ट गैलरी में भी तरह-तरह के उपहार की रौनक लगनी शुरू हो गई है। प्रशासन के द्वारा यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि दशहरा, दीपावली पर पटाखे की बिक्री अनुमति प्राप्त स्थान पर ही की जाएगी। बाजार आदि की दुकानों पर आतिशबाजी बेचने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ-साथ खाद्य सुरक्षा विभाग भी पहले से ज्यादा अलर्ट मोड पर आ गया है।

### दर्शकों को व्याख्यान शृंखला से करवाया परिचित

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय में चित्रकोट स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स द्वारा भाषा सीखने के लिए नए लांच किए गए उत्कृष्टता केंद्र (सेल) ने अंग्रेजी साहित्य का छात्र होने का क्या मतलब है विषय पर अपना पहला व्याख्यान आयोजित किया। सत्र के मुख्य वक्ता शूलिनी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर तेज नाथ धर थे। कार्यक्रम की शुरुआत सहायक प्रोफेसर हेमंत कुमार शर्मा के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने दर्शकों को व्याख्यान शृंखला से परिचित करवाया। प्रो. धर के नेतृत्व में यह तीन भाग की शृंखला आने वाले हफ्तों में निर्धारित है। पहले सत्र में, प्रो. धर ने साहित्य का छात्र होने का क्या मतलब है, जैसे बुनियादी प्रश्न पूछकर छात्रों को शामिल किया और अंग्रेजी साहित्य क्या है उन्होंने साहित्य और भाषा के बीच आंतरिक संबंध की खोज की और बताया कि कैसे मौखिक कविता, साहित्य का सबसे प्रारंभिक रूप, मनोरंजन और शिक्षा दोनों के रूप में काम करती है। साहित्य, सांस्कृतिक जीवन का एक स्वाभाविक परिणाम है, जो इसकी औपचारिक परिभाषाओं से पहले का है।

**रैली** एसडीएम शिलाई के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू को भेजा ज्ञापन

# मांगों को लेकर आंगनबाड़ी वर्कर्स, हेल्पर यूनियन ने दिया धरना

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

शिलाई में आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर यूनियन की कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने अपनी मांगों को लेकर शिलाई विश्रामगृह परिसर में धरना-प्रदर्शन किया।

उसके बाद एसडीएम कार्यालय तक रैली का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष नीलम शर्मा व शिलाई प्रोजेक्ट अध्यक्ष श्यामा देवी की अगुवाई में एसडीएम शिलाई के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष



आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर यूनियन रैली निकालते हुए।

नीलम शर्मा, शिलाई प्रोजेक्ट अध्यक्ष श्यामा देवी, सचिव चंद्रकला ने बताया कि उनकी मुख्य मांगों में आंगनबाड़ी कर्मियों को सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार ग्रेच्युटी व अन्य सुविधाएं लागू की जाएं। प्री प्राइमरी कक्षाओं के बच्चों को पढ़ाने के लिए 100 प्रतिशत नियुक्तियां नियमित कर्मचारी के रूप में आंगनबाड़ी से की जाए। मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों का दर्जा दिया जाए।

मिनी आंगनबाड़ी कर्मियों के वेतन में बढ़ोतरी की जाए तथा लंबित वेतन का तुरंत भुगतान किया जाए। 45वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिश अनुसार आंगनबाड़ी कर्मियों को नियमित कर्मी घोषित किया जाए। हरियाणा की तर्ज पर मानदेय व अन्य आर्थिक लाभ दिए जाए तथा पंजाब की तर्ज पर सभी प्रकार की छुटियां व स्पेशल मेडिकल लिव दी जाएं। मध्यप्रदेश की तर्ज पर वेतन में हर वर्ष एक हजार व पांच सौ रुपए की बढ़ोतरी की जाए तथा सेवानिवृत्त पर एक लाख पच्चीस हजार व एक लाख रुपए का भुगतान किया जाए। वेदांता कंपनी व नंदघरों की आड़ में आईसीडीएस के निजीकरण पर रोक लगाई जाए आदि मांगें शामिल हैं। इस अवसर पर रक्षा देवी, लीला देवी, चंपा, हीरो देवो, सुनीता, आशा, अतरो देवी, अनिता, लक्ष्मी देवी, सेवता देवी, सुमति देवी सहित अन्य महिलाएं मौजूद रही।

### यशवंत विहार कल्याण समिति के प्रधान बने संजय ठाकुर

**नाहन।** आखिर लंबे अंतराल के बाद हिमाचल निर्माता के नाम पर बनी नाहन की आदर्श कॉलोनी यशवंत विहार को नया प्रधान मिल गया है। विजय पाल पवार की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में चुनावी मुद्दा छाया रहा। उसके बाद सर्वसम्मति से संजय ठाकुर को यशवंत विहार कल्याण समिति का प्रधान चुना गया। सर्व समिति से ही दुर्गाराम शर्मा को उपप्रधान, योगेंद्र ठाकुर को महासचिव, गुमान सिंह को सहसचिव, संजय बंसल को कोषाध्यक्ष की कमान सौंपी गई। इस बार की चुनावी बैठक में समिति का कोरम भी शत-प्रतिशत रहा। नई कार्यकारिणी में चमन लाल, धीरेन वालिया विजय पाल पवार को समिति का मुख्य सलाहकार का दायित्व सौंपा गया। कार्यकारिणी सदस्यों में हर्ष मनी, विजय पुंडी, विजय शर्मा, सुनीता राणा, नागेंद्र ठाकुर, बालक राम, राकेश शर्मा, कंवर सिंह नेगी, प्रोमिला ठाकुर आदि को चुना गया।

## न्यूज ब्रीफ

### फेस्टिवल सीजन के लिए बने टेंपरेरी पार्किंग

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** युवा कांग्रेस महासचिव सुनील यादव ने भीड़-भाड़ वाली मार्केट्स में संबंधित अधिकारियों से तुरंत टेंपरेरी पार्किंग बनाने की मांग की है। फेस्टिवल सीजन में बाजार गुलजार है, मार्केट में भीड़ पर सड़कों पर ट्रैफिक जाम और



पार्किंग की समस्या परेशान कर रही है। बीते रविवार को प्रमुख मार्केट में दिनभर लोगों की अच्छी खासी भीड़ उमड़ी, वहीं सड़कों पर वाहनों की लंबी लाइने लगने से ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। ऐसे में यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए टेंपरेरी पार्किंग की सख्त जरूरत है इसके लिए शहर के सरकारी स्कूल, कालेजों व सरकारी दफ्तरों को अस्थायी पार्किंग के लिए बीते वर्षो की तरह प्रयोग की किया जा सकता है। इसमें नगर निगम और मार्केट एसोसिएशन के सहयोग लिया जा सकता है व आग्रह किया कि ट्रैफिक पुलिस का एक मात्र उदेश्य टायरों में व्हील क्लैंप लगाना न होकर ट्रैफिक व्यवस्था का बनाए रखना होना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### नेत्रहीन संस्थान के बच्चों का मिला आशीर्वाद



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हम अपने नए स्टोर गुनीटीज फ्यूजन स्टोर के उद्घाटन की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं, जो वीजी डिजाइन की एक इकाई है। आज वह दिन आया है जब हमारा सपना सच हो गया है। हम दो साझेदार हैं विभा और गुनीटी। फैशन पृष्ठभूमि वाली गुनीटी और शैक्षिक पृष्ठभूमि वाली विभा, पंजाब और यूपी में कई शिक्षा संस्थानों को संभाल रही हैं और फैशन लाइन में विस्तार कर रही हैं। वह दिन शुभ था, क्योंकि हमें अपने नेत्रहीन संस्थान के बच्चों का आशीर्वाद मिला। रिबन काटने का समारोह नेत्रहीन संस्थान के बच्चों द्वारा किया गया, जहां बच्चों ने हमारे मुख्य अतिथियों द्वारा हमें अपना आशीर्वाद दिया। हमें उन्हें अपने साथ पाकर विनम्र होना पड़ा। यह हमारी दूसरी इकाई है, पहली इकाई सेक्टर 19 चंडीगढ़ में है, जहां से हमने अपना फैशन उद्यम शुरू किया है। गुनीटी का फ्यूजन स्टोर वीजी डिजाइन की दूसरी इकाई है। पर्दे के पीछे फैशन प्रमुख होने के नाते गुनीटी को खुद और दूसरों के लिए उपयुक्त डिजाइन करना पसंद है।

### नवरात्र के पावन दिनों में टेक्सटाइल मेला शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** लोग फैशन के दौर में न्यू ट्रैंडस को अपनाने में विश्वास रखते हैं ।फैशन के दौर में हर आयु के लोग अपने आपको सुंदर व स्टाईलिश दिखना चाहते



हैं। लोगों की पसंद और जेब को ध्यान में रखते हुए शॉपिंग को और भी खास बनाने के लिए चंडीगढ़, सैक्टर 29-डी स्थित प्रताप टैक्सटाईल, अपने प्रिय ग्राहकों के लिए दिन-प्रति दिन नई तरह के स्कीमें लेकर आते हैं, जहां पर आपको कपड़ो की बहुत सारी वराइटी आकर्षक प्राइस और ऑफर्स पर मिल रही हैं। इस नवरात्री के पावन दिनों और फैस्टीवल सीजन में प्रताप टैक्सटाईल की तरफ आकर्षक ऑफर्स चल रहे है। कोट-पैंट खरीदने पर सिलाई मुफ्त और साथ में कई तरह के ऑफर्स भी चल रहे है । यहां पर रेमंड, ग्रेडो, इटालियन सूट्स व पैंटें आदि लेटेस्ट डिजाईन कई कलर्स में भी उपलब्ध है। रेमंड के कोट-पैंट, शेरवानी, इंडो-वैस्टर्न व टकसीडो आदि वराईटी भी उपलब्ध है। प्रताप टैक्सटाईल पर रेमंड ब्रैंड के कपड़े कई तरह के कलर्स में उपलब्ध हैं।

# ईडी ने धन शोधन के एक मामले में पंजाब के 'आप' सांसद के परिसरों पर छापा मारा

**एजेंसी, जालंधर**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा तथा अन्य लोगों के खिलाफ जमीन ''धोखाधड़ी'' के एक मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को जालंधर, लुधियाना, गुरुग्राम तथा दिल्ली में कई स्थानों पर छापे मारे।




आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 61 वर्षीय सांसद के पंजाब के लुधियाना और हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित आवास समेत करीब 16-17 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। जालंधर में जिन स्थानों पर तलाश ली जा रही है उनमें रियल एस्टेट कारोबारी हेमंत सूद और एक अन्य व्यक्ति चंद्र शेखर अग्रवाल के परिसर भी शामिल हैं। अरोड़ा ने कहा कि उन्हें नहीं पता है कि असल में किस कारण से तलाशी की जरूरत पड़ी। उन्होंने कहा, ''मैं कानून का पालन करने वाला नागरिक हूं, मुझे तलाश अभियान की वजह के बारे में पूरी तरह पता नहीं है, एजेंसियों के साथ पूरी तरह सहयोग करूंगा और यह सुनिश्चित करूंगा कि सभी सवालों का जवाब दिया जाए।'' 'आप' नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उनकी पार्टी के सांसद एवं कारोबारी के खिलाफ छापे पार्टी को तोड़ने की कोशिश है, लेकिन इसके बावजूद 'आप' सदस्य रुकेंगे नहीं, बिकेंगे नहीं और डरेंगे नहीं।

अधिकारियों ने कहा कि धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत छापे मारे जा रहे हैं और इनका संबंध जमीन धोखाधड़ी के एक मामले से है। सूत्रों के अनुसार, ऐसा आरोप है कि अरोड़ा ने एक औद्योगिक भूखंड ''अवैध'' तरीके से अपनी कंपनी के नाम पर कर दिया था।

# कुलपति को हटाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल शुरू

**एजेंसी, पटियाला**

राजीव गांधी राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (आरजीएनयूएल) की कई छात्राओं ने कुलपति को हटाने की मांग को लेकर यहां भूख हड़ताल शुरू कर दी है।

छात्रों ने कुलपति पर लड़कियों के छात्रावास की औचक जांच के दौरान छात्राओं की निजता का कथित रूप से उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। छात्र 22 सितंबर से कुलपति जयशंकर सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं, जब उन्होंने जांच की थी।

छात्रों के अनुसार, सिंह ने जांच के दौरान कुछ छात्रों के पहनावे पर सवाल उठाए, जिससे उनकी निजता का 'उल्लंघन' हुआ। कुलपति ने आरोपों से इनकार किया है। छात्रों ने रविवार को अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी और कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, वे नहीं हटेंगे।

जयशंकर सिंह ने पहले कहा था कि उन्होंने कुछ छात्राओं की शिकायतों के समाधान के लिए लड़कियों के छात्रावास का दौरा किया था, जिन्होंने शिकायत की थी कि उन्हें जगह की कमी के कारण अपने कमरों में टेबल और अलमारियां रखने में दिक्कत हो रही है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने 27 सितंबर को प्रदर्शनकारी छात्रों से बात की और उन्हें आश्वासन दिया कि राज्य सरकार उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पंजाब में फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों के लिए ऋण देंगे राज्य सहकारी बैंक

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को कहा कि किसान अब फसल अवशेष प्रबंधन मशीनें खरीदने के लिए राज्य सहकारी बैंकों से ऋण ले सकते हैं। मान ने कहा कि राज्यभर के सहकारी बैंकों ने फसल अवशेष प्रबंधन ऋण योजना शुरू की है।

उन्होंने यहां एक बयान में कहा कि इसका उद्देश्य किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के लिए मशीनरी खरीदने को ग्रामीण ऋण आसानी से उपलब्ध कराना है ताकि धान की पराली जलाने पर रोक लगाई जा सके।

मान ने कहा कि यह योजना चंडीगढ़ और जिला सहकारी बैंकों की 802 शाखाओं में शुरू की गई है। उन्होंने किसानों से इस योजना का लाभ उठाने को कहा। प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां (पीएसी) या अन्य संस्थाएं कॉमन हायरिंग सेंटर (सीएचसी) योजना के तहत कृषि उपकरणों की खरीद पर 80 प्रतिशत सब्सिडी का लाभ उठा सकती हैं।

इसी तरह, किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के लिए बेलर और सुपरसीडर जैसे कृषि उपकरणों की खरीद पर 50 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह योजना किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के लिए प्रोत्साहित करने में सहायक होगी।

## फरीदाबाद में मतदान केंद्र के बाहर भाजपा कार्यकर्ता को गोली मारी

**फरीदाबाद (हरियाणा)।** हरियाणा में पांच अक्तूबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के दौरान यहां एक मतदान केंद्र के बाहर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 30 वर्षीय कार्यकर्ता को मोटरसाइकिल पर आए दो व्यक्तियों ने कथित तौर पर गोली मार दी, जो उसकी कमर में लगी और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार को हुई जब पिछले 14 वर्ष से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध रजनीश निधि पब्लिक स्कूल के करीब बैठा था और लोग मतदान के दौरान अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि दो हमलावर आए, उनका चेहरा 'गमछे' से ढका था और उनकी मोटरसाइकिल पर नंबर प्लेट नहीं थी। उन्होंने रजनीश से थोड़ी बातचीत की और फिर उस पर गोली चला दी।

पुलिस ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता को कमर में गोली लगी तथा उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## आईटीबीपी तथा उत्तराखंड कॉओपरेटिव फेडरेशन के मध्य एमओयू की तैयारियां पूरी



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

उत्तराखंड में स्थित सभी आईटीबीपी पोस्ट पर सीमांत जिलों चंपावत, चमोली, उत्तरकाशी व पिथौरागढ़ के गांवों के 4000 से अधिक स्थानीय किसानों/पशुपालकों के माध्यम से मांस हेतु भेंड़, बकरियां, पॉलट्री तथा ट्राउट मछली की आपूर्ति के सम्बन्ध में आईटीबीपी तथा उत्तराखंड कॉओपरेटिव फेडरेशन के मध्य एमओयू की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। दुर्गम व दूरस्थ क्षेत्रों में विकास, सीमान्त क्षेत्रों में रिमाइग्रेशन को बढ़ावा देने व पलायन को रोकने तथा सैनिकों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री सुनिश्चित करवाने के उद्देश्य से मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी औपचारिकताएं पूरी करते हुए इस एमओयू को जल्द सम्पन्न करवाने के निर्देश दिए हैं।

उक्त एमओयू को वाइब्रेट विलेज प्रोग्राम के लिए प्रभावी पहल बताते हुए सीएस रतूड़ी ने कहा कि इससे सीमान्त क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलने के साथ ही पशुओं की स्थानीय ब्रीड व पशुधन को बढ़ावा, सीमान्त आबादी के लिए रोजगार के अवसरों को गति व वोकल फॉर लोकल को प्रोत्साहन मिलेगा।

मुख्य सचिवराधा रतूड़ी ने कहा कि आईटीबीपी व उत्तराखण्ड सरकार की इस पहल से राज्य में पशुधन की योजनाएं धरातल स्तर पर पहुंचेगी। बैठक में आईटीबीपी ने राज्य के सीमान्त क्षेत्रों में अपने पशु चिकित्सकों की सेवाएं प्रदान करने का प्रस्ताव रखा, जिस पर सहमति देते हुए मुख्य सचिव ने सीएसआर फण्ड के तहत पशुओं हेतु मेडिकल मोबाइल वैन की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं।

## आप कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी, तरनतारन**

आम आदमी पार्टी (आप) के एक कार्यकर्ता की सोमवार को यहां तीन अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी।

पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान तलवंडी मौर सिंह गांव निवासी राजविंदर सिंह के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात हमलावरों ने टक्करपुर गांव के पास सिंह की कार को रोका और उन पर गोली चलाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि सिंह को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

### मणिपुर में आईईडी, हथियार और ग्रेनेड जब्त



**इंफाल।** मणिपुर के काकचिंग और थौबल जिलों में सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक जब्त किए हैं। पुलिस ने सोमवार को तीन कार्बाइन, एक एयर गन राइफल, 9एमएम पिस्तौल, दो सिंगल बैरल बंदूकें, बिना डेटोनेटर वाले 14 ग्रेनेड, 1 51एमएम मोर्टार और आईईडी विस्फोटक शामिल हैं।

### फ्लैगस्टाफ रोड बंगले में रहेंगी सीएम आतिशी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगले में रहने जा रही हैं। इससे कुछ दिन पहले उनके पूर्ववर्ती अरविंद केजरीवाल इस निवास को खाली करके लुटियंस दिल्ली स्थित एक आवास में रहने चले गए थे। पिछले साल केजरीवाल सरकार में मंत्री बनने के बाद आतिशी को मथुरा रोड पर एबी-17 बंगला आवंटित किया गया था।

### उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय फरवरी 2020 में यहां हुए सांप्रदायिक दंगों के पीछे कथित बड़ी साजिश से संबंधित यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम) मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र उमर खालिद और छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम की जमानत याचिकाओं पर 25 नवंबर को सुनवाई करेगा। खालिद और इमाम के अलावा मामले के अन्य सह-आरोपी 'यूनाइटेड अगेंस्ट हेट' के संस्थापक खालिद सैफी की जमानत याचिका भी न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शालिंदर कौर की पीठ के समक्ष सोमवार को नए सिरे से सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की गई थी, लेकिन यह पीठ सुनवाई के लिए आज नहीं बैठी।

### चिंता की बात नहीं, रुटीन चेकअप करवाया: टाटा



**नई दिल्ली।** उद्योगपति रतन टाटा ने सोमवार को कहा कि उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है और वह उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं की जांच करा रहे हैं। मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती होने की खबरों को अफवाह करार देते हुए टाटा (86) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि ये दावें निराधार हैं। उन्होंने कहा कि मैं उम्र संबंधी बीमारियों के कारण अभी चिकित्सकीय जांच करा रहा हूं। चिंता की कोई बात नहीं है। मैं सहीं हूं।

## देश-विदेश

# राहुल गांधी ने दलित परिवार के साथ बनाई दाल-सब्जी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश में समावेशिता और समानता की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि कांग्रेस बहुजन को हिस्सेदारी और अधिकार देने वाले संविधान की रक्षा करेगी। उन्होंने महाराष्ट्र के कोल्हापुर में 'दलित किचन' के अपने दौरे का एक वीडियो 'एक्स' पर साझा किया।

इस वीडियो में वह खाना बनाने में मदद करते देखे जा सकते हैं। मैंने अजय तुकाराम सनदे और अंजना तुकाराम सनदे के साथ एक दोपहर बिताई। कोल्हापुर में मुझे अपने घर सम्मान के साथ बुलाकर रसोई में हाथ बंटाने का मौका दिया। हमने मिलकर चने के साग की सब्जी 'हरभरयाची भाजी' और बैंगन के साथ तुवर दाल बनाई। गांधी ने कहा कि दलित बहुजनों को हिस्सेदारी और अधिकार संविधान देता है, और उस संविधान की रक्षा कांग्रेस करेगी। समाज में सभी की सच्ची समावेशिता और समानता तभी संभव होगी जब हर एक भारतीय दिल में भाईचारे की भावना के साथ प्रयास करे।



राहुल बोले- बहुजन को अधिकार देने वाले संविधान की हम करेंगे रक्षा

## गुजरात में तीर्थयात्रियों की बस पलटी, चार की मौत, कई घायल

**पालनपुर (गुजरात)।** गुजरात के बनासकांठा जिले में सोमवार को सुबह अंबाजी मंदिर से तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस के पलट जाने से उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई और लगभग 30 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बस करीब 50 तीर्थयात्रियों को लेकर खेड़ा जिले के कठलाल जा रही थी और यात्री अंबाजी मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद वापस लौट रहे थे। अंबाजी से लौटते समय बस पहाड़ी सड़क पर थी और तभी दांता तालुका के त्रिशूलिया घाट पर चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे बस पटल गई।

# इसराइली हवाई हमले में 11 लेबनानी मारे गए, 17 घायल

**एजेंसी, बेरूत**



**लेबनान** के विभिन्न क्षेत्रों में इसराइली हवाई हमलों में 11 लोग मारे गए और 17 अन्य घायल हो गए हैं। लेबनान के आधिकारिक और सैन्य सूत्रों ने बताया कि रविवार रात इसराइली हमले में 11 लेबनानी मारे गए और 17 लोग घायल हो गए।

माउंट लेबनान गवर्नरेट के एले जिले के कायफौन गांव में एक आवासीय इमारत पर हवाई हमले में छह लोग मारे गए और 13 अन्य घायल हो गए। एक अन्य हवाई हमले में पांच लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।

### हिज्बुल्लाह का इसराइल के हाइफा शहर पर हमला, 10 लोग घायल

**हिज्बुल्लाह** ने इसराइल के हाइफा शहर पर हमला किया। हिज्बुल्लाह ने पहली बार उत्तरी इसराइल के इस शहर को निशाना बनाया है। इसमें कम से कम 10 लोग घायल हुए हैं। हिज्बुल्लाह ने लेबनान से 120 से ज्यादा रॉकेट्स दागे।

## वायुसेना के एयर शो के बाद पांच लोगों की मौत गर्मी के कारण हुई : स्वास्थ्य मंत्री

**एजेंसी, चेन्नई**

**तमिलनाडु** में मरीना बीच पर भारतीय वायुसेना के एयर शो के बाद पांच लोगों की मौत गर्मी के कारण हुई थी और सभी को मृत अवस्था में सरकारी अस्पतालों में लाया गया था। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम ने सोमवार को यह दावा किया। स्वास्थ्य मंत्री ने राजनीतिक दलों और मीडिया से इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करने की अपील की। सुब्रमण्यम ने बताया कि मरीना बीच के निकट स्थित सरकारी अस्पतालों में भर्ती लगभग 100 लोगों में से सात लोग उपचाराधीन है और 93 लोगों का बाह्य रोगी के रूप में इलाज किया गया तथा पांच लोगों को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया।

## सांबा में जंग लगी टैंक रोधी बारूदी सुरंग और मोर्टार शेल को किया निष्क्रिय

**एजेंसी, जम्मू**

**जम्मू**-कश्मीर के सांबा जिले में अलग-अलग स्थानों पर ग्रामीणों को जंग लगी टैंक रोधी बारूदी सुरंग और एक पुराना 'मोर्टार शेल' मिला, जिसे निष्क्रिय कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार सुबह रीगल सीमा चौकी के पास अपने खेतों में काम कर रहे एक किसान ने टैंक रोधी बारूदी सुरंग देखी। इसकी सूचना बीएसएफ इकाई को दी और बाद में विशेषज्ञों ने बारूदी सुरंग को सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया। वहीं, बाड़ी ब्राह्मणा क्षेत्र के बलोले खड्ड में कचरे में मिले मोर्टार शेल को भी निष्क्रिय कर दिया। वहीं, राजौरी जिले में संदिग्ध विस्फोटक सामग्री जब्त की। यह सामग्री सरनू गांव में एक लिंक रोड पर नियमित गश्त के दौरान बरामद की गई।

## कराची एयरपोर्ट के बाहर विस्फोट चीन के दो नागरिकों की गई जान

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में कराची हवाई अड्डे के बाहर हुए भीषण विस्फोट में चीन के दो श्रमिकों की मौत हो गई और कम से कम आठ अन्य लोग घायल हो गए। पाकिस्तान और चीन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस और प्रांतीय सरकार ने बताया कि पाकिस्तान के सबसे बड़े हवाई अड्डे के बाहर एक टैंकर में विस्फोट हुआ। चीनी दूतावास ने एक बयान जारी कर बताया कि 'पोर्ट कासिम इलेक्ट्रिक पावर (प्राइवेट) लिमिटेड कंपनी' के चीनी कर्मचारियों को ले जा रहे काफिले पर देर रात करीब 11 बजे हमला हुआ, जिसमें दो चीनी नागरिक मारे गए और एक अन्य घायल हो गया।

# भगवान 'आप' के साथ है, डरने की कोई जरूरत नहीं : केजरीवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**आम** आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि भगवान उनकी पार्टी के साथ है और डरने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि कुछ भी गलत नहीं किया गया है।

उन्होंने धनशोधन की जांच के सिलसिले में 'आप' के राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा से जुड़े कई स्थानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के छापों के बाद यह टिप्पणी की। केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार भ्रष्टाचार की जांच के नाम पर अपनी एजेंसियों के जरिए उनकी पार्टी को निशाना बना रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री आतिशी भी उनके साथ थीं। एजेंसियों ने पहले उन्हें, सिसोदिया, संजय सिंह और पार्टी के अन्य नेताओं को गिरफ्तार किया था। ऐसा नहीं है कि भ्रष्टाचार की कोई जांच हो रही है। ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री एक पार्टी के पीछे पड़े हैं और उन्होंने उस पार्टी तथा उसके नेताओं को खत्म करने के लिए सभी संसाधन और एजेंसियां लगा दी हैं। ईडी ने 'आप' के राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा तथा अन्य लोगों के खिलाफ जमीन 'धोखाधड़ी' के एक मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को जालंधर, लुधियाना, गुरुग्राम तथा दिल्ली में कई स्थानों पर छापे मारे।

## सरकारी आवास खाली करते समय एसी के साथ बेसिन भी ले गए तेजस्वी : भाजपा

**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने दो दिन पहले अपना सरकारी बंगला खाली कर दिया है, जिससे राजनीति में हलचल मच गई है। भाजपा ने आरोप लगाया कि तेजस्वी यादव ने बंगला खाली करते समय वहां का सामान भी अपने साथ ले गए हैं। भाजपा का कहना है कि वे जल्द ही सामानों की एक सूची जारी करेंगे।

भाजपा के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने आरोप लगाया कि जब तेजस्वी यादव आवास खाली कर रहे थे, तब उन्होंने सरकारी सामान जैसे बेड, एसी और बेसिन भी अपने साथ ले जाने का काम किया। उन्होंने जिम का सामान भी ले जाने का आरोप लगाया है। यहां तक कि वॉशरूम के नल की टोंटी भी गायब है।

# सेंसेक्स में 638 और निफ्टी में भी 218 अंक की गिरावट



**एजेंसी, मुंबई**

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सात अक्तूबर को सेंसेक्स 638 अंक की गिरावट के साथ 81,050 के स्तर पर बंद हुआ।

निफ्टी में भी 218 अंक की गिरावट रही, जो 24,795 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं,बीएसई स्मॉल कैप 1,827 अंक गिरकर 54,117 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 में गिरावट और 7 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 40 में गिरावट और 10 में तेजी रही। एनएसई के आईटी सेक्टर को छोड़कर सभी गिरावट के साथ बंद हुए।एचडीएफसी बैंक, रिलायंस, एसबीआई और एक्सिस बैंक ने बाजार को सबसे ज्यादा नीचे गिराया। जबकि, आईटीसी, भारती एयरटेल और इंफोसिस ने बाजार को ऊपर खींचा।

# कोलकाता रेप-हत्या मामला: सीबीआई ने संजय रॉय के खिलाफ दायर की चार्जशीट

**एजेंसी, कोलकाता**

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से बलात्कार और उसकी हत्या के मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

**गैंगरेप का नहीं उल्लेख, अकेले ही अपराध को दिया अंजाम**

कोलकाता की एक विशेष अदालत में दाखिल अपने आरोप पत्र में सीबीआई ने कहा कि स्थानीय पुलिस के साथ स्वयंसेवक के रूप में काम करने वाले रॉय ने नौ अगस्त को अस्पताल के सभागार में घटना को कथित तौर पर अंजाम दिया था।

अधिकारियों के अनुसार, एजेंसी ने आरोप पत्र में सामूहिक बलात्कार के आरोप का उल्लेख नहीं किया है, जिससे संकेत मिलता है कि रॉय ने अकेले ही अपराध को अंजाम दिया। सीबीआई ने मामले की जांच जारी रखी है।

### डॉक्टरों का आमरण अनशन तीसरे दिन भी जारी



**आरजी** कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में न्याय और कार्यस्थल पर सुरक्षा की मांग को लेकर आंदोलनरत कनिष्ठ चिकित्सकों का आमरण अनशन सोमवार को लगातार तीसरे दिन जारी है। छह कनिष्ठ चिकित्सक शनिवार शाम से ही आमरण अनशन कर रहे हैं और बाद में एक और चिकित्सक उनके साथ शामिल हो गए। 'ज्वाइंट प्लेटफॉर्म ऑफ डॉक्टर्स इन वेस्ट बंगाल' के छह सदस्य कनिष्ठ चिकित्सकों के साथ एकजुटता जताने के लिए अनशन में शामिल होने पर विचार कर रहे हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### श्रीलंका ने जयसूर्या को 2026 टी-20 विश्व कप तक कोच नियुक्त किया



**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट ने पूर्व कप्तान सनथ जयसूर्या को 2026 टी-20 विश्व कप तक अपनी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का पूर्णकालिक मुख्य कोच नियुक्त किया। यह पूर्व सलामी बल्लेबाज जुलाई से श्रीलंका के अंतरिम कोच की भूमिका निभा रहा था। उनके रहते हुए टीम ने भारत और इंग्लैंड के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया। जयसूर्या के मार्गदर्शन में श्रीलंका ने 27 वर्षों में भारत के खिलाफ अपनी पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय सीरीज जीती और फिर 10 वर्षों में पहली बार इंग्लैंड से उसकी धरती पर टेस्ट मैच जीता। श्रीलंका की टीम ने हाल में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज 2-0 से जीती थी। श्रीलंका क्रिकेट ने बयान में कहा, ''श्रीलंका क्रिकेट की कार्यकारी समिति ने भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ जयसूर्या के अंतरिम मुख्य कोच रहते हुए टीम के अच्छे प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया। उनकी नियुक्ति एक अक्तूबर 2024 से 31 मार्च 2026 तक की गई है।''

### शेफाली वर्मा ने कहा, पहले से बेहतर हो गई है श्रीलंका की टीम



**दुबई।** भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का मानना है कि श्रीलंका की टीम पहले से बेहतर हो गई है और उसे किसी भी तरह से हल्के से नहीं लिया जा सकता क्योंकि वह अब केवल चमारी अटापट्टू पर ही निर्भर नहीं है। भारत को महिला टी-20 विश्व कप के अपने अगले मैच में बुधवार को श्रीलंका का सामना करना है जिसने उसे एशिया कप के फाइनल में हराया था। भारतीय टीम को इसके बाद 13 अक्तूबर को ऑस्ट्रेलिया का सामना करना है। शेफाली ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत में 32 रन का योगदान देने के बाद कहा, ''इससे पहले उनकी तरफ से चमारी ही अधिक रन बनाती थी और विकेट लेती थी, लेकिन एशिया कप में उनकी पूरी टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। उनकी टीम में काफी सुधार हुआ है और इसलिए वह एशिया कप जीतने में सफल रही।''

### पीसीबी प्रमुख को चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन पाकिस्तान में होने का 'भरोसा'

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने भरोसा जताया कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन देश में होगा और चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत सहित सभी टीमें टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। चैंपियंस ट्रॉफी-2025 के 19 फरवरी को शुरू होने का कार्यक्रम है, जबकि इसका फाइनल नौ मार्च को खेला जाना है। आयोजन स्थल के रूप में लाहौर, कराची और रावलपिंडी को चुना गया है। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक रिश्तों के कारण भारत ने जुलाई 2008 के बाद से अपनी टीम को पाकिस्तान नहीं भेजा है। नकवी ने कहा, ''भारतीय टीम को आना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि वे यहां आना रद्द या स्थगित करेंगे और हमें पूरा भरोसा है कि हम चैंपियंस ट्रॉफी में सभी टीमों की मेजबानी पाकिस्तान में करेंगे।'' उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान भारत सहित सभी टीमों की मेजबानी के लिए तैयार है और तैयारियां तय समय पर चल रही हैं।

### मॉडलिंग के ऑप्शन पर सोच रही हरमिलन

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक का मौका गंवाने पर भारत की स्टार स्प्रिंटर हरमिलन बैंस डिप्रेशन में चली गई और सुसाइड करने तक का सोच लिया, हालांकि अब वो नए करियर की तलाश में हैं, मॉडलिंग के ऑप्शन पर भी सोच रही हैं। दरअसल एशियाई खेलों में दो बार पदक जीतने वाली हरमिलन को इस समय 'ग्रेड 2बी' हैमस्ट्रिंग टियर है। इसकी वजह से वो लंबे वक्त तक किसी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगी।



# पेरिस ओलंपिक की निराशा के बाद वापसी करेंगे सिंधू और सेन

**एजेंसी, वंता (फिनलैंड)**




पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने में नाकाम रहे भारत के स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू होने वाले आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करेंगे। सिंधू और सेन का ओलंपिक के बाद यह पहला टूर्नामेंट होगा।

इन दोनों ने इस बीच अपने खेल का मूल्यांकन करने और उसमें आवश्यक सुधार करने पर ध्यान दिया। सिंधू ने इस बीच अपने पिछले कोच इंडोनेशिया के एगस द्वी सैंटोसो से नाता तोड़कर भारत के अनूप श्रीधर और कोरियाई दिग्गज ली स्यून इल को अपने नए कोच के रूप में नियुक्त किया। दूसरी तरफ सेन ने अपनी फिटनेस पर ध्यान दिया। उन्होंने इस दौरान अपना अधिकतर समय ऑस्ट्रिया के रेड बुल एरेना में बिताया। आर्कटिक ओपन में सिंधू का पहला मुकाबला कनाडा की मिशेल ली से जबकि ओलंपिक में कांस्य पदक के मुकाबले में हारने वाले सेन का डेनमार्क के रासमस गेम्के से होगा।

ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता सिंधू अगर पहली बाधा पर कर लेती हैं तो अगले दौर में उनका सामना 2022 की जूनियर विश्व चैंपियन 18 वर्षीय जापानी खिलाड़ी टोमाको मियाजाकी से हो सकता है जिससे वह इस साल की शुरुआत में स्विस ओपन में हार गई थी।

सेन के लिए भी यह गेम्के से बदला लेने का मौका होगा। वह 2023 में इंडिया ओपन में उनसे हार गए थे। अगर वह इस मैच को जीतने में सफल रहते हैं तो उनका अगला मुकाबला चीनी ताइपे के 7वीं वरीयता प्राप्त चोउ टीएन चेन से हो सकता है।

चोट के कारण चार महीने तक बाहर रहने के बाद मकाऊ ओपन में वापसी करने वाले किदांबी श्रीकांत भी आर्कटिक ओपन में अपनी चुनौती पेश करेंगे। वह हमवतन किरण जॉर्ज और सतीश कुमार करुणाकरण के साथ क्वालीफायर से अपना अभियान आगे बढ़ाएंगे।

क्वालीफायर में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत का मुकाबला जॉर्ज से होगा, जबकि सतीश फ्रांस के अरनॉड मर्कले से भिड़ेंगे। महिला एकल में सिंधू के अलावा फॉर्म में चल रही मालविका बंसोड़ और आकर्षी कश्यप भी अपनी चुनौती पेश करेंगे।

# पदार्पण के बाद मयंक और नीतीश ने कहा, शांतचित्त कप्तान हैं सूर्यकुमार

**एजेंसी, ग्वालियर**


सूर्यकुमार यादव

मयंक यादव और नितीश कुमार रेड्डी बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत के लिए पदार्पण करने से पहले थोड़ा नर्वस थे, लेकिन उन्होंने कहा कि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने लगातार उनका हौसला बढ़ाया, जिससे उन्हें शांत बने रहने में मदद मिली।

मयंक और नीतीश दोनों 21 साल के हैं और उन्होंने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में अपने कौशल का प्रभाव छोड़ा। तेज गेंदबाज मयंक ने इस साल आईपीएल में अपनी रफ्तार से क्रिकेट जगत का ध्यान खींचा था लेकिन पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण वह इस टूर्नामेंट में केवल चार मैच ही खेल पाए थे।

उन्होंने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में चार ओवर में 21 रन देकर एक विकेट लिया। नितीश ने भी 15 गेंदों पर नाबाद 16 रन बनाकर अपना प्रभाव छोड़ा। भारत ने यह मैच सात विकेट से जीता। मयंक ने कहा,, ''वह (सूर्यकुमार) आपको पूरी आजादी देते हैं। जब मैं रन अप पर जा रहा था तो उन्होंने मुझसे कहा कि वही करो जो तुम्हें अच्छा लगता है। यह किसी भी तेज गेंदबाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है विशेषकर तब जबकि आप आप अपना पहला मैच खेल रहे हों।''

नितीश ने भी सूर्यकुमार की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा, ''वह बहुत शांतचित्त कप्तान हैं। वह बहुत अच्छी कप्तानी कर रहे हैं। उन्होंने हम पर किसी तरह का कोई दबाव नहीं बनने दिया। हम अपना पहला मैच खेल रहे थे और थोड़ा नर्वस थे लेकिन उन्होंने हमें खुलकर खेलने की छूट दी। कोई भी खिलाड़ी अपने कप्तान से यही चाहता है।''

### ओवर स्पिन पर ध्यान देने से फायदा मिला : वरुण चक्रवर्ती



भारत के रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का मानना है कि उन्होंने साइड स्पिन करने के बजाय गेंद को अधिक टर्न कराने के लिए ओवर स्पिन पर ध्यान दिया जिससे उन्हें राष्ट्रीय टीम में सफल वापसी करने में मदद मिली। इस 33 वर्षीय खिलाड़ी ने 2021 में टी-20 विश्व कप में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी, लेकिन उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा, जिसके कारण वह टीम से बाहर हो गए। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ रविवार को यहां खेले गए मैच में तीन विकेट लेकर राष्ट्रीय टीम में सफल वापसी की। वरुण ने कहा, ''मैं साइड स्पिन करने वाला गेंदबाज हुआ करता था, लेकिन अब मैं पूरी तरह सेओवर स्पिन करने वाला गेंदबाज बन गया हूं। यह स्पिन गेंदबाजी का एक सूक्ष्म तकनीकी पहलू है, लेकिन इसमें महारत हासिल करने में मुझे दो साल से अधिक का समय लगा।''

### ग्लोबल शतरंज लीग

# अलास्कन नाइट्स ने दर्ज की लगातार पांचवीं जीत




**एजेंसी, लंदन**

पीबीजी अलास्कन नाइट्स ने यहां चल रही टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) में चौथे दिन के दूसरे मैच में अल्पाइन एसजी पाइपर्स को 9-7 के करीबी अंतर से हराकर अपना अपराजेय अभियान जारी रखा।

अलास्कन नाइट्स ने इस टूर्नामेंट के आधे चरण तक हुए कुल 15 मैचों के बाद अपने सभी पांच मुकाबले जीते हैं। अलास्कन के शीर्ष खिलाड़ी अनीश गिरी के मैग्नस कार्लसन से हारने के बावजूद उनकी टीम 58 गेम अंक हासिल करके शीर्ष पर है। वहीं गत चैंपियन त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स ने अपग्रेड मुंबा मास्टर्स को पराजित कर दूसरा स्थान हासिल किया और टीम शीर्ष स्थान पर काबिज अलास्कन से केवल तीन गेम अंक पीछे है।

कॉन्टिनेंटल किंग्स के तेजतर्रार खिलाड़ी अलीरेजा फिरोजा ने फ्रांस के शीर्ष रेटिंग वाले खिलाड़ी मैक्सिम वैचियर-लाग्रेव को हराकर प्रतियोगिता में अपना विजय क्रम बरकरार रखा।

दिन के आखिरी मैच में दुनिया के नंबर-1 कार्लसन (अल्पाइन एसजी पाइपर्स) और नंबर दो खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा (अमेरिकन गैम्बिट्स) के बीच खेला गया शानदार मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

# शंघाई मास्टर्स : बारिश से प्रभावित मैच को जीतकर आगे बढ़े फ्रिट्ज

**एजेंसी, शंघाई**

विश्व रैंकिंग में 7वें स्थान पर काबिज टेलर फ्रिट्ज और 10वीं रैंकिंग के खिलाड़ी ग्रिगो दिमित्रोव बारिश से प्रभावित शंघाई मास्टर्स के दूसरे दौर के अपने-अपने मैच को जीतकर अगले दौर में पहुंच गए। इन दोनों खिलाड़ियों का मैच शनिवार को शुरू हुआ था, लेकिन बारिश की बाधा के कारण यह सोमवार को पूरा हुआ।

अमेरिकी ओपन के उपविजेता फ्रिट्ज ने शनिवार को बारिश के कारण खेल रोके जाते समय फ्रांस के टेरेंस एटमाने के खिलाफ शुरुआती सेट में 4-3 की बढ़त बना ली थी। इस 26 साल के अमेरिका के खिलाड़ी ने 122 मिनट के मैच में विश्व रैंकिंग में 161वें स्थान पर काबिज एटमाने को 7-6 (4), 7-6 (5) हराया। फ्रिट्ज तीसरे दौर में जापान के क्वालीफायर योसुके वतनुकी से खेलेंगे।

अपने 100वें मास्टर्स टूर्नामेंट में खेल रहे 33 साल के दिमित्रोव ने जिजौ बर्ग्स पर सोमवार को एक सेट की बढ़त के साथ फिर से शुरुआत की। दिमित्रोव ने तीसरे सेट में बर्ग्स की तीन बार सर्विस तोड़कर मैच 6-3, 3-6, 6-2 से अपने नाम किया। बुल्गारिया के इस खिलाड़ी के सामने तीसरे दौर में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपिरिन की चुनौती होगी।

अन्य मैचों में फ्रांसिस टियाफो ने चीन के झोउ यी को 6-2, 6-4 से हराया, जबकि टालोन ग्रिक्सपुर ने 26वीं वरीयता प्राप्त जॉर्डन थॉम्पसन को 6-3, 6-2 से और रोमन सफीउलिन ने कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक को 6-4, 6-2 से शिकस्त दी। दूसरी ओर वुहान ओपन के शुरुआती मैच में 12वीं रैंक वाली ब्राजील की बीट्रिज हद्दाद-माइया ने अमेरिका की मैडिसन कीज को 7-6 (7), 6-2 से हराया। अमेरिकी ओपन फाइनल खेल चुकी कनाडा की लेयला फर्नांडीज ने 12वीं वरीयता प्राप्त डायना श्नाइडर को 6-7 (7), 6-3, 6-3 से हराया।


टेलर फ्रिट्ज

### विश्व जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप

# भारत ने पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में टीम स्वर्ण जीता



**एजेंसी, नई दिल्ली**

दीपक दलाल (545), कमलजीत (543) और राज चंद्रा (528) की भारतीय टीम ने पेरू की राजधानी लीमा में विश्व जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप के अंतिम दिन पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

भारतीय टीम ने अजरबैजान को एक अंक से हराकर कुल 1616 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। आर्मेनिया की टीम तीसरे स्थान पर रही। भारत ने इस तरह से 13 स्वर्ण, तीन रजत और आठ कांस्य पदक सहित कुल 24 पदकों के साथ चैंपियनशिप में शीर्ष स्थान हासिल किया।

इटली पांच स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदकों के साथ दूसरे जबकि नॉर्वे चार स्वर्ण सहित कुल 10 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। भारत के मुकेश नेलवल्ली ने 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता, जो प्रतियोगिता में उनका छठा पदक है। उन्होंने 548 अंक बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया।

अजरबैजान के इमरान गारायेव ने 552 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की 50 मीटर पिस्टल में परिशा गुप्ता ने 540 के स्कोर के साथ व्यक्तिगत रजत पदक जीता। हंगरी की मिरियम जाको ने 546 अंक बनाए जो जूनियर विश्व रिकॉर्ड है।

भारत की सेजल कांबले (529), केतन (525) और कनिष्का डागर (513) ने इस स्पर्धा में टीम वर्ग का कांस्य पदक जीता। अजरबैजान की टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया। इस स्पर्धा में भाग ले रही 5वीं भारतीय दिव्यांशी 523 अंक के साथ 8वें स्थान पर रहीं।

### दिग्गज जिम्नास्ट दीपा कर्माकर ने संन्यास की घोषणा की



**नई दिल्ली।** भारत की दिग्गज जिम्नास्ट दीपा कर्माकर ने सोमवार को खेल से संन्यास लेने की घोषणा की। दीपा 2016 रियो ओलंपिक में मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूक गईं थी।

ओलंपिक में शिरकत करने वाली भारत की पहली महिला जिम्नास्ट बनी 31 साल की दीपा रियो ओलंपिक की वॉल्ट स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं थी और सिर्फ 0.15 अंक से कांस्य पदक जीतने से चूक गईं थी।

दीपा ने बयान में कहा, ''बहुत सोच-विचार और चिंतन के बाद मैंने प्रतिस्पर्धी जिम्नास्टिक से संन्यास लेने का फैसला किया है। यह आसान फैसला नहीं है लेकिन मुझे लगता है कि यह सही समय है।'' उन्होंने कहा, ''जब से मुझे याद है तब से जिम्नास्टिक मेरे जीवन का केंद्र रहा है और मैं उतार-चढ़ाव और बीच के हर लम्हे के लिए आभारी हूं।''

**ला लीगा** स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में अलावेस को 3-0 से हराया

# लेवांडोव्स्की की हैट्रिक से बार्सिलोना शीर्ष पर

**एजेंसी, मैड्रिड**



मैच जीतने के बाद खुशी मनाते खिलाड़ी।

रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मैच में 25 मिनट के अंतराल में हैट्रिक बनाई, जिससे बार्सिलोना अलावेस को 3-0 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लीगा में अंतरराष्ट्रीय ब्रेक से पहले शीर्ष पर पहुंच गया। लेवांडोव्स्की ने 7वें, 22वें और 32वें मिनट में गोल करके लीग में 9 मैचों में अपने गोल की संख्या 10 पर पहुंचा दी। वह अभी तक वर्तमान सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में 11 मैच में 12 गोल कर चुके हैं।

उन्होंने अपने पिछले पांच मैचों में आठ गोल किए हैं। पोलैंड के स्ट्राइकर ने मंगलवार को चैंपियंस लीग में बार्सिलोना की यंग बॉयज पर 5-0 से जीत में भी दो गोल किए थे। इस जीत से बार्सिलोना दूसरे स्थान पर काबिज रियाल मैड्रिड से तीन अंक आगे हो गया है। रियाल मैड्रिड शनिवार को चौथे स्थान पर मौजूद विलारियाल को 2-0 से पराजित करके बार्सिलोना की बराबरी पर पहुंच गया था। इस बीच एटलेटिको मैड्रिड रियाल सोसिदाद से 1-1 से ड्रा खेलकर तीसरे स्थान पर पहुंच गया। डोडी ल्यूकबाकियो ने 50वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर सेविला को रियाल बेटिस पर 1-0 से जीत दिलाई जबकि गिरोना ने एथलेटिक बिलबाओ को 2-1 से हराया।

### गुलवीर सिंह एशियाई क्रॉस कंट्री के लिए टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह को 20 अक्तूबर को हांगकांग में होने वाली एशियाई क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के लिए आठ सदस्यीय भारतीय सीनियर टीम में शामिल किया गया।

सेना के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता था। एशियाई क्रॉस कंट्री में भाग लेने वाली राष्ट्रीय टीम को नवंबर में पाकिस्तान में दक्षिण एशियाई क्रॉस कंट्री में खेलने का भी मौका मिलेगा।

#### आठ सदस्यीय टीम

**सीनियर पुरुष।** गुलवीर सिंह, कार्तिक कुमार, अभिषेक पाल, अरुण राठौड़।

**सीनियर महिला।** अंकिता, सीमा, संजीवनी जाधव, सोनिका।

**जूनियर पुरुष।** अमरदीप पाल, कृपाशंकर यादव, विनोद सिंह, गौरव भास्कर भोसले।

**जूनियर महिला।** एकता डे, सुनीता देवी, शिल्पा धियोरा, प्राची अंकुश देवकर।

# टेनिस : कोको गॉफ ने चीन ओपन का खिताब जीता


कोको गॉफ

**बीजिंग।** कोको गॉफ ने चीन ओपन के फाइनल में कैरोलिना मुचोवा को 6-1, 6-3 से हराकर इस सत्र में अपना दूसरा खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज अमेरिका की यह खिलाड़ी पिछले 14 साल में इस खिताब को जीतने वाली सबसे कम उम्र की है। 20 साल की गॉफ के करियर का यह 8वां खिताब है।

पुरुषों में शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी यानिक सिनर ने शंघाई मास्टर्स के तीसरे दौर में टॉमस मार्टिन एटचेवेरी के खिलाफ 6-7 (3), 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। अपने करियर का 250वें मैच को सीधे सेटों में जीतने के बाद 23 साल के इटली के इस खिलाड़ी को 37वें रैंक वाले अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने शुरुआती सेट में कड़ी टक्कर दी। सिनर का अगला मुकाबला 16वीं रैंकिंग के खिलाड़ी बेन शेल्टन या स्पेन के रॉबर्टो कारबालेस बेना से होगा।

पांचवीं रैंकिंग वाले डेनियल मेदवेदेव ने भी माटेओ अर्नाल्डी के खिलाफ 5-7, 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। चीन ओपन के विजेता और दूसरी रैंकिंग के खिलाड़ी कार्लोस अलकराज ने चीन खिलाड़ी वू यिबिंग को 7-6 (5), 6-3 से हराया।